# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 13 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 306, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 595 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा और सेंसेक्स 595.19 अंक की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। } 14

## जनजातीय समुदाय के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि मंत्रालय आदिवासियों द्वारा विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने की योजना पर काम कर रहा है। } 16



## घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के निकट हुए विस्फोट में घायल लोगों से बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की और कहा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री लगभग 25 मिनट तक अस्पताल में रहे।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में बम विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने एलएनजेपी अस्पताल गया। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। अस्पताल में तथा इसके आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान से वापस आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए सीधे एलएनजेपी अस्पताल गये। उन्होंने बताया कि मोदी ने घायलों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने बताया कि अस्पताल के अधिकारियों और चिकित्सकों ने उन्हें घायलों के बारे में जानकारी दी।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को अस्पताल पहुंचे थे और पीड़ितों से मिले थे। पुलिस द्वारा जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने और तीन चिकित्सकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार करने के कुछ ही ...शेष पृष्ठ 14 पर



## भारतीय हॉकी टीम ने बढ़ाया देश का गौरव : सीएम योगी

### सीएम योगी ने लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 ट्रॉफी का किया स्वागत

खेल संवाददाता

लखनऊ। तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी भारत भ्रमण के अपने एक पड़ाव में बुधवार को यहां पहुंची जिसका राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया।

योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है। जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा लेंगी। एक बयान के मुताबिक योगी आदित्यनाथ ने कहा, उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना राज्य के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। हॉकी में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद ने उत्तर प्रदेश की धरती में जन्म लिया था। उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की थी। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेलविश्वविद्यालय का निर्माण कर रही है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ हो चुका है। योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के यशस्वी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी स्मृति को जीवंत रखने के लिए बाराबंकी में उनके निवास को एक संग्रहालय के रूप में तैयार किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद शाहिद, अशोक कुमार, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आरपी सिंह, सुजीत कुमार, अब्दुल अजीज, ...शेष पृष्ठ 14 पर




## संक्षेप

### मुंबई-वाराणसी उड़ान में बम की सूचना, सुरक्षित उतारा

वाराणसी/मुंबई। मुंबई से 170 से अधिक यात्रियों को वाराणसी लेकर जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान में बुधवार को बम होने की सूचना मिली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एयरलाइन ने कहा कि विमान वाराणसी हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए। विमान सुरक्षित उतर गया और सभी यात्रियों को उतार लिया गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा, सभी अनिवार्य सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को परिचालन की अनुमति दे दी जाएगी। एयरलाइन ने विमान में सवार यात्रियों की संख्या और विमान के विवरण का खुलासा नहीं किया। सूत्रों ने बताया कि विमान में 170 से ज्यादा यात्री सवार थे।

### अब नाइट शिफ्ट में काम कर सकेंगी महिलाएं

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब महिलाएं अपनी सहमति से नाइट शिफ्ट में काम कर सकती हैं और उन्हें सुरक्षा, अच्छा वेतन और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इस नए आदेश के तहत महिलाएं शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक काम करने में सक्षम होंगी, लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी सहमति देनी होगी। नए आदेश के अनुसार, महिला कर्मचारियों को दोगुनी मजदूरी, सीसीटीवी निगरानी, परिवहन सुविधा और सुरक्षा गार्डों की गारंटी मिलेगी। इसके अलावा, महिला कर्मचारी बिना किसी रुकावट के लगातार 6 घंटे काम कर सकेंगी। इसके साथ ही, ओवरटाइम की सीमा को 75 घंटे से बढ़ाकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दिल्ली विस्फोट को सरकार ने माना आतंकी हमला

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लाल किले के पास हुए धमाके को आतंकी घटना करार दिया गया। कैबिनेट ने इस

- सरकार ने निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी दी, 25,060 करोड़ रुपये होगा व्यय
- महत्वपूर्ण खनिजों पर रॉयल्टी को युक्तिसंगत बनाने को मंजूरी

पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और दो मिनट का मौन रखा। बैठक में सरकार ने कहा कि यह कृत्य देश की शांति और एकता पर हमला है। कैबिनेट ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया कि दोषियों, उनके सहयोगियों और प्रायोजकों की पहचान कर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। सरकार ने आतंकवाद पर अपनी जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई। वहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर




### आरोपियों से जुड़ी लाल कार फरीदाबाद में जब्त

चंडीगढ़। दिल्ली के लाल किला विस्फोट मामले से जुड़ी एक संदिग्ध लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का पता लगा लिया गया है और इसे फरीदाबाद जिले के खंदावली में जब्त कर लिया गया है। यह जानकारी पुलिस ने दी। फरीदाबाद पुलिस के एक प्रवक्ता से जब पूछा गया कि क्या इकोस्पोर्ट कार का पता लगा लिया गया है, तो उन्होंने फोन पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हां, यह (कार) खंदावली गांव में मिली है। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय ...शेष पृष्ठ 14 पर



## विस्फोट के बाद जांच के घेरे में अल-फलाह विश्वविद्यालय

फरीदाबाद। सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल और दिल्ली के लाल किले के पास हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट के सिलसिले में तीन चिकित्सकों की गिरफ्तारी के बाद हरियाणा में फरीदाबाद जिले के मुस्लिम बहुल धौज गांव में अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसका 76 एकड़ में फैला परिसर जांच के घेरे में आ गया है। अल फलाह विश्वविद्यालय की शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी और एमबीबीएस की कक्षाएं 2019 में शुरू हुईं। इसकी आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, 76 एकड़ में फैले इस विश्वविद्यालय की स्थापना 2014 में हरियाणा विधानसभा द्वारा हरियाणा निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2006 के तहत की गई थी। पढ़े-लिखे लोगों के पाकिस्तान समर्थित सरपरस्तों के इशारे पर काम करते हुए पाए जाने के बाद जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि यह विश्वविद्यालय ऐसे व्यक्तियों के लिए आश्रय स्थल कैसे बन गया। वर्ष 1995 में स्थापित अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित इस विश्वविद्यालय की शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 2013 में अल-फलाह इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आतंकवादी मॉड्यूल मामले में हरियाणा का मौलवी गिरफ्तार

श्रीनगर। फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय के पास अपने किराये के मकान में कथित तौर पर विस्फोटक रखने में मदद करने वाले हरियाणा के एक मौलवी को हिरासत में लेकर बुधवार सुबह श्रीनगर लाया गया। जम्मू कश्मीर पुलिस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मौलवी इश्तियाक मेवात का है और अल फलाह विश्वविद्यालय के परिसर में धार्मिक प्रवचन देता था। यह विश्वविद्यालय सफेद पोश आतंकी मॉड्यूल को लेकर खबरों में है जिसके तार सोमवार को लाल किले के पास हुए विस्फोट से जुड़े हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उसके घर से ही 2,500 किलोग्राम से अधिक अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर बरामद किया था। मौलवी इश्तियाक के आवास पर विस्फोटक सामग्री डॉ. मुजम्मिल गनई उर्फ मुसैब और डॉ. उमर नबी ने रखी थी। डॉ. नबी ही उस कार को चला रहा था, जिसमें सोमवार शाम लाल किले के बाहर विस्फोट हो गया था। इसमें 12 लोग मारे गए हैं। इश्तियाक को जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जम्मू-कश्मीर में 300 से अधिक ठिकानों पर छापा

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी और घाटी में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से संबद्ध लोगों से जुड़े 300 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर ये छापेमारी की गई, जिनसे संकेत मिलता है कि जेईआई से जुड़े तत्व विभिन्न मोर्चों पर अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शोपियां, कुलगाम, पुलवामा, बारामूला और गांदरबल जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे गये। उन्होंने बताया कि जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों के आवासों और परिसरों पर भी छापेमारी की गई। बड़े पैमाने पर चलाये गये अभियान का विवरण देते हुए अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में 200 से अधिक स्थानों पर छापे मारे गए। उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू), पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय जम्मू-कश्मीर नेशनल्स ऑपरेटिंग (जेकेएनओपी), सक्रिय, मारे गए आतंकवादियों के ठिकानों पर 400 से अधिक घेरेबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) चलाए गए हैं। कश्मीर के संदर्भ में ...शेष पृष्ठ 14 पर



## 150 लोगों का धर्मांतरण कराने वाले दो गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिले में भारत-नेपाल के सीमावर्ती भयापुरवा गांव में पुलिस ने हिन्दू धर्म के महाउत समुदाय के करीब 150 लोगों को कथित तौर पर प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में शामिल कराए जाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चारों नामजद अभियुक्त एक ही परिवार के हैं तथा इनमें से दो सगे भाई जालंधर (पंजाब) स्थित आर.एम.एस. चर्च नामक ईसाई मिशनरी से प्रशिक्षण लेकर पिछले चार-पांच महीनों से श्रावस्ती में अवैध धर्मांतरण की मुहिम चला रहे थे।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि रविवार को जिस धर्म सभा में लोगों को बरगलाने व प्रलोभन देकर धर्मांतरण की तैयारी चल रही थी वहां पुलिस पहुंची तो कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर ही हमला बोल दिया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड : कैबिनेट में 12 प्रस्तावों पर मुहर

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कैबिनेट ने सर्वसम्मति से उत्तराखंड राज्योत्सव 2025 के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि कैबिनेट ने कुल 12 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है।

कैबिनेट द्वारा देवभूमि परिवार योजना को लागू करने को हरी झंडी दी गई। योजना के तहत उत्तराखंड के प्रत्येक परिवार को एक यूनिक डिजिटल फैमिली आईडी दी जाएगी, जिससे शासन की सभी योजनाओं का लाभ तेजी, पारदर्शिता और सटीकता के साथ हर पात्र परिवार तक पहुंच सकेगा। इस योजना के अंतर्गत हर परिवार का विस्तृत डिजिटल प्रोफाइल और फैमिली आईडी नंबर तैयार किया जाएगा। इससे सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण, योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग और सेवा वितरण को नई गति मिलेगी। कैबिनेट ने प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर रोजगार दिलाने के उद्देश्य से बड़ा निर्णय लिया है। अब उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड (यूपीएनएल) के माध्यम से विदेशों में भी नौकरी के अवसर उपलब्ध ...शेष पृष्ठ 14 पर





### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 13.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- लोकल टू ग्लोबल की मिसाल बनेगा ध्वजारोहण (पृष्ठ-02)
- 2.43 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीद (पृष्ठ-02)
- 2,000 बढ़कर 1,27,900 प्रति 10 ग्राम हुआ सोना (पृष्ठ-14)
- चीनी मिलों के लिए महाराष्ट्र की प्रोत्साहन योजना (पृष्ठ-14)
- खुदरा मुद्रास्फीति कई साल के निचले स्तर पर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — स्मार्ट गवर्नेंस की दिशा में आईसीसीसी और एआई बने नगरीय प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण

# एआई तकनीक से सशक्त हो रहे यूपी के किसान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भविष्य आधारित तकनीक को आत्मसात कर एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। यूपी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से शासन तंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है। प्रदेश के छोटे किसानों के उन्नति का भी एआई के माध्यम से नया अध्याय लिखा जा रहा है।

यह उपलब्धि योगी सरकार की उस दूरदर्शी नीति का परिणाम है जिसके अंतर्गत परंपरागत क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक को एकीकृत कर ग्रामीण समाज को सशक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। नवाचार और सहयोग की भावना को प्रोत्साहन देते हुए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर उत्तर प्रदेश भारत के पहले एआई आधारित शासन प्रणाली को आत्मसात करने का केंद्र बन रहा है, जिसे विश्व बैंक गूगल साझेदारी के अंतर्गत आरंभ किया गया। इस ऐतिहासिक पहल ने यह सिद्ध कर दिया कि कैसे एआई अभूतपूर्व स्तर पर सार्वजनिक सेवा प्रदायगी में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एआई आज उत्तर प्रदेश में शासन और सेवा प्रदायगी के प्रत्येक क्षेत्र को नया स्वरूप प्रदान कर रहा है। चाहें वह नगरीय प्रबंधन हो, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि या सांस्कृतिक आयोजन, प्रदेश के प्रमुख नगरों में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, स्मार्ट गवर्नेंस की रीढ़ बन चुके हैं। ये केंद्र एआई-संचालित विश्लेषण के माध्यम से यातायात प्रबंधन, सुरक्षा निगरानी और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इस तकनीकी एकीकरण से नगरीय जीवन अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और नागरिक-अनुकूल बन गया है। उत्तर प्रदेश ही वह राज्य है जहां भारत का पहला एआई-अग्मेंटेड बहुविषयक विश्वविद्यालय उन्नाव में स्थापित किया जा रहा है। यह संस्थान विद्यार्थियों को एआई, रोबोटिक्स, डेटा साइंस तथा साइबर सुरक्षा जैसी ...शेष पृष्ठ 14 पर



## गैर-आवासीय भवनों की अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र की वैधता हुई पांच साल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सरकार ने उद्यमियों को राहत देने के लिए उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा नियमावली, 2024 को पहले से ज्यादा सरल बना दिया है। वर्तमान समय में अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र विभिन्न प्रकार के भवनों के उपयोग के वर्गीकरण के आधार पर दिया जाता है। नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) के अनुसार भवनों को निम्न प्रकार में वर्गीकृत किया गया है- यह हैं रेजिडेंशियल टाइप ऑक्यूपेन्सी, एजुकेशनल टाइप ऑक्यूपेन्सी, इन्स्टीट्यूशनल टाइप ऑक्यूपेन्सी, असेम्बली टाइप ऑक्यूपेन्सी, बिजनेस टाइप ऑक्यूपेन्सी, मर्केन्टाइल टाइप ऑक्यूपेन्सी, इंस्ट्रियल टाइप ऑक्यूपेन्सी, स्टोरेज टाइप ऑक्यूपेन्सी और हैजार्डस टाइप ऑक्यूपेन्सी।

- संवेदनशील हॉस्पिटल व हाई हैजार्ड इण्डस्ट्रियल भवनों पर पहले वाले नियम लागू

मौजूदा नियमों के अनुसार उपरोक्त भवनों के लिए वर्तमान समय में अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र की अवधि आवासीय भवनों (होटल से भिन्न) के लिये 5 वर्ष और गैर-आवासीय भवनों के लिये के लिये 3 वर्ष है। वहीं होटलों, अस्पतालों और अत्यधिक संकट वाले औद्योगिक भवनों के लिये 1 वर्ष निर्धारित ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीबीडी यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ एजुकेशन के बीएड विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक लेखन का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रेसिडेंट विराज सागर दास, एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के सान्निध्य, आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के सफल संचालन में बीबीडी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. एस. के. श्रीवास्तव और प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस. सी. शर्मा का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को रचनात्मक लेखन के लिए अवसर प्रदान करना था। रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कनक द्विवेदी थीं। निर्णायक द्वारा मूल्यांकन के पश्चात त्रिविक्रम को प्रथम मेघना के द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बी बी डी एफ एम रेडियो पर विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के संदर्भ में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रोफेसर शिवानी भटनागर ने भी इस संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का सफल आयोजन स्कूल ऑफ एजुकेशन की विभागाध्यक्षा प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी के निर्देशन में हुआ तथा समन्वय प्रो. (डॉ.) शिवानी भटनागर (प्रोफेसर, शिक्षा संकाय) द्वारा किया गया। समापन सत्र में प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी ने सभी संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों के सहयोग, सहभागिता और रचनात्मक लेखन की सराहना की।

# लोकल टू ग्लोबल मिशन की मिसाल बनेगा अयोध्या का ध्वजारोहण समारोह

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम मंदिर के शिखर पर फहरायेंगे भगवा ध्वज, श्रीराम मंदिर निर्माण के पश्चात अविस्मणीय बनेगा ध्वजारोहण कार्यक्रम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या की अर्थव्यवस्था एक बार फिर रफ्तार पकड़ने वाली है। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम

- **अयोध्या के लोकल उत्पादों को ग्लोबल बना रहे विदेशी पर्यटक**

योगी के नेतृत्व में रामनगरी नव्यता, दिव्यता व भव्यता के साथ नई आभा बिखेर रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में न सिर्फ समूचा भारत, बल्कि विदेशी पर्यटकों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। इससे पूरे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई मिल रही है। विदेशी पर्यटक अयोध्या के लोकल उत्पादों को ग्लोबल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के पहले से ही सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में हो रहे दीपोत्सव ने साल दर साल नया कीर्तिमान स्थापित किया और देश-विदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या की तरफ आकर्षित किया। अब अयोध्या में होने वाले ध्वजारोहण में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे न केवल स्थानीय व्यापारियों के रोजगार में और वृद्धि होगी, बल्कि लघु उद्यमियों और हस्तशिल्पियों के व्यापार को भी गति मिलेगी। होटल और लॉज तेजी के साथ बुक हो रहे हैं। अयोध्या में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से रेस्टोरेंट और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की आय में भी वृद्धि होनी है। पर्यटक हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योग के तहत बनने वाली मूर्तियों, बैग, कपड़े और सामानों की बड़ी तादाद में खरीदारी करते हैं। इससे स्थानीय छोटे और मझोले व्यावसायियों को भी बड़ा बाजार मिलता है। बड़े आयोजनों के समय ट्रांसपोर्ट सेक्टर की भी कमाई में बड़ा उछाल आता है। लाखों की संख्या में तीर्थयात्रियों को भ्रमण करने के लिए ई-रिक्शा, ऑटो,



बस, कार और टूरिस्ट बसों की आवश्यकता होती है। ऐसे में टूर-ट्रैवल्स व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय में भी वृद्धि होती है। राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं तो इसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है, क्योंकि उनके अथक परिश्रम से ही यह संभव हो सका। अयोध्या का विकास सिर्फ सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना का प्रतीक ही नहीं, बल्कि विकास और समृद्धि का भी परिचायक है। राम मंदिर बनने के बाद 2024 में करीब 16.44 करोड़ तीर्थयात्रियों ने रामलला के दर्शन किए, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। जनवरी-जून 2025 में अयोध्या में रिकॉर्डतोड़ 23.82 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री आ चुके हैं। इसकी वजह से अयोध्या की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ बढ़ रही है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पर्यटकों की संख्या में 40%-50% की तेजी आई है। अयोध्या विकास और समृद्धि के लिए देश में रोल मॉडल बन चुकी है। मंदिर पर्यटन के क्षेत्र में अयोध्या ने एक रिकॉर्ड बनाया है। बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के आने से स्थानीय हस्तशिल्पकारों को भी काफी रोजगार मिल रहा है। हथकरघा उद्योग भी फल-फूल रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद स्थानीय हस्तशिल्पकारों की संख्या में 25% से अधिक वृद्धि देखी गई है। इनकी आय भी कई गुना बढ़ गई है। पहले रोजाना इनकी आमदनी 200-300 रुपये थी, अब ये 1000 से 1500 रुपये कमा रहे हैं। विशेष दिनों में तो इनकी कमाई कई गुना बढ़ जाती है। इसी तरह दीपोत्सव के दौरान स्थानीय कारोबारियों के साथ ही निम्न आय वालों (कुम्हार, फूल, नाविक आदि) को भी बड़ी आय हुई। दीपोत्सव के दौरान लाखों पर्यटक अयोध्या आए थे। 90 फीसदी होटल बुक थे। रेस्टोरेंट, प्रसाद की दुकानों, फोटो और मूर्तिकारों ने बड़ा मुनाफा कमाया। अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान 5 करोड़ से ज्यादा की आय दर्ज की गई।

अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद तीर्थयात्रा से जुड़े उ?द्योगों का वार्षिक कारोबार दिनों दिन बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में केवल आर्थिक विकास ही नहीं हुआ, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिल रही है। उत्तर प्रदेश में मंदिर और उससे जुड़ी गतिविधियों ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में करीब 1.25 लाख करोड़ का योगदान किया है। आंकड़ों के मुताबिक 2023 में अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या 5.76 करोड़ थी, जो 2024 में बढ़कर 16.44 करोड़ तक पहुंच गई।

ओडीओपी के तहत अयोध्या के हथकरघा और अन्य उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच रहे हैं। अयोध्या में पीढ़ियों से पारंपरिक रूप से गुड़ बनाने की प्रक्रिया चली आ रही है। इस जनपद की कुल कृषि योग्य भूमि के 20 % भाग पर गन्ने की खेती होती है। यह जनपद गुड़ और इससे जुड़े अन्य उत्पाद यथा गजक, लड्डू, चिक्की, गुड़ के लड्डू इत्यादि तैयार करता है। अयोध्या आने वाले पर्यटक गुड़ और उससे जुड़े उत्पाद भी खरीदकर अपने साथ ले जाते हैं। इससे गन्ना उत्पादकों और गुड़ कारोबारियों को भी लाभ हो रहा है।

# 2.43 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान खरीद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों को 'अन्नदाता किसान' का निरंतर साथ मिल रहा है। विपणन सत्र 2025-26 के अंतर्गत धान खरीद में हो रही वृद्धि इस बात को पुख्ता कर रही है। बुधवार अपराह्न साढ़े तीन बजे तक 41583 किसानों से 2.43 लाख मीट्रिक टन धान खरीद की जा चुकी है। इसके लिए प्रदेश में अब तक 4110 क्रय केंद्र भी स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं पहली सितंबर से अब तक 3,58,372 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है।

- **41 हजार से अधिक किसानों से किया गया है धान क्रय**
- **3.58 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण**
- **प्रदेश में 4110 क्रय केंद्र किए जा चुके हैं स्थापित**

खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक 2369 रुपये धान (कॉमन) तथा 2389 रुपये (ग्रेड-ए) प्रति कुंतल की दर से खीद हो रही है। बुधवार तक 41,583 किसानों से 2.43 लाख मीट्रिक टन धान खरीद की जा चुकी है। वहीं 3,58,372 किसानों ने अब तक धान बिक्री के लिए पंजीकरण भी करा लिया है। पश्चिम उत्तर प्रदेश व लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी व सीतापुर में पहली अक्टूबर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश व लखनऊ संभाग के लखनऊ, उन्नाव व रायबरेली मं पहली नवंबर से धान खरीद शुरू हुई थी। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान किया जा रहा है। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में सीधे भुगतान किया जाएगा। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी।

# सपा के पीडीए प्रहरी एसआईआर पर रखेंगे पैनी निगाहें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पार्टी ने पीडीए प्रहरी बनाया है। पीडीए प्रहरी बनाने का मकसद है। प्रदेश में हर व्यक्ति का वोट वोटर लिस्ट में आ जाय। आम जनता और सपा का एक भी वोट न कटने पाये। पार्टी ने संकल्प लिया है एसआईआर से डरना नहीं है। डटे रहना है। पार्टी के लोग जितनी जिम्मेदारी से डटे रहेंगे उतना ही आम लोगों का वोट बनावा लेंगे और वोटलिस्ट से जोड़ पायेंगे। उन्होंने आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री योगी पर निशाना साधा।

सपा प्रदेश मुख्यालय पर बुधवार को

- **सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, एसआईआर से डरना नहीं**

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जानबूझ कर साजिश और षडयंत्र कर रही है, जिससे आम जनता, पार्टियां और कार्यकर्ता कन्फ्यूज रहे। इतना कन्फ्यूज रहे कि लोग वोट बनवाने, जुड़वाने में ही व्यस्त रहे और भाजपा सरकार जिन सवालों पर असफल है जनता उन्हें न पूछ पाये। भाजपा चाहती है विपक्ष और जनता एसआईआर, बीएलओ, वोटर लिस्ट में उलझा रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि पूरी सरकार के अधिकारी भाजपा का वोट बनवाने में लगे है। भाजपाई फ्री हैं। अधिकारी जनता को परेशान करने के लिए बैठे है। वे चाहते हैं कि विपक्षी दलों के समर्थकों का वोट न बनने पाये। भाजपा की साजिशों का पदार्फाश करने के लिए, हर व्यक्ति का वोट बनवाने के लिए हमने पीडीए प्रहरी बनाया है। पीडीए प्रहरी समय-समय पर जानकारियां देंगे। सपा चुनाव आयोग से शिकायत करेगी। अधिकारियों की कमियां उजागर करेंगे। हमें उम्मीद है। चुनाव आयोग हमारी मदद करेगा। निष्पक्ष कार्रवाई करेगा। ऐसे अधिकारी को वोट बनवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं, राजनीतिक दलों का सहयोग नहीं कर रहे है, उनके खिलाफ कार्रवाई करे।

उन्होंने कहा कि सभी लोगों को एसआईआर को गंभीरता से लेना है। एक-एक वोट बनवाना है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में आने से न छूटने पाये। भाजपा भ्रष्टाचारी पार्टी है। हर स्तर पर बेईमानी करती है। भाजपा से सावधान रहना है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता एसआईआर पर नजर रखें। जनता सपा के साथ है।

2027 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होना तय है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद नरेश उत्तम पटेल, सांसद नीरज मौर्य सांसद देवेश शाक्य, पूर्व नेता विरोधी दल राम गोविन्द चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम पाल पाल सहित बड़ी संख्या में प्रमुख नेता, प्रदेश पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे।

## हाफ मैराथन के लिए टी शर्ट व कैप लांच

मुलायम सिंह यादव के नाम पर बलिया में जनसंवाद समन्वय की ओर से 25 नवम्बर को नेताजी मुलायम सिंह यादव हाफ मैराथन दौड़ 21.1 किलोमीटर का आयोजन किया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को इस आयोजन की टी शर्ट, कैप को लांच करते हुए उन्होंने बलिया के नौजवानों का अभिनंदन किया तथा इस आयोजन के संरक्षक रामगोविन्द चौधरी पूर्व नेता विरोधी दल को भी धन्यवाद दिया। आयोजकों का कहना है कि नेता जी के नाम पर आयोजित हाफ मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि समाजवादी मूल्यों सामाजिक न्याय, जनकल्याणकारी राजनीति का उत्सव है। इसमें शामिल होने वाले धावकों को 4 श्रेणी में बांटकर एक से छह स्थान पर आने वाले युवाओं को पुरस्कार राशि से भी सम्मानित किया जाएगा।

# साउंड्स ऑफ कुंभ के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रयागराज की दमदार दस्तक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ न केवल एक आध्यात्मिक महोत्सव के रूप में प्रतिष्ठित हुआ, बल्कि यह एक वैश्विक सांस्कृतिक मील का पत्थर भी बन गया। इसी असाधारण आयोजन को समर्पित एल्बम साउंड्स ऑफ कुंभ को अब 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम श्रेणी के लिए नामांकित किया गया है। गायक-संगीतकार सिद्धांत भाटिया की परिकल्पना पर आधारित इस एल्बम में 12 ट्रैक सम्मिलित हैं, जिन्हें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने मिलकर साकार किया है। यह एल्बम जनवरीझ्फरवरी में आयोजित 45 दिवसीय महाकुंभ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भाव को संजोता है, जिसमें विश्व के कोने-कोने से करोड़ों श्रद्धालु आस्था के इस अद्वितीय संगम का हिस्सा बने। प्रयागराज के घाटों पर किए गए लाइव रिकॉर्डिंग्स को प्राचीन मंत्रोच्चारण और बाइनॉरल बीट्स के साथ संयोजित करते हुए, ह्लसाउंड्स ऑफ कुंभह्व महाकुंभ के दृश्यों और ध्वनियों को एक अनूठे श्रवण अनुभव में परिवर्तित करता है। यह एल्बम भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करता है।

# निजीकरण और अडानीकरण के खिलाफ होगा आंदोलन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उत्तर प्रदेश ओबीसी सलाहकार परिषद और प्रदेश के ओबीसी की सांगठनिक बैठक विभाग के चेयरमैन मनोज यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन अनिल जयहिन्द मौजूद रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से ओबीसी समाज व्यापक हक और हिस्सेदारी

- **कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर उप्र ओबीसी सलाहकार परिषद और ओबीसी की सांगठनिक बैठक सम्पन्न**

से जुड़े 10 महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास हुआ। इसमें सरकार चोरी और वोट चोरी में शामिल भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदेश व्यापी वोट चोर-गद्दी छोड़ कार्यक्रम, आबादी के अनुपात में देश के सभी संसाधनों और संस्थाओं में हिस्सेदारी की मांग, निजीकरण और अडानीकरण के खिलाफ आंदोलन, अतिपिछड़ा समाज को जोड़ने की प्राथमिकता, पसमांदा समाज को जोड़ने की प्राथमिकता, पंचायत स्तर पर संविधान चर्चा कार्यक्रम, पेपर लीक और आरक्षण घोटला मुद्दे पर कार्यक्रम, न्यायपालिका में मौजूद अन्यायपूर्ण जातिवादी कोलेजियम सिस्टम के खिलाफ आंदोलन, उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू अन्यायपूर्ण जातिवादी एनएफएस सिस्टम के खिलाफ जागरूकता अभियान और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में सभी स्तर के संगठन में ओबीसी की आबादी के अनुपात में पद और टिकट की मांग किया जायेगा।

बैठक को सम्बोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन अनिल जयहिन्द ने कहा कि ओबीसी की विभिन्न जातियों के बीच वर्गीय चेतना का निर्माण आवश्यक है। स्पष्ट वैचारिकी ही ओबीसी समाज के लोगों को सामाजिक और आर्थिक न्याय दिलाने का रास्ता है। आज पूरे देश में संविधान पर चर्चा करने की बहुत आवश्यकता है इसलिए हम संविधान चर्चा नाम से कार्यक्रम में प्रदेश में शुरू कर रहे हैं। एडवाईजरी काउंसिल के सभी सदस्य इस कार्यक्रम को लेकर पंचायत स्तर पर सभी बहुजनों को जागरूक करेंगे। एडवाईजरी काउंसिल की बैठक में अपने सम्बोधन में सांसद राकेश राठौर ने कहा कि ओबीसी वर्ग की प्रत्येक जातियों से कांग्रेस में नेतृत्व में आगे बढ़ाने की जरूरत है। बैठक में अपने सम्बोधन में विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठन के अंदर तमाम बड़े पदों पर आसीन ओबीसी समाज के नेताओं को अपने समाज के अन्य नेताओं को मजबूत करे।

# वित्तीय क्षेत्र में बिना दावे वाली संपत्तियों के प्रति जनजागरूकता अभियान कल से

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) से संबंधित वित्तीय क्षेत्र में बिना दावे वाली संपत्तियों के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से तीन माह का राष्ट्रव्यापी अभियान (अक्टूबर-दिसंबर 2025) संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का शुभारंभ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 4 अक्टूबर को गांधीनगर, गुजरात में किया गया। इस अभियान का शीर्षक आपकी पूंजी, आपका अधिकार रखा गया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनकी बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों का दावा करने के लिए सशक्त बनाना है। राज्य में यह अभियान राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तर प्रदेश (सीएलबीसी-यूपी) के सहयोग से प्रत्येक जिले में लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर्स (एलडीएमएस) के समन्वय में संचालित किया जा रहा है। चतुर्थ चरण में शिविरों का आयोजन 14 नवम्बर को आगरा, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बुलंदशहर,



गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर एवं वाराणसी में किया जाएगा।

इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को बैंक जमा, बीमा पॉलिसियों, लाभांश, शेयर और म्यूचुअल फंड की आय जैसी बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों के बारे में जानकारी देना, उनकी पहचान करना और दावा प्रक्रिया को सरल बनाना है। इस दौरान नागरिकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अपनी संपत्तियों का पता लगाने, रिकॉर्ड अपडेट करने तथा दावा करने की प्रक्रिया का चरण-दर-चरण मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नागरिकों द्वारा अर्जित प्रत्येक वैध राशि का दावा वे स्वयं या उनके नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी कर सकें। यह अभियान लोगों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाते हुए हर घर में वित्तीय समावेशन को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अतिरिक्त, शिविरों के दौरान वित्तीय समावेशन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें बैंकों, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड संस्थानों और पेंशन निकायों के स्टॉल लगाकर नागरिकों को विभिन्न वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# पीएम मोदी को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने लिखा पत्र

**लखनऊ।** काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के हिस्से के रूप में 8 फीट की संकरी गलियों को 23 फीट तक चौड़ा करने की योजना के कारण वाराणसी स्थित दालमंडी जैसे व्यापारिक क्षेत्र में स्थानीय निवासियों के विस्थापन का खतरा हो गया है। इस योजना से हजारों दुकानदार और निवासी प्रभावित हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा मई 2025 में इस पर तोड़फोड़ पर रोक लगा दी है, आरोप है कि स्थानीय प्रशासन की द्वारा एकतरफा कार्यवाही से इलाके में तनाव का माहौल है और स्थानीय व्यापारी संगठन और नागरिक इस कार्यवाही का विरोध कर रहे हैं।

बता दें कि 25 वर्ष पुराने मामलों के आधार पर वाराणसी विकास प्राधिकरण ने यहां के दुकानदारों, निवासियों और किरायेदारों को नोटिसें थमा दी हैं। जहां एक ओर सरकार इसे शहर के चौड़ीकरण के लिए जरूरी बता रही है। वहीं, दूसरी ओर व्यापारी अपने रोजगार और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं इसलिए शहरवासियों के लिए यह मुद्दा अब विकास बनाम विस्थापन की बहस में बदल गया है। इस विस्थापन की प्रक्रिया में वाराणसी विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग इत्यादि की विभाग सम्मिलित हैं। इस प्रकरण को संज्ञान लेते हुए उसके निदान के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर समस्या के निराकरण के लिए मांग की है। अजय राय ने अपने पत्र में कहा कि जब लहुराबीर से गोदौलिया और मैदागिन से विश्वनाथ मंदिर की 14 मीटर चौड़ी सड़क प्रस्तावित है, तब केवल दालमंडी की सड़क 23 मीटर चौड़ा करना कहां तक उचित होगा।

क्या यह उचित नहीं होता कि जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले अधिग्रहण संबंधी शपथपत्र को वर्ष 2013 के भू-अधिग्रहण अधिनियम के रूप में मान्यता देते हुए उसके प्रावधानों के अन्तर्गत मुआवजे का भी भुगतान किया जाता? उन्होंने कहा कि वाराणसी आपका संसदीय क्षेत्र भी है। अतः उचित होगा कि यदि विस्थापन आवश्यक हो तब भी विस्थापितों को आज के बाजार भाव पर मुआवजा दिया जाए ताकि आर्थिक कठिनाइयों के दौर में उनको कुछ राहत मिल सके।

# मथुरा में रालोद का राष्ट्रीय अधिवेशन 16 को

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि आगामी 16 नवम्बर को मथुरा के कोसीकला में भव्य रूप से रालोद का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होगा। अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पूरे मथुरा शहर में पार्टी की होर्डिंग,

- **अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की होगी घोषणा**

बैनर इत्यादि लगाए जा रहे हैं। इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य प्रदेशों से पार्टी के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा होगी।

राष्ट्रीय लोकदल का यह कदम संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक दिशा तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। अधिवेशन में देश भर से आए पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं किसान प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। अनिल दुबे ने कहा कि रालोद के अधिवेशन की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने के लिए इसमें पहुंचना सभी का दायित्व है इस बात को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्टी संगठन के अथक प्रयासों और कार्यकर्ताओं की मेहनत से यह



अभियान एक व्यापक जनांदोलन में बदल गया।

इस अधिवेशन में पार्टी नेतृत्व द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड जैसे सभी क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने की दिशा में ठोस निर्णय लिए जाएंगे। संगठन विस्तार, बूथ सुदृढ़ीकरण, स्थानीय नेतृत्व का सशक्तिकरण तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर भी अधिवेशन में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। यह अधिवेशन पार्टी के आगामी राजनीतिक अभियान की दिशा तय करेगा। यह अधिवेशन पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसमें मंडल, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर बैठकें, प्रशिक्षण शिविर और जनता के बीच संवाद कार्यक्रम शामिल होंगे। अधिवेशन में यह भी चर्चा होगी कि किस प्रकार रालोद के संगठन को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाया जाए। रालोद का उद्देश्य है कि किसानों, नौजवानों, महिलाओं और मजदूरों की आवाज को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में किसानों के कल्याण से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। रालोद का यह अधिवेशन न केवल संगठनात्मक दृष्टि से बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी मील का पत्थर सिद्ध होगा। यह कार्यक्रम आने वाले चुनावों की दिशा और पार्टी के जनाधार को मजबूत करने की दिशा में एक नई शुरूआत साबित होगा।

संक्षेप

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पर हुआ भव्य आयोजन



श्रावस्ती। वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं तथा जनपद के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी की अगुवाई में सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रगीत के इतिहास, उसके महत्व और भावनात्मक एकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे मातरम्ब देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभाव का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इसके आदर्शों और मूल्यों को जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दें।

## समाजसेवी इन्द्रापति के निधन पर जताया गया दुःख

प्रतापगढ़। रामपुर बावली क्षेत्र के बटौली निवासी रिटायर्ड अवर अभियंता इन्द्रापति तिवारी 65 का इलाज के दौरान मंगलवार की रात लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। समाजसेवी इन्द्रापति के निधन पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर दुख जताया है। वहीं बुधवार को जानकारी मिलने पर शिक्षक वाचस्पति त्रिपाठी, शिक्षक क्षमापति तिवारी, रमापति तिवारी, राजकिशोर शुक्ल, पं0 रमाशंकर शुक्ल, डॉ0 पदमधर शुक्ल, आनंद पाण्डेय, शीतला प्रसाद द्विवेदी, डा0 चन्द्रेश सिंह, राममूर्ति शुक्ल, सुनील त्रिपाठी, मिथलेश त्रिपाठी, रज्जन शुक्ल, महन्थ द्विवेदी, सुरेन्द्र सिंह, गौरीशंकर त्रिपाठी, तिलकधारी ओझा, प्रधान दिवाकर शुक्ल, कमलेश पाण्डेय, हरिओम शुक्ल, राजेश पाण्डेय, दयाशंकर पाण्डेय, सुरेश चौरसिया, भुवनेश्वर शुक्ल, राजू सिंह, विवेक सिंह, नवीन दुबे आदि ने भी इन्द्रापति के निधन पर दुख जताया है।

## दलित युवक ने जानलेवा हमले दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर दलित युवक की पिटाई एवं उसके पास से रुपए भरा बैग छीनने को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। लीलापुर थाना के मोती का पुरवा सगरा सुंदरपुर निवासी विनोद सरोज पुत्र रामलखन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को सुबह नौ बजे वह घर से बैंक जा रहा था। रास्ते मे गांव के आधा दर्जन से अधिक आरोपियो ने उसे जबरिया रोक लिया। आरोपी जातिसूचक गालियां देने लगे तब पीड़ित ने मना किया। विपक्षियो ने पीड़ित पर कुल्हाड़ी तथा लाठी डण्डे व लोहे की राड से हमला कर दिया। शोर सुनकर उसका छोटा लड़का मौके पर पहुंचा तब विपक्षियो ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि विपक्षियों ने उसका पैसों से भरा बैग भी छीन लिया। पीड़ित के मुताबिक बैंक के लिए धनराशि के बैग में तीन लाख रुपए मौजूद था। घायल विनोद को परिजन लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# खाद की किल्लत से किसान परेशान

## दोगुने दाम देकर खरीद रहे खाद



जिला संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी विकासखंड अंतर्गत चेतिया में इस समय यूरिया और डाई खाद की बहुत बड़ी किल्लत है। अधिकतर किसान यूरिया दर-दर भटक रहे हैं। यूरिया खाद के लिए लोग सहकारी समिति केंद्र पर सुबह से लाइन लगते हैं लेकिन खाद कुछ लोगों को ही मिल पाता है। बाकी किसान खाली हाथ लौट आते हैं इन दिनों गेहूं के बुवाई को लेकर के क्षेत्रीय किसान खाद के लिए दर-दर दुकान दुकान दौड़ रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल पा रहा है कुछ लोगों ने बताया कि चेतिया में कुछ दुकानदार यूरिया खाद अपने गोदाम में रखे हैं और उसे अधिक दामों पर बेचा जा रहा है क्षेत्र के विश्वनाथ सिंह, हरिराम, विक्रम, रामू, राजेश, जफर, सनी, राहुल, चंदन, विलास आदि लोगों ने बताया कि चेतिया में कई दुकानों पर खाद है लेकिन खाद को अधिक दामों में बेचने के लिए रोका गया है जिससे किसान परेशान है कई किसान तो यूरिया खाद के लिए दोगुना दाम देकर खरीद रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल ने बताया कि चेतिया में इस तरह की जानकारी हमें नहीं है इस तरह के कार्य करने वाले दुकानदारों को जो यूरिया को अधिक दामों में बेच रहे हैं उनके खिलाफ एफआईआर करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी अगर कोई भी दुकानदार यूरिया और डाई को छुपा करके अधिक दामों में बेच रहा है तो उन्हें बक्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा हेल्प नम्बरों की दी जानकारी



**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा बाल शिक्षा सदन कन्या इण्टर कॉलेज में छात्र/छात्राओं को साइबर सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। पुलिस अधीक्षक डाक्टर अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियानर के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में 12 नवम्बर, प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बाल शिक्षा सदन कन्या इण्टर कॉलेज, सिद्धार्थ तिराहा नौगढ, आदि जगहों पर जाकर पम्पलेट वितरित किया गया व पार्कों में जाकर मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियों किया गया। उनकी समस्याओं को सुना गया, उचित परामर्श के साथ काउन्सलिंग किया गया। बहू बेटी सम्मेलन लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई।

## ट्रेकिंग से बढ़ता स्वास्थ्य, नेतृत्व और अनुशासन



श्रावस्ती। बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक घोघवा कला, सिरसिया में आयोजित ऑल इंडिया ट्रेकिंग कैम्प द्वितीय के पाँचवें दिन बुधवार को गोरखपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर परिमल भारती ने निरीक्षण के दौरान कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ट्रेकिंग न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करती है, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग, समन्वय और टीम वर्क जैसे गुणों का भी विकास करती है। ब्रिगेडियर भारती ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का हिस्सा बनना गौरव का विषय है। यह कैम्प युवाओं में सहनशक्ति, आत्मविश्वास, निपुणता, संयम और दृढ़ संकल्प जैसी विशेषताएं विकसित करता है। उन्होंने कैडेटों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति सजग रहने की सलाह दी। 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने कहा कि ट्रेकिंग के माध्यम से हृदय-संवहनी क्षमता में वृद्धि होती है, मांसपेशियों में लचीलापन आता है और तनाव में कमी आती है। यह गतिविधि युवाओं में देशभक्ति, सेवा भाव और सकारात्मक दृष्टिकोण को भी प्रोत्साहित करती है। कैम्प में विभिन्न निदेशालयों से आए कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी, जेसीओ एवं एनसीओ भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर एडम ऑफिसर कर्नल अनुराग गंजवार, सूबेदार मेजर बिनय घोष, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार नंद सिंह, नायब सूबेदार बलबीर सिंह, नायब सूबेदार कुलदीप सिंह तथा बीएचएम रजनीश सहित कई पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को जागरूक कर रही पुलिस



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में श्रावस्ती पुलिस द्वारा जनपद भर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत जनपद के सभी थानों – कोतवाली भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न, महिला थाना एवं शक्ति मोबाइल टीमों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों तथा ग्राम पंचायतों में जाकर महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों, सहायता तंत्र एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना, उन्हें हेल्पलाइन सेवाओं व मिशन शक्ति केंद्रों से जोड़ना, साइबर अपराध एवं यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु प्रिवेंटिव अवेयरनेस विकसित करना और समाज में सुरक्षा व विश्वास का माहौल स्थापित करना है। थाना स्तर पर आयोजित चौपालों, संवाद कार्यक्रमों व विद्यालयों में जागरूकता सत्रों के दौरान मिशन शक्ति टीमों ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों व घरेलू हिंसा की रोकथाम संबंधी जानकारी दी।

# शोहरतगढ़ में उप निबंधक कार्यालय भवन का वर्चुअल शिलान्यास

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ में उप निबंधक कार्यालय भवन का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास प्रदेश सरकार के स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल द्वारा बुधवार को किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे। राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने अपने वर्चुअल संबोधन में बताया कि लगभग 2.29 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह कार्यालय शोहरतगढ़ क्षेत्र की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से पंजीयन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ेगी। मंत्री ने शासन की मंशा दोहराते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पूरे होने चाहिए, ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के अभियंता को निर्देशित किया कि भवन निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी के लिए नियमित निरीक्षण कराने पर जोर दिया। मंत्री ने विधायक विनय वर्मा से अनुरोध किया कि वे निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता पर नजर रखें। कार्यक्रम में मौजूद विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति लगातार तेज हो रही है। उन्होंने आने वाले समय में कई और परियोजनाओं के भूमिपूजन की बात कही, जिससे जनता को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण बस्ती मंडल के उप महानिरीक्षक निबंधन शशि भानु मिश्र रहे।

# एकीकृत बागवानी मिशन से बढ़ी कृषकों की समृद्धि




श्रावस्ती। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषकों को आधुनिक तकनीकों, योजनाओं और नवाचारों से अवगत कराना था, जिससे वे अपनी आय में अभूतपूर्व वृद्धि कर सकें। प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता बी.एस. चौधरी, जिला उद्यान अधिकारी श्रावस्ती ने की। उन्होंने उद्यान विभाग की सभी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की और किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ लघु उद्योग एवं प्रसंस्करण इकाइयों की दिशा में भी कदम बढ़ाएँ। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना (पीएम-एफ.एम.ई.) के तहत किसान आटा चक्की, आयल मिल, अचार, पापड़, चिप्स तथा अन्य खाद्य उत्पादों के प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर सकते हैं। इस योजना में 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपये तक का अनुदान बैंक के माध्यम से उपलब्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक सिंचाई पद्धति जैसे ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली अपनाने से किसानों को लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि का सीधा लाभ मिलता है। इन प्रणालियों पर विभाग द्वारा 80 से 90 प्रतिशत तक की अनुदानित सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे जल-संरक्षण के साथ अधिकतम उपज संभव हो पाती है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक राम भरोसे ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से सब्जी उत्पादन एवं जैविक खेती के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद व वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग से न केवल भूमि की उर्वरता बनी रहती है बल्कि फसलों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। वहीं, प्रगतिशील किसान आसिंफ अजीज सिद्दीकी ने पाली हाउस तकनीक के माध्यम से जरबेरा पुष्प की खेती से होने वाले आर्थिक लाभ के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर कम क्षेत्रफल में भी उच्च उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

## ओवरलोड ऑटो पलटा, आधा दर्जन घायल

इटावा। शहर कोतवाली क्षेत्र के टीटी तिराहा से करीब 200 मीटर की दूरी पर बुधवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। शहर से उदी की ओर जा रहा एक ऑटो क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर तेज रफ्तार में जा रहा था। धूमनपुरा पुलिया मोड़ के पास पहुंचते ही ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पिता-पुत्र समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। घायलों की पहचान चंद्रप्रकाश पुत्र नेक्से लाला जाटव निवासी नगला बीरबल बढ़पुरा, उनका पुत्र गौरव, गौरव का 5 वर्षीय पुत्र ऋषभ और 4 वर्षीय पुत्र रिभव, उदी मोड़ निवासी 70 वर्षीय रमेश सिंह भदौरिया और उनकी पत्नी शिवदेवी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो में कुल 11 लोग सवार थे। हादसे के तुरंत बाद चालक मौके से फरार हो गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं0**
**NER-LJN-2025-177 & 178**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई निविदा संख्याः–** NER-LJN–2025–177, **कार्य का नामः–** गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर और नानपारा स्टेशनों पर बोरवेल/ट्यूबवेल का प्रावधान और अन्य संबंधित कार्य।, **अनुमानित लागत (रु):–** 11118137.96, **अग्रिम धन (रु):–** 205600.00, **समापन अवधिः–** 6 माह, **ई निविदा संख्याः–** NER-LJN–2025– 178, **कार्य का नामः–** लखीमपुर और मैलानी में मौजूदा अधिकारी विश्राम गृह का सुधार और मरम्मत संबंधित कार्य।, **अनुमानित लागत (रु):–** 7856601.72, **अग्रिम धन (रु):–** 157100.00, **समापन अवधिः–** 6 माह, **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2025-177 & 178** के लिये ई–निविदा दिनांक **02.12.2025** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी।, **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
मुजाधि/डब्लू–330 **लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# देश को सशक्त बनाने में पीढ़ी को राष्ट्रीयता का बोध आवश्यक

- कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता ने मेधाशक्ति के बहुआयामी सफलताओं को बताया गौरवपूर्ण




**प्रतापगढ़।** नगर में बुधवार को कई शिक्षण संस्थानो के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय पं. रामअंजोर मिश्र का एक सौ ग्यारहवां जन्मदिन धूमधाम से भव्य समारोह के तहत मनाया गया। संस्थापक दिवस समारोह का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्वर्गीय पं. रामअंजोर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के परिसर में रंगारंग कार्यक्रम छात्रा रूचि, साक्षी, प्राची आदि द्वारा मां सरस्वती की वंदना के साथ स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत को एक ऐसा देश बनाना है जिसका मुकाबला दुनिया का कोई अन्य देश न कर सके। उन्होने कहा कि इसके लिए शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठतम मेधावियों का निर्माण आवश्यक है। उन्होने कहा कि आतंकवाद देश के समक्ष गंभीर चुनौती है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सीमा पार से देश में आतंक की इन गतिविधियों के द्वारा अक्षम्य अपराध किया जा रहा है। उन्होने कहा कि देश की सेना ने आपरेशन सिन्दूर के पराक्रम से देश की सम्प्रभुता की रक्षा का दुनिया भर में शौर्य दिखलाया है।

उन्होने दिल्ली धमाके का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा विपक्ष आतंकवाद को कुचलने के लिए सरकार के हर निर्णय के साथ है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश के सशक्त बनाने के लिए शिक्षाविद पीढ़ी को राष्ट्रीयता के प्रति बोध कराने में अपना सर्वस्व समर्पित करें। उन्होने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं दुनिया भर में भारत की विविध सफलताओं के शौर्य का परचम लहरा रही है। उन्होने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा रामपुरखास को शिक्षा का हब बनाने के लिए मेधावियों को तकनीकी ज्ञान के क्षेत्र में लगातार प्रोत्साहन की भी सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि स्व. पं. रामअंजोर मिश्र की अदभुत दूरदर्शिता से शिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए देश की साक्षरता में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होनें कहा कि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा रामपुर खास में शैक्षिक परिवेश को मजबूती देने की बेमिसाल संकल्पना से लालगंज क्षेत्र को शिक्षा का हब बनने का गौरव मिल सका है। उन्होनें कहा कि यहां का मजबूत शैक्षिक वातावरण आज आईटी सेक्टर के साथ ज्ञान विज्ञान तथा लोक प्रशासन व चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मेधावियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से देश दुनिया में रोज नए नए कीर्तिमान बना रहा है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ भारत निर्माण में मेधाशक्ति को पूर्ण रूप से समर्थवान बनाने में शिक्षाविदों को देश की पुरातन गुरूकुल परम्परा को भी सर्वस्व समर्पण प्रदान करना होगा। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने संस्थापक दिवस पर मेधावियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के कक्षा ग्यारह के छात्र साहिल वर्मा तथा इण्टरमीडिएट के मेधावी फुजैफा अंसारी को सरयू समाज कल्याण संस्थान के द्वारा लैपटाप प्रदान किया। विधायक के हाथों सौगात पाकर समारोह में मौजूद छात्र छात्राओं की तालियां गूंज उठी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुगुणा पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. रिचा सुकुमार व संचालन शिक्षक जमुना प्रसाद मिश्र ने किया।

## लगन से लौटते समय हादसा, युवक की मौत

इटावा। खुशियों का माहौल कुछ ही घंटों में मातम में बदल गया। लगन कार्यक्रम से लौट रहे दो युवकों की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक हादसा मंगलवार की रात भरेह थाना क्षेत्र के गढ़ा हरौली गांव के पास हुआ। मृतक की पहचान गुल्लन सिंह (32) पुत्र बन्नाम सिंह दोहरे निवासी रजपुरा थाना अजीतमल, जनपद औरैया के रूप में हुई है। वह अपने रिश्तेदार सुखवीर पुत्र लज्जाराम निवासी नगला भजू बिजौली के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। दोनों पड़ोसी गोबिंद सिंह दोहरे की बेटी की लगन में शामिल होकर राजपुर चकरनगर से वापस लौट रहे थे। रात करीब 9 बजे गढ़ा हरौली के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने गुल्लन सिंह को मृत घोषित कर दिया।

# यूनिटी मार्च में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी



प्रतापगढ़। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती को लेकर बुधवार को लालगंज में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अगुवाई में भव्य यूनिटी मार्च निकाला गया। वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा के संयोजन में सरस्वती डिग्री कालेज से अवधेश विद्या निकेतन तक निकाले गए यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रगान के बाद यूनिटी मार्च को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाई। यूनिटी मार्च में तिरंगा झंडा लेकर प्रदेश अध्यक्ष खुद भी कार्यकताओं के साथ निकले। मार्च के दौरान सरदार पटेल अमर रहें, भारत माता की जय और एक भारत, श्रेष्ठ भारत जैसे नारे गूंजते रहे। मार्च के समापन पर सरस्वती डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने अखंड भारत के स्वप्न को साकार किया। आज जब देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, तब हमें सरदार पटेल की एकता की भावना को आत्मसात करने की आवश्यकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार देश की एकता व अखण्डता और विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने छात्रों को सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करने और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रोफेसर शिवाकांत ओझा ने भी सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का सभी को संकल्प दिलाया। पूर्व ब्लाक प्रमुख इं. पूर्णांशु ओझा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# डीएम ने किया बालिकाओं से संवाद

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय



की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में महिला ग्राम प्रधानों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पंचायत सहायकों, विभिन्न संस्थाओं की महिलाएं एवं विद्यालयों की छात्राएं सम्मिलित हुईं। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी असामाजिक या अराजक तत्व द्वारा अनुचित हरकत की जाए तो उसे किसी भी हाल में नजरअंदाज न करें। छात्राओं को निर्देशित किया कि किसी भी अनहोनी की स्थिति में 1090 या 112 पर तत्काल संपर्क करें अथवा निकटतम थाने से सहायता लें। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से उनके दैनिक कार्यों की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। संवाद के दौरान नीतू सिंह, रूबी सिंह, जूही बेगम, वंदना रावत, रीता देवी और श्रुति शुक्ला ने अपनी-अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं के जन्म से लेकर शिक्षा एवं विवाह तक की आवश्यकताओं का वहन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कर रही है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य समाज में महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान से जुड़ी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला और बालिका तक पहुँचाया जाए। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज सहित विभिन्न संस्थाओं की महिलाएं, छात्राएं, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान एवं प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
**अनपरा, सोनभद्र**

**निविदा सं० एवं कार्य का विवरण**

1. **ई–निविदा सं0: 176/क्र0ख0–1/अताप/2025–26,** 2x500 मे0वा0 अनपरा 'ब' तापीय परियोजना के Milling level measurement system के लिये spares की आपूर्ति। प्रपत्र शुल्क– रू0 1180.00, धरोहर राशि– रू0 11000.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 15.11.2025 (16:00 बजे तक)।
2. **ई–निविदा सं0: 02/जा0अनु0खं0–पंचम/अताप/2025–26,** अतिथि गृहो के रख–रखाव एवं कैटरिंग का कार्य। प्रपत्र शुल्क– रू0 2360.00, धरोहर राशि– रू0 90,500.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 27.11.2025 (16:00 बजे तक)।
3. **ई–निविदा सं0: 04/जा0अनु0ख0–पंचम/अताप/2025–26,** अनपरा तापीय परियोजना के कालोनी परिक्षेत्र की साफ–सफाई एवं कूड़ा निस्तारण से सम्बन्धित कार्य। प्रपत्र शुल्क– रू0 1180.00, धरोहर राशि– रू0 63000.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 27.11.2025 (16:00 बजे तक)।
4. **ई–निविदा सं0: ANP/A/BMD-1/6000008726,** 3x210 मे0वा0, अ'ताप अनपरा की तीनों इकाईयों के ब्वायलर क्षेत्र आदि की सफाई, गारबेज, रबिश, राख, कोल डस्ट इत्यादि के निस्तारण का कार्य। प्रपत्र शुल्क– रू0 5900.00, धरोहर राशि– रू0 60,000.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 27.11.2025 (14:00 बजे तक)।
5. **लघु अवधि ई–निविदा सं0: N-ANP/A/AHD/6000009976,** 3x210 मे0वा0 अनपरा 'अ' तापीय परियोजना के तीन इकाईयों में राख/क्लिंकर प्रभावित क्षेत्र/उपकरणों की सफाई एवं बाईपास रेत/सिलिका/बाहरी सामग्री आदि को बाहर निकालना और उनका निपटान करने का कार्य। प्रपत्र शुल्क– रू0 1180.00, धरोहर राशि– रू0 7,500.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 25.11.2025 (16:00 बजे तक)।
6. **ई–निविदा सं0: 07/जा0अनु0ख0–1/अताप/2025–26,** अताप में पूरे दो वर्ष हेतु 'अ','ब''द' ताप विद्युत गृह के समस्त भवनों एवं के0औ0सु0 बल कालोनी स्थित भवनों की रंगाई पेन्टिंग का कार्य। प्रपत्र शुल्क– रू0 2,360.00, धरोहर राशि– रू0 1,01,000.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 01.12.2025 (17:00 बजे तक)।
7. **अल्पकालीन ई–निविदा सं0: 01/वि0अनु0ख0–प्रथम/अताप/2025–26,** 3x210 मे0वा0 अनपरा 'अ' तापीय परियोजना के वेंटिलशन सिस्टम का नियमित और ब्रेकडाउन रखरखाव। प्रपत्र शुल्क– रू0 1180.00, धरोहर राशि– रू0 8,000.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 14.11.2025 (18:00 बजे तक)।

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से **www.etender.up.nic.in** देखें।

पत्रांकः 3170/मु0अभि0(स्तर–1)/अ0ताप/कला अनु0 दिनांक : 12/11/2025

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

संक्षेप

## एडीओ पंचायत ने की शिकायत की जांच

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के मझगावां में स्थित करवल देवी मंदिर परिसर में बने सामुदायिक शौचालय निर्माण में अनिमितता की शिकायत पर बुधवार को एडीओ पंचायत सुनील यादव मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। मझगावां निवासी विनय सिंह ने खंड विकास अधिकारी गगहा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि मंदिर परिसर में शौचालय निर्माण के नाम पर अनिमितता बरती गयी है। शौचालय के निर्माण के मद में एक लाख तीस हजार का भुगतान कराया गया है। जबकि शौचालय के निर्माण में शौचालय की दीवार निर्माण में मंदिर में रखे पुराने ईंटों का प्रयोग किया गया है, और शौचालय की छत पर टीनशेड डालकर छोड़ा गया है। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच करने और आवश्यक कार्यवाई करने की मांग की थी।

## युवक की मौत

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गगहा -गजपुर मार्ग पर बुधवार की शाम गम्भीर पुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वाइक सवार युवक की मौत हो गयी मृतक की पहचान गजपुर निवासी 20 वर्षीय आकाश वर्मा पुत्र रमाशंकर के रूप मे हुई। मृतक आकाश वाइक से गगहा बाजार से अपने घर जा रहा था कि गम्भीर पुर के पास अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई वाइक सवार हेलमेट नहीं पहना था। दुर्घटना की खबर मिलते ही गगहा पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## महिलाओं की हक की बात 14 को

इटावा। जिला प्रोबेशन अधिकारी, विनय कुमार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि जनपद में ऐसी महिलाएं जो घरेलू हिंसा दहेज उत्पीड़न, यौन हिंसा से पीड़ित महिलाएं, बालिकाएं मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में महिलाएं करेगी हक की बात जिलाधिकारी के साथ 14 नवम्बर को दोपहर 12 बजे प्रेरणा सभागार विकास भवन में प्रस्तावित है जिसमें प्रतिभागियों द्वारा जिलाधिकारी के साथ लैगिंक हिंसा, असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैगिक उत्पीडन व दहेज हिंसा आदि की पीडित महिलाओं के संरक्षण, व सहायता हेतु न्यूनतम 2 घंटे के पारस्परित संवाद कार्यकम का आयोजन किया जायेगा।

## चालक - परिचालक घायल

बकेवर, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार की दोपहर आगे चल रहे ट्रक में ट्राला पीछे से कुडरिया रजबाह के पास जा जिससे चालक परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे और दोनो घायलो को एम्बुलेंस से इलाज के लिये जिला अस्पताल भिजवा दिया। इटावा की ओर से चावल लादकर औरैया की ओर जा रहे ट्रक में पीछे से आ रहे ट्राला चालक असंतुलित होकर पीछे से बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे कुडरिया रजबाह के पास जा घुसा।


## सूचना

मेरा कक्षा 10 के मार्कशीट में पिता का नाम HARISH CHANDRA MISHRA अंकित है, जबकि कक्षा 12 के मार्कशीट व माइग्रेशन में HARISHCHANDRA MISHRA अंकित है। अर्थात 10 के मार्कशीट में HARISH व CHANDRA के बीच में SPACE (खाली स्थान) है। कक्षा 10 के मार्कशीट की तरह कक्षा 12 के मार्कशीट और माइग्रेशन प्रमाण पत्र में पिता का नाम HARISH CHANDRA MISHRA अंकित किया जाना जरूरी है। नाम-प्रियेश मिश्र पिता-हरिश चन्द्र मिश्र ग्राम-बेलदार, पोस्ट-शिवपुर, तहसील-बांसगांव, जिला-गोरखपुर


# सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर ही मजबूत होगा राष्ट्र

## लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर गोला में निकाली गयी भव्य तिरंगा एकता पद यात्रा

जिला संवाददाता

गोला, गोरखपुर। लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को विधान सभा चिल्लूपार के गोला में भाजपा के तत्वावधान में एक भारत श्रेष्ठ भारत तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोला से निकली एकता पदयात्रा की अगुवाई चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने झंडा दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में शामिल जनसमूह का रेला हाथों में तिरंगा लिए भारत माता के गगनभेदी जयघोष से देश भक्ति का एक अलग ज्वार उठ चला। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कहा कि देश के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया। आज उन्ही को आदर्श मानकर देश के पीएम मोदी और सूबे के सीएम योगी जी कार्य कर रहे है। जिससे भारत देश का नाम विश्व पटल पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सभी महापुरूषों को सम्मान मिला है। पीएम मोदी ने देश के हर एक



नागरिक के दिलों में महापुरूषो के प्रति सम्मान व उनके आदर्शों को व्यवहार में पिरोने का कार्य किया है। पीएम मोदी ने महापुरूषो के सपनो को साकार किया है। मोदी सरकार की शक्तिशाली नेतृत्व के कारण ही अनुच्छेद 370 हटा। विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता और अखंडता के शिल्पी हैं। उनके दूरदृष्टिपूर्ण नेतृत्व ने देश को संगठित रूप में खड़ा किया। उन्होंने कहा सरदार पटेल में लगभग 562 रियासतों को भारत देश मे विलय कराकर देश में एकता कायम किया। आज पीएम व सीएम के नेतृत्व ना परिवारवाद, ना आतंकवाद, ना गुण्डागर्दी, ना प्रीतिवाद, ना नक्सलवाद, ना जातिवाद बस केवल राष्ट्रवाद स्थापित हुआ है। आगे उन्होने कहा हम सभी को लौह पुरुष के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़कर देश को आगे बढाना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय ने कहा कि सरदार पटेल केवल लौहपुरुष ही नहीं, बल्कि किसानों के सच्चे हितैषी भी थे। उन्होंने किसानों से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

पदयात्रा का शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व विधायक राजेश त्रिपाठी ने सरदार पटेल व भारत माँ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। तदुपरांत पदयात्रा शुरू हुई। जो उपनगर गोला के अतरौरा खेल मैदान से शुरू हुई। पदयात्रा रानीपुर, बर्राह, ककरही होते हुए पटौहां पहुंची और एक निजी विद्यालय में समाप्त हुई। यात्रा मार्ग में रथ पर रखे सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारे लगाए गए।

पदयात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व का संदेश गूंजता रहा। जिससे लोगों में राष्ट्रीय एकता एवं देशप्रेम की भावना का संचार हुआ। इस पदयात्रा में एलपीएम पब्लिक स्कूल और इंटर कॉलेज के छात्रों ने भी भाग लिया। ककरही में छात्रों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. केशभान राय और रामलखन शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।विधायक ने पदयात्रा में शामिल मुख्य अतिथि समेत सभी पदाधिकारी एवं सभी कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दूबे व नित्यानंद मिश्र, पूर्व चेयरमैन गिरधारी लाल स्वर्णकार, जिपंस मायाशंकर शुक्ल, पूर्व जिपंस सरोज रंजन शुक्ल, हरिकेश राम त्रिपाठी, नीरज दूबे, अनिल भट्ट, राजकुमार हिंदुस्तानी, पंकज सोनकर, रजनीश त्रिपाठी, सूरज पांडेय समेत भारी संख्या कार्यकर्ता व जनमानस यात्रा में शामिल रही।

## दरगाह वारसी पर उर्स का हुआ शुभारंभ



इटावा। आपसी सौहार्द एवं भाईचारे की प्रतीक दरगाह अबुल हसन शाह वारसी कटरा शहाब खां में परंपरागत 101वें चार दिवसीय सालाना उर्स का ऑनरेरी सेकेट्री हसनैन वारिस हनी वारसी के नेतृत्व में सुबह फजिर की नमाज के उपरांत कुरान ख्वानी से शुभारंभ हुआ। दरगाह वारसी पर उर्स के पहले दिन बाद नमाज फजिर कुरआन ख़्वानी हुई इसके बाद इमाम बारगाह शरीफ में दगाह वारसी के ऑनरेरी सेकेट्री हसनैन वारिस उर्फ हनी वारसी ने अलम पेश किया। इसके बाद हजरत मजहर अली शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह की ओर से हनी वारसी ने चादरें पेश कीं। इसके बाद हजरत मजहर अली शाह का कुल शरीफ हुआ। बाद नमाज जोहर मीलाद शरीफ हुआ। बाद नमाज अस्र महफिले समां हुई जिसमें कव्वाल अफ्फान वारसी देवा शरीफ, राजा सरफराज रामपुर, अली वारिस मुंबई ने बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की। उन्होंने कहा जैसे कुरान में तीस पारे हैं ऐसी सूरत मेरे हुसैन की है। इसके बाद हजरत महमूद शाह वारसी का कुल हुआ। महफिले जिक्र सरकार वारिस पाक का अहोजन हुआ जिसमें मौलाना असलम मीनाई कोलकत्ता ने तकरीर की। अंत मे महफिले समां के साथ हजरत सुल्तान हमीद वारसी व हजरत माशूक अली शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह का कुल शरीफ हुआ। दगाह वारसी पर उर्स के शुभारंभ अवसर पर इटावा सहित बाहरी प्रान्तों व जनपदों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मजार शरीफ पर चादरें पेश कीं। उर्स में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा और श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैम्प लगाया गया। दगाह वारसी की ओर से मेहमानों के लिए ठहरने और भोजन की शानदार व्यवस्था की गई।

## मंडलीय बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में भटहट ने लहराया परचम



चरगांवा, गोरखपुर। मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगित जो जनपद देवरिया में आयोजित हो रही है में जनपद गोरखपुर के ब्लाक भटहट के प्राथमिक विद्यालय भीसवा की कुमारी प्रिया व संजना तथा प्राथमिक विद्यालय खिरिया की कुमारी अल्फिजा ने गोरखपुर जनपद की प्रतिनिधित्व करते हुए प्राथमिक शतरंज प्रतियोगिता बालिका संवर्ग में मंडल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद के साथ साथ ब्लाक व विद्यालय का नाम रोशन किया है। साथ ही खो खो प्राथमिक बालक संवर्ग में प्राथमिक विद्यालय टिकरिया, आबादी सखनी नवीन व कम्पोजिट विद्यालय जमुनिया के बच्चों ने मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। बच्चों व बेटियों के इस शानदार उपलब्धि पर उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ जनपद गोरखपुर के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, ब्लाक इकाई भटहट के अध्यक्ष नरेंद्रप्रताप सिंह, उपाध्यक्ष रामकिशुन गुप्ता, मंत्री जितेन्द्र कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष रामाज्ञा प्रसाद, मीडिया प्रभारी रमेश मणि त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार पांडेय द्वितीय, सन्तोष तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, मनीष सिंह, अमरजीत, कौशल कुशवाहा, नवीन सिंह, मनोज सिंह, शिवेंद्र शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकों मनोज कुमार, अमृता मिश्रा, सीमा त्रिपाठी, अनिता चौधरी, पूजा सिंह, प्रतिभा राय, कुमुद श्रीवास्तव, सरिता चौधरी, ममता शेखर पाण्डेय, मुन्ना लाल साहनी, मंजू गुप्ता व रमाशंकर अनुदेशक टीम प्रभारी, ने बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार गुप्ता ने विद्यालय के शिक्षक परिवार को बहुत बहुत बधाइयां देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

## प्रोविजन स्टोर की गोदाम में चोरी, नगदी, एटीएम कार्ड गुल्लक भी हुई चोरी

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला विशम्बर कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक प्रोविजन स्टोर की गोदाम को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी होने पर व्यापारी वर्ग में सनसनी फैल गई। पीड़ित लखन कुमार ने बताया कि जब वह रोज की तरह अपनी प्रोविजन स्टोर की गोदाम पर पहुंचे, तो देखा कि गेट में लगे ताले टूटे हुए थे। शक होने पर जब अंदर जाकर देखा तो गोदाम का सारा सामान बिखरा पड़ा था और चोरी की घटना घट हो चुकी थी। लखन कुमार के अनुसार, चोर एटीएम कार्ड सहित रुपयों से भरी गुल्लक उठा ले गए, जिसमें लगभग 25 से 30 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। इसके अलावा करीब एक हजार रुपये मूल्य की सिगरेट के पैकेट भी चोरी हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले शुरू कर दिए हैं जा रहे हैं ताकि चोरों का सुराग लग सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## पुलिस और हिस्ट्रीशीटर के बीच मुठभेड़, अपराधी गिरफ्तार



इटावा। थाना बकेवर क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और कुख्यात हिस्ट्रीशीटर बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर ही उसे दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी पर लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत 31 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मुठभेड़ रात करीब 11.30 बजे महासिंहपुरा नहर पुल के पास हुई। पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी औरैया की ओर से आ रही एक अपाचे बाइक को रुकने का इशारा किया गया। बाइक सवार युवक ने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली थानाध्यक्ष विपिन मलिक के बुलेटप्रूफ जैकेट में जा लगी, जिससे वे बाल-बाल बच गए। जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाएं पैर में गोली लगी। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम धीरू पुत्र नन्हे उर्फ नन्हेलाल यादव, निवासी लछियामऊ थाना दिबियापुर जिला औरैया बताया। वह थाना दिबियापुर का हिस्ट्रीशीटर नंबर 88। है। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा और चार खोखा कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट वाली चोरी की अपाचे बाइक, सोने-चांदी के जेवर और 9 हजार रुपए नकद बरामद किए। पूछताछ में धीरू ने 10 जून, 11 अगस्त और 20 अगस्त 2025 को लखना, महेवा और इन्द्रापुर सचिवालय में हुई चोरी की घटनाओं को कबूल किया। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी श्रीशचंद्र और सीओ भर्थना अतुल प्रधान मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम की सराहना की। एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र ने बताया कि धीरू एक अन्तरजनपदीय अपराधी है, जिस पर 31 मुकदमे दर्ज हैं। उसे पुलिस की तत्परता से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। घायल अपराधी को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विपिन मलिक, चैकी प्रभारी दयाशंकर वर्मा, हेड कॉन्स्टेबल गजेन्द्र सिंह समेत पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही।


## उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना संख्या : टीआरडी-17-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 |
| 2. | कार्य का नाम : लखनऊ मंडल पर बैरियर बूम ब्रेकेज के कारण होने वाले ओएचई ब्रेकडाउन को रोकने के लिए समपार फाटको (34 संख्या) पर अतिरिक्त तार व्यवस्था का प्रावधान। |
| 3. | अनुमानित लागत : रु. 39,55,852.92/- |
| 4. | बयाना राशि : रु. 79,100.00/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि : दिनांक 05.12.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता : निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट : अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पात्रता मापदंड : निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करताः<br>1. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबवाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी-17-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 दिनाँकः 12.11.2025 3514/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम
### अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या

ई-निविदा सूचना वि.आ.सं. 9585 एवं दिनांक : 07.11.2025

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

**1.** 94 एच(एफ)(कार्य)/2025-26 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - अयोध्या धाम, अयोध्या के अन्तर्गत जमा योजना के अधीन विभिन्न स्थानों पर लाइन निर्माण कर संयोजन निर्गत करने एवं एच.टी./एल.टी. पोलों के शिफ्टिंग का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 81500.00

**2.** 95 एच(एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- दर्शननगर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड - बीकापुर को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00

**3.** 96 एच(एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- दर्शननगर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड - बाकरगंज को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00

**4.** 97 एच(एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - रूदौली, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00

**ई निविदा की अंतिम तिथिः 21 नवम्बर 2025, 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।


# लोकतंत्र की रक्षा समाजवादियों की जिम्मेदारी : प्रदीप शाक्य

## भाजपा एसआईआर के नाम पर रच रही साजिश

जसवंतनगर, इटावा। बुधवार को नगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार बबलू शाक्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठन की मजबूती और मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को लेकर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एसआईआर के नाम पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है। वह समाजवादी पार्टी के समर्थक मतदाताओं को सूची से बाहर करने की साजिश रच रही है।

प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही लोकतंत्र और संविधान की सच्ची संरक्षक है। सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर नए मतदाताओं को जोड़ें और जनता को भाजपा की नीतियों से सावधान करें। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय किए गए विकास कार्यों और जनता के हित में लिए गए फैसलों को लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। शाक्य ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र बचाने की निर्णायक लड़ाई बताते हुए कहा कि आरक्षण, सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए सपा का मजबूत होना जरूरी है। नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि भाजपा राज में प्रदेश जंगलराज में बदल गया है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है, महिलाएं असुरक्षित हैं और महंगाई ने आमजन का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सरकार पूरी तरह विफल रही है। जीएसटी ने व्यापारियों को बबादी की कगार पर पहुंचा दिया है। विधायक प्रतिनिधि ठा. अजेंद्र सिंह गौर और सांसद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद शमीम ने कहा कि जब प्रदेश से भाजपा सरकार जाएगी, तभी किसानों, मजदूरों और युवाओं के जीवन में खुशहाली लौटेगी।



उन्होंने कहा कि सपा ही एकमात्र पार्टी है जो हर वर्ग की आवाज बनकर खड़ी है। नगर महासचिव राशिद सिद्दीकी ने एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी देते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के नियम बताए। बैठक में विधानसभा एसआईआर प्रभारी सुभाष गुप्ता, जितेंद्र मोना यादव, सत्यवती, माया देवी समेत अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अपहृत युवती सकुशल बरामद

जसवंतनगर, इटावा। थाना पुलिस ने अपहरण के सात माह पुराने मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपहृत युवती को सकुशल बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम कैस्त निवासी विनोद कुमार की पुत्री साक्षी उर्फ मुस्कान के अपहरण का मुकदमा 2 अप्रैल 2025 को दर्ज हुआ था। सीओ आयुषी सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष कमल भाटी की टीम ने उपनिरीक्षक मनीष कुमार की कार्रवाई में युवती को बसस्टैंड से बरामद किया।

## एसआईआर के संबंध में बैठक

इटावा। एसआईआर के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय ने आयोग के निर्देशों के क्रम में मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के द्वारा बीएलए नियुक्त करने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूति की गई।

बैठक में उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र बीएलओ के द्वारा जो वितरित हो रहा है, उसमें सहयोग के लिए नियुक्त करने के लिए अनुरोध किया गया।


## सूचना

### श्री जगदेव सिंह लॉ कालेज

पता- अतरौली, भरावन, हरदोई में

विधि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु प्रचार्य एवं असिस्टेट प्रोफेसर की आवश्यकता है

योग्यता एवं वेतन यूजीसी तथा बार काउसिंल ऑफ इण्डिया के मानक अनुसार।

आवेदन करे शीघ्र। मो0 8840884463, 9919784444


# मेरठ में अखिल भारतीय विज्ञान मेले का होगा आयोजन

## सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल तथा बृजेश पाठक होंगे प्रमुख अतिथि

जिला संवाददाता

मेरठ। विद्या भारती के तत्वाधान में 23वें अखिल भारतीय विज्ञान मेले का आयोजन मेरठ के शास्त्री नगर स्थित डी ब्लॉक बाले राम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चार दिवसीय 13 नवंबर से 16 नवंबर तक संपन्न किया जाएगा। इस विज्ञान मेले में देश भर के लगभग 400 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। यह जानकारी बुधवार को विद्यालय परिसर के सभागार में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय विज्ञान संयोजक के पश्चिम उत्तर प्रदेश विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, प्रांत प्रचार संयोजक डॉ नीरज शर्मा, कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, विज्ञान संयोजक नगेंद्र पांडे ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को दी। इस चार दिवसीय विज्ञान मेले के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए क्षेत्र संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने पत्रकारों को बताय कि देशभर में अखिल भारतीय के 11 क्षेत्र हैं उसी के तहत पश्चिम क्षेत्र में वर्ष 2001 में आगरा में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया था उसके बाद पश्चिम क्षेत्र के मेरठ में चार दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसका



उद्घाटन प्रमुख अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यवाह कृष्णा गोपाल, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रविंद्र कान्हरे, अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत, विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, विद्या भारती मेरठ के प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर, उद्योगपति अश्वनी गुप्ता, एडिको के एमडी वरुण अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर से होकर विभाग, प्रांत, क्षेत्र और अखिल भारतीय स्तर तक आयोजित होती है तथा विज्ञान मेले में प्रतियोगिताएं तीन वर्गों बाल वर्ग, किशोर वर्ग और तरुण वर्ग में आयोजित की जाएगी। पश्चिम क्षेत्र के विद्या भारती संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की 13 नवंबर को साय 4:30 बजे मेले का उद्घाटन किया जाएगा, लेकिन स्टॉल 13 तारीख की सुबह से ही शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम तथा 15 नवंबर को विज्ञान वार्ता आयोजित की जाएगी। विज्ञान वार्ता में देश के प्रमुख वैज्ञानिक प्रतिभागी विद्यार्थियों से वातार्लाप तथा जानकारी देंगे, वही 16 नवंबर को विज्ञान मेले का समापन होगा। पश्चिम क्षेत्र के संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने पत्रकारों को बताया की विद्या भारती के देशभर में 23 हजार विद्यालयों में 35 लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांकः 3515/8काम/ई-टेण्डरिंग/बह.-श्राव. वृत्त/2025-26 दिनांकः 05.11.2025

अल्प कालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में 'ए' एवं 'बी' श्रेणी मार्ग कार्य के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रु. लाख में) | निविदा शुल्क +स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधान सभा-बहराइच | | | | | | |
| 1 | बहराइच | वर्ष 2025-26 में कृषि विपणन योजनान्तर्गत मेड़ईपुरवा सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य 05 वर्षीय अनुरक्षण सहित। | 108.00 | 7.40 | 2715.00 | 12 Month |

2. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.11.2025 से 26.11.2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन इस साइट पर ही सबमिट की जायेगी।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 26.11.2025 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 26.11.2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेंडिरिंग, एन.आई.सी. की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 26.11.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(इं. अमर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., बहराइच

(इं. अजय भास्कर)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

UPID-240248 Date: 12.11.2025 Website : wwwupgovnicin

संक्षेप

## लखनापुर गांव में चोरी

लखीमपुर खीरी। फरधान थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी लीलाकुआँ के अंतर्गत ग्राम लखनापुर में अज्ञात चोरों ने एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने बालगोविन्द राज पुत्र प्यारे लाल राज के घर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि चोर घर के पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसे और लगभग 1500 रुपये नगद, एक जोड़ी चांदी की पायल व कुछ कपड़े चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि मकान के सामने पिछले पांच दिनों से साइकिल वाला सर्कस चल रहा था, जिसके चलते बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ी हुई थी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत पीआरवी 112 पर दी, लेकिन पुलिस के मौके पर न पहुंचने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पुलिस की लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नीमगांव थाना क्षेत्र के पैला गांव में भी एक हफ्ते के भीतर चार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार बढ़ती चोरी की वारदातों से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है और लोग पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## कंजा देवस्थान में 15 नवंबर को होगा एकादशी कीर्तन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उत्पन्ना एकादशी के पावन अवसर पर इस वर्ष भी श्री श्याम दीवाने सेवा समिति की ओर से बाबा खाटू श्याम का भव्य कीर्तन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 15 नवंबर, शनिवार को श्री खाटू श्याम मंदिर कंजा बरमबाबा हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कीर्तन का शुभारंभ सायं 7:30 बजे होगा और यह प्रभु इच्छा तक चलेगा। हर माह एकादशी के दिन आयोजित होने वाला यह भक्ति आयोजन क्षेत्र में श्रद्धा और आध्यात्मिकता का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जिसमें सैकड़ों श्याम भक्त शामिल होकर भक्ति रस में डूब जाते हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं, भक्तों और श्याम प्रेमियों से सपरिवार शामिल होकर भजन, संकीर्तन और आराधना में सहभागी बनने की अपील की है।

## हलिया प्रथम क्रय केंद्र पर 10 किसानों से हुई धान खरीद

मीरजापुर। बुधवार को विपणन क्रय केंद्र हलिया प्रथम पर कोठी धौकल निवासी सावित्री सिंह से 35 कुंतल धान की खरीद हुई इसके पूर्व गढवा निवासी किसान विनोद सिंह का 82 कुंतल, बेदऊर के राजेन्द्र का 40 कुंतल, मवई निवासी रमेश सिंह का 92 कुंतल, त्रिपुरारी शंकर का 42 कुंतल ,बसुहरा निवासी सरोज देवी का 87 कुंतल खरीहट निवासी अरुण शुक्ला का 43 कुंतल, देवकली का 80 कुंतल, हरिशंकर त्रिपाठी का 100 कुंतल तथा सूर्य बहादुर का 68 कुंतल खरीद हो चुकी है। केंद्र प्रभारी प्रिय रंजन राजीव ने बताया कि 10 किसानों से अब तक 6 सौ कुंटल धान की खरीद की गई है। वहीं क्रय केंद्र द्वितीय केंद्र प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि बायोमेट्रिक न लेने से अभी किसनों के धान की खरीद नहीं हो पाई है जल्द ही समाधान हो जाएगा तथा क्रय केंद्र तृतीय पर शिवम सिंह के यहां किसन के आंख का वायोमैक्ट्रिक न होने से अभी किसी किसन के धान की खरीद नहीं हो सकी है।

# डीएम ने दी 1.94 करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता(vol)

- मिदनियां तिराहे से एसएसबी तक बनेगा चमचमाता रास्ता
- अवस्थापना विकास निधि व विकास शुल्क निधि से होगा कार्य, पीडब्ल्यूडी को मिली जिम्मेदारी

लखीमपुर खीरी। शहर की सबसे व्यस्त सड़क को विकास की नई दिशा मिल गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मिदनियां तिराहे से एसएसबी के आगे तक गढ़ी मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नाली निर्माण का कार्य शुरू होने जा रहा है। यह परियोजना अवस्थापना विकास निधि और विकास शुल्क निधि से 1.94 करोड़ रुपये की लागत से पूरी होगी। वही अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा। फिलहाल यह सड़क महज तीन मीटर चौड़ी है, जिसे अब 5.5 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। इसके साथ एक ओर पक्की नाली और दोनों ओर इंटरलॉकिंग का कार्य भी कराया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है, जबकि जिला पंचायत निधि से इंटरलॉकिंग की जिम्मेदारी तय की गई है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्त ट्रैफिक रूट है, जहां से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। सड़क चौड़ी होने से जाम की समस्या खत्म होगी और लोगों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

गढ़ी मार्ग के सुधरने से केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही एसएसबी बटालियन, बस परिवहन और आमजन को भी सुगमता होगी। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्से की पैचिंग का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जाएगा, ताकि सड़क पूरी तरह दुरुस्त हो सके।

### गुणवत्ता पर रहेगी कड़ी निगरानी, टीम गठित

गढ़ी मार्ग के विकास कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एक तीन सदस्यीय पर्यवेक्षण समिति गठित की है। इस समिति की अध्यक्षता एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह करेंगे। समिति में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद और अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को सदस्य बनाया गया है। यह टीम समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता पर डीएम को रिपोर्ट देगी।

## एलपीएस स्कूल में साइबर अपराध पर कार्यक्रम

जिला संवाददाता(vol)




लखीमपुर खीरी। लखनऊ पब्लिक स्कूल में साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर उपनिरीक्षक तनवीर अहमद ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में सोशल मीडिया के अंधानुकरण से बचने, उसका संयमित उपयोग करने तथा केवल विश्वसनीय प्लेटफॉर्म और वेबसाइटों का प्रयोग करने की सलाह दी।

कांस्टेबल आजम अली ने साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियाँ बताते हुए विद्यार्थियों को ईमेल, सोशल मीडिया, ई-वॉलेट और नेट बैंकिंग आदि के सुरक्षित पासवर्ड बनाने, प्रोफाइल लॉक रखने तथा निजी जानकारी साझा न करने के उपाय बताए।

महिला कांस्टेबल संदीप कौर ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी – साइबर हेल्पलाइन 1930, पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, और आपातकालीन सेवा 112 आदि के उपयोग की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में सीनियर इंचार्ज प्रदीप रस्तोगी ने उपनिरीक्षक तनवीर अहमद सहित आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने किया ग्राम पंचायत सचिवालय का लोकार्पण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत कुंभी ब्लॉक के ग्राम परसपुर में नव निर्मित ग्राम पंचायत सचिवालय का लोकार्पण विधायक अमन गिरि ने किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया। विधायक ने ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सचिवालय का निर्माण ग्रामीण प्रशासन को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके माध्यम से गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों और दस्तावेजों से संबंधित सभी सुविधाएं अब गांव के स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। विधायक अमन गिरि ने कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवालय के माध्यम से शासन की योजनाओं की निगरानी, जनसुनवाई और शिकायत निस्तारण जैसी व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावी होंगी। इससे विकास कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे सचिवालय का उपयोग जनहित में करें और अपने गांव को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें देश के लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई हैं, जिन्हें सशक्त बनाना ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक से गांव में विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं भी साझा कीं, जिन पर विधायक ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, ग्राम प्रधान शाहिद खान, खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी, जिला पंचायत सदस्य तोहिद खान, पुनीत मिश्रा, पूर्व प्रधान संदीप सिंह, पूर्व प्रधान युनुस खान, जिला पंचायत सदस्य केसर आलमी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।



## अनुशासन और समर्पण से बनेगी नयी पहचान



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के स्थापना के लगभग 38 वर्ष बाद पहली बार एनसीसी कैडेट्स के प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण विश्वविद्यालय परिसर में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिन आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में कुलपति प्रो. वंदना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने नवप्रवेशित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली एनसीसी बैच के सदस्य हैं, जो सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। अनुशासन, समर्पण और निष्ठा का भाव जीवन के हर क्षेत्र में पढ़ाई, रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारी में आपको आगे बढ़ाएगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रमोद यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है, जो छात्रों को विश्वविद्यालय में विशिष्ट पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि अनुशासनप्रिय यह छात्र समूह भविष्य में परिसर का मान बढ़ाएगा। एनसीसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने अतिथियों और यूपी 98 बटालियन एनसीसी के ट्रेनिंग ऑफिसर का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यशाला कैडेट्स के जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध होगी, जिससे उनकी दिशा और दशा दोनों बदलेगी।

## नकली डीएपी खाद की पकड़ी गयी बड़ी खेप, जांच को भेजे सैंपल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर की अलीगंज रोड स्थित बिजुआ बस अड्डा के सामने सोमवार देर रात एक पिकअप वाहन से नकली डीएपी खाद का बड़ा जखीरा बरामद किया गया। वाहन से करीब 31 बोरियां डीएपी खाद और जिंक के पांच पैकेट बरामद हुए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और कृषि विभाग की टीम ने खाद से भरे वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मझिगवां निवासी भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता बलजीत सिंह ने संगठन के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन को सूचना दी थी कि क्षेत्र में नकली खाद बेची जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जोशन ने अपनी टीम के साथ सक्रियता दिखाई और संदिग्ध पिकअप वाहन को पकड़ लिया। मौके पर पहुंचकर जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने खाद का नमूना लिया और जांच के लिए मुख्यालय भेज दिया। वाहन में भरी खाद को पुलिस की मौजूदगी में सील कर दिया गया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि खाद नकली है या नहीं। इस घटना से किसानों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि अगर यह नकली खाद साबित होती है, तो इससे पहले न जाने कितने किसान इसका उपयोग अपने खेतों में कर चुके होंगे, जिससे फसल को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

इस मौके पर संगठन के जिला महासचिव रेशम सिंह, तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, संजय सिंह, बृज बिहारी राजू सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जायेगी बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती

पलियाकलां खीरी। नगर के बलदेव वैदिक विद्यालय इण्टर कालेज, पलिया कलाँ खीरी में 15 नवम्बर 2025 को 10 बजे से जनजाति के गौरव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि विनोद कुमार मिश्रा जिला विद्यालय निरीक्षक- खीरी पीईएस की उपस्थिति में किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समझ में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है। कार्यक्रम विवरण मुख्य अतिथि का स्वागत व एनसीसी स्कॉउड गाइड एनएसएस द्वारा चित्र का अनावरण सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य अतिथि व आगंतुकों का उदबोधन भी शामिल रहेगा। यह जानकारी प्रभारी प्रधानाचार्य ब.वै.वि. इण्टर कालेज पलिया कलाँ एम.सहगल ने दी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

मीरजापुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) परेड ग्राउण्ड चुनार में आयोजित कराया गया, जिसमें जनपद के विकास खण्ड-नरायनपुर, जमालपुर, सीखड़ एवं नगरपालिका चुनार, अहरौरा, नगरपंचायत कछवा के अनुसूचित जाति के 111, अन्य पिछड़ावर्ग के 68, अल्पसंख्यक वर्ग 03, सामान्य वर्ग 1 अर्थात कुल 183 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विधायक चुनार अनुराग सिंह, चेयरमैन-जिला सहकारी बैंक जगदीश सिंह पटेल, ब्लाक प्रमुख प्रमुख नरायनपुर, जमालपुर, सीखड़ अध्यक्ष नगर पालिका चुनार, अहरौरा, नगरपंचायत कछवां, एमएससी प्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, उपनिदेशक, समाज कल्याण विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर, डीसी एनआरएलएम, खण्ड विकास अधिकारी नरायनपुर, जमालपुर, सीखड़, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका चुनार, अहरौरा, कछवां एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहकर नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इसके साथ ही सम्पूर्ण सामूहिक विवाह के कार्यक्रम की डाक्यूमेन्ट्री तैयार करने से सम्बन्धित विडियोग्राफी आस्ट्रेलिया ब्राडकास्टिंग टीम श्रीमती मेघना एवं उनके साथ आस्ट्रेलिया से आये हुये सहयोगियों के द्वारा की गयी। विधायक चुनार एवं जिलाधिकारी ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी नव-वैवाहिक जोड़ों को उनके सुखद एवं सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही प्रत्येक वर-वूध को उपहार हेतु दी जाने वाली सामग्रियों को एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया। उन्होनें अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है।

## गोला खेल महोत्सव में एथलेटिक्स और बैडमिंटन में दिखा खिलाड़ियों का जोश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वच्छ भारत-नगरीय अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गोला द्वारा आयोजित युवा शक्ति का उत्सव गोला खेल महोत्सव के बारहवें दिन खेल मैदानों में खेल भावना और उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक सुरजन लाल वर्मा, लीगल एडवाइजर बीएचएल अवनी पांडेय, समाजसेवी डॉ. कमलेश वर्मा, कृषक समाज इंटर कॉलेज के प्राचार्य आनंद प्रकाश सरोज, खेल महोत्सव संयोजक श्याममूर्ति शुक्ला एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने खेल ध्वज फहराकर और दीप प्रज्वलित कर किया।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए और कहा कि नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उनके सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहना उनका संकल्प है। इसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एथलेटिक्स में 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक स्पधाओं में बालक एवं बालिका वर्ग के लगभग 130 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले बुधवार को आयोजित होंगे। वहीं, नवीन बाईपास स्थित अनिल वर्मा कोर्ट पर बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुकाबले रोमांच से भरे रहे। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री, प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति शैलेन्द्र सक्सेना तथा विशिष्ट अतिथि रोट्रेक्ट क्लब अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, कोषाध्यक्ष मां अन्नपूर्णा रसोई के आदर्श सोनी, समाजसेवी अधिवक्ता संदीप अवस्थी और प्रधानाचार्य जय मां मंगला जूनियर हाई स्कूल सुयश त्रिवेदी की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। अंडर-14 बालिका वर्ग में आशी वर्मा और आन्या ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया सक्सेना और दर्पन सिंह द्वितीय रहीं। अंडर-19 बालिका वर्ग में अनुष्का वर्मा और शगुन श्रीवास्तव प्रथम, जबकि ईशा कटियार और माही देवगन द्वितीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में अंडर-14 के फाइनल मुकाबले में आदित्य और मृवज ने प्रथम, जबकि एकलव्य और अर्थव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में मॉश और श्रवण प्रताप प्रथम, सौरव और गौरव कश्यप द्वितीय स्थान पर रहे।

बैडमिंटन प्रतियोगिता का संचालन खेल प्रभारी गोपाल सक्सेना और सह प्रभारी गोविंद वर्मा ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी केशव अग्रवाल, सभासद सुशील कुमार, सौरभ तिवारी, सुफियान खान, पूर्व सभासद पियूष मिश्रा, विक्रांत वर्मा (डीपीएम), संजीव गुप्ता सहित खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## फार्मासिस्ट न होने से सीएचसी की व्यवस्था प्रभावित




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट न होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दवा वितरण, इंजेक्शन और इमरजेंसी सेवाओं में बाधा उत्पन्न हो रही है। केंद्र में फार्मासिस्ट रहे मुन्नालाल के पिछले महीने सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद रिक्त है। उनके स्थान पर विवेक कुमार शर्मा को चार्ज दिया गया था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वे नियमित रूप से कार्य नहीं कर पा रहे हैं।

फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति का असर न केवल सामान्य ओपीडी पर, बल्कि 24 घंटे चलने वाली आपातकालीन सेवाओं पर भी पड़ रहा है। रात के समय मरीजों को दवाएं उपलब्ध न होने से कई बार उन्हें निजी मेडिकल स्टोरों का सहारा लेना पड़ता है। प्रसव, दुर्घटना और अन्य आपात स्थितियों में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले से ही स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और स्टाफ की कमी है, ऐसे में फार्मासिस्ट न होने से अस्पताल की दवा व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। मरीजों को दवा वितरण में विलंब और चिकित्सकीय परामर्श के बाद दवा न मिलने जैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल स्थायी तैनाती की मांग की है, ताकि 24 घंटे संचालित इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से बहाल की जा सकें। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि उन्होंने फार्मासिस्ट की तैनाती के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि रिक्त पद भरने से केंद्र की सेवाएं सामान्य हो सकेंगी।

## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन




लखीमपुर खीरी। सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज द्वारा विद्या भारती योजनानुसार अन्य सम्पर्कित विद्यालयों के अन्तर्गत ह्यउच्च प्राथमिक विद्यालय, लखीमपुर देहातह्य में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ममता अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य, गाँधी बालोद्यान विद्यालय द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में गुलरूक्त सुल्ताना प्रधानाचार्या- उच्च प्राथमिक विद्यालय, लखीमपुर देहात, पूर्णिमा मिश्रा शिक्षिका- उच्च प्राथमिक विद्यालय, लखीमपुर देहात एवं दीप्ति बैसवार शिक्षिका-बेसिक शिक्षा विद्यालय) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की संयोजक शिवम शर्मा एवं नेहा दीक्षित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम अध्यक्ष ममता अग्रवाल, गुलरूक्त सुल्ताना, पूर्णिमा मिश्रा तथा दीप्ति बैसवार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य वक्ता गुलरूक्त सुल्ताना ने माताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज नारी को आगे से आगे चलते रहने की जरूरत है। पूर्णिमा मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक नारी में वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा और कीर्ति रूपी सात शक्तियाँ निहित हैं उन्हें पहचान कर जाग्रत करने की आवश्यकता है। दीप्ति बैसवार ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने कहा कि मातृशक्ति का योगदान समाज, राष्ट्र और परिवार के संतुलन के लिए अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने सभी माताओं को सप्त शक्तियों के ज्ञान के विषय में बताया। इस अवसर पर हमारे समाज की पाँच विशिष्ट माताओं विन्देश्वरी देवी, मीरा देवी, सफीकुन निशा, नफीसा बानो एवं सबीना परवीन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बेसिक शिक्षा विद्यालय की 7 छात्राओं ने भारत की महान विदुषी महिलाओं लक्ष्मीबाई (जाफरीन), द्रोपदी मुर्मू (रूबीना), बेगम हजरत महल (दीपिका), लता मगेंशकर (जैनब), सावित्री बाई फुले (व्याख्या), रूक्मणी देवी (प्रियंका), मीराबाई (प्रियांशी) का रूप प्रदर्शित कर सभी का मन मोह लिया।

## विधायक अमन गिरि ने रन फॉर यूनिटी को लेकर की बैठक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी 18 नवंबर को होने वाली रन फॉर यूनिटी पैदल यात्रा की तैयारियों को लेकर विधायक अमन गिरि ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम वस्तौली गौशाला में कार्यकताओं और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की।

बैठक में यात्रा को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि रन फॉर यूनिटी केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, समरसता और राष्ट्रभावना का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस यात्रा से जोड़ें ताकि क्षेत्र की जनता एकता के संदेश को मजबूती से आगे बढ़ा सके। बैठक के दौरान यात्रा के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार से जुड़ी रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। विधायक ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाए, ताकि यात्रा के आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। इस मौके पर पूर्व प्रधान उमेश शुक्ला, रमाशंकर शुक्ला, अमरीक सिंह, पप्पू सिंह, पूर्व प्रधान राम सिंह, सर्वेश तिवारी, प्रेमचंद्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## अराजकतत्वों ने विद्यालय से उखाड़ा हैंडपंप

जौनपुर। सरपतहां क्षेत्र के सारी जहांगीर पट्टी गांव स्थित शांतिनिकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगे एकमात्र हैंडपंप को बीती रात अराजकतत्व उखाड़ ले गए, जिससे विद्यालय में मध्यान्ह भोजन तैयार करने और पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। विद्यालय प्रशासन के अनुसार शाम ढलते ही परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना आम बात है। जुआ खेलना, शराब पीना तथा विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उनकी आदत बन चुकी है। मंगलवार की रात तो उन्होंने हद ही कर दी जब परिसर में लगे एकमात्र हैंडपंप को ही उखाड़कर ले गए। इस घटना के बाद विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए कर्मचारियों को अन्य स्थान से पानी मंगवाना पड़ा, वहीं छात्र-छात्राएं पूरे दिन पेयजल के लिए परेशान रहे। प्रधानाध्यापक महेश दूबे ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल फोन पर थानाध्यक्ष सरपतहा यजुवेंद्र सिंह को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/एलडब्ल्यूएसडीडी में एसएस पार्टीशन फ्रेम का फिटमेंट/2025-26 & 2026-27/सी-622सी दिनांक 10.11.2025., आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः- **कार्य का नामः** कार्य के दायरे के अनुसार एलडब्ल्यूएसडीडी कोच में एसएस पार्टीशन फ्रेम का फिटमेंट, **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 29,17,314.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य, **अमानत राशि (₹ में):** ₹ 58,400.00 (₹ अट्ठावन हजार चार सौ) मात्र, **कार्य की मात्राः** 615 कोच, **कार्य समापन की अवधिः** 15 माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 02.12.2025 को 11:00 बजे। **नोटः** • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 55/ईटी/2025-26** दिनांकः 11.11.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07241246 | सीट पलाईबोर्ड 12 x 1220 x 2440 7पीएलवाई | 5578 नग | 28.11.2025 |
| 02 | 04251383 | सेट ऑफ फ्रेमस इन हाउस मेनुफेक्चरिंग ऑफ सीट एन्ड बर्थ फॉर एलडब्ल्यूएससीएन कोचेज | 50 सेट | 03.12.2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 50/ईटी/2025-26 दिनांकः 15.10.2025 | टैन्डर नं. 06251100 | निविदा खुलने की तिथि- 10.11.2025 के स्थान पर तिथि 20.12.2025 पढ़े। |
| 02 | 53/ईटी/2025-26 दिनांकः 04.11.2025 | टैन्डर नं. 13251155ए | निविदा खुलने की तिथि- 11.11.2025 के स्थान पर तिथि 20.11.2025 पढ़े। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 54/ईटी/2025-26** दिनांकः 07.11.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04251046 | एल्मुनियम विन्डो विद सलाइडिंग ग्लास एंड लोयूवर शटर्स फॉर एलएचबी नॉन एसी कोचेज | 1584 नग | 28.11.2025 |
| | | इमरजेंसी विन्डो एससवाई. विद सलाइडिंग शटर्स | 396 नग | |
| 02 | 03251922 | सेट ऑफ रूफ एन्ड इन्डवाल पैनलस इन एलएचबी हाई कैपसीटि पार्सल वान कोचेज | 75 सेट | 01.12.2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 53/ईटी/2025-26 दिनांकः 04.11.2025 | टैन्डर नं. 11251199 | निविदा खुलने की तिथि- 26.11.2025 के स्थान पर तिथि 28.11.2025 पढ़े। |
| 02 | 53/ईटी/2025-26 दिनांकः 04.11.2025 | टैन्डर नं. 11251200 | निविदा खुलने की तिथि- 26.11.2025 के स्थान पर तिथि 28.11.2025 पढ़े। |
| 03 | 52/ईटी/2025-26 दिनांकः 31.10.2025 | टैन्डर नं. 03251075ए | निविदा खुलने की तिथि- 07.11.2025 के स्थान पर तिथि 14.11.2025 पढ़े। |
| 04 | 50/ईटी/2025-26 दिनांकः 15.10.2025 | टैन्डर नं. 01251176 | निविदा खुलने की तिथि- 07.11.2025 के स्थान पर तिथि 14.11.2025 पढ़े। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## जन सुनवाई के दौरान पति पर किया हमला

जौनपुर। महिला थाने में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद की सुनवाई के दौरान एक युवक ने अपनी पत्नी पर हमला करने का प्रयास किया। थाने में मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए पति को हिरासत में ले लिया बुधवार को जब महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी महिला संबंधी समस्याओं की जनसुनवाई कर रही थीं। इस दौरान सुरेरी थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव की पूजा कश्यप और उनके पति राहुल गौड़, जो वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र के निवासी हैं, के विवाद की सुनवाई चल रही थी सुनवाई के दौरान पूजा ने अपने पति राहुल पर कुछ आरोप लगाए। इन आरोपों से राहुल गौड़ आक्रोशित हो गए और उन्होंने अपनी पत्नी पूजा को अपशब्द कहते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। महिला थाना प्रभारी और अन्य महिला पुलिसकर्मियों ने तुरंत राहुल को पकड़ लिया और उन्हें पत्नी पर हमला करने से रोका। यदि पुलिसकर्मी समय पर हस्तक्षेप न करते तो राहुल अपनी पत्नी की थाने परिसर में ही पिटाई कर सकते थे। सुनवाई के दौरान पूजा ने अपने पति राहुल पर कुछ आरोप लगाए। इन आरोपों से राहुल गौड़ आक्रोशित हो गए और उन्होंने अपनी पत्नी पूजा को अपशब्द कहते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। महिला थाना प्रभारी और अन्य महिला पुलिसकर्मियों ने तुरंत राहुल को पकड़ लिया और उन्हें पत्नी पर हमला करने से रोका। यदि पुलिसकर्मी समय पर हस्तक्षेप न करते तो राहुल अपनी पत्नी की थाने परिसर में ही पिटाई कर सकते थे। इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच विवाद की सुनवाई चल रही थी, तभी राहुल ने अपनी पत्नी को मारने-पीटने का प्रयास किया। उन्हें हिरासत में लेकर शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया गया है।

## मारपीट में वृद्धा की मौत, तीन गिरफ्तार

जौनपुर। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के कठौरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक वृद्धा की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। ज्ञात हो कि 70 वर्षीय केवला देवी पत्नी सत्यदेव यादव अपने घर के सामने उपली पाथ रही थीं। तभी पड़ोसी पाटीदारों से चल रहे पुराने जमीनी विवाद को लेकर उनके साथ गाली-गलौज होने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में केवला देवी के सिर पर गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव के दौरान पारसनाथ यादव, उनकी बहू शीला देवी पत्नी विजय बहादुर यादव और कृतिका पुत्री लाल बहादुर यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सिंगरामऊ मुंतजिर हुसैन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगरामऊ भेजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पारसनाथ यादव और शीला देवी को जिला अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार पारसनाथ की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना में आठ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## निकाली आठ किलोमीटर लंबी एकता यात्रा

लालगंज, मीरजापुर। भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर बुधवार को लालगंज देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। नगर के मिलिट्री ग्राउंड से शुरू हुई आठ किलोमीटर लंबी एकता यात्रा ने पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। यात्रा में जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूली छात्राओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को और जीवंत बना दिया। बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज, भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और मां सावित्रीबाई फुले इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामे पद मार्च किया। उनके जोशीले नारों से माहौल गूंज उठा। रास्ते में जगह-जगह पर स्वागत द्वार बनाए गए थे। जहां जलपान और पुष्पवर्षा की व्यवस्था रही। सभा स्थल पर विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने असंख्य रियासतों को एक सूत्र में जोड़कर भारत की नींव को मजबूत किया। उनके नेतृत्व और दृढ़ निश्चय से आज का भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा है। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि यदि कश्मीर मुद्दे पर भी पटेल जी का मत स्वीकार किया गया होता, तो आज यह विवाद कभी पैदा ही नहीं होता।

# असम के राज्यपाल का जनपद में हुआ स्वागत



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य का बुधवार को सोनभद्र आगमन हुआ। उनके दो दिवसीय प्रवास को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। राज्यपाल का आगमन होते ही पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा (तेदू) के आवास पर पार्टी कार्यकताओं ने भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

स्वागत के दौरान कार्यकताओं ने राज्यपाल का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। फूल-मालाओं, जयकारों और गर्मजोशी भरे स्वागत से राज्यपाल अभिभूत दिखे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए संगठन की एकजुटता की प्रशंसा की। पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा ने कहा कि राज्यपाल के आगमन से कार्यकताओं में नया जोश और ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल जनपद में अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनसम्पर्क अभियानों में शामिल होंगे। इस अवसर पर कार्यकताओं ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए राज्यपाल के साथ अगले आयोजन स्थल के लिए प्रस्थान किया। राज्यपाल के आगमन से जहां पार्टी कार्यकताओं में गौरव और आत्मीयता का माहौल रहा, वहीं स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रम को लेकर जनता में उत्सुकता और उत्साह देखने को मिला। जनपद में अगले दो दिनों तक राज्यपाल के विभिन्न आयोजनों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है।

इस मौके पर अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल, जिला प्रभारी अनिल सिंह, शीतल आचार्य, रामलखन सिंह, अजीत चौबे, रूबी प्रसाद, अशोक मिश्रा, ओम प्रकाश यादव, रामनरेश पासवान, यादवेन्द्र द्विवेदी, अनूप तिवारी, अमरेश पटेल, अजीत रावत, पुष्पा सिंह, और सतीश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीएम के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने की बैठक



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेशयोगी आदित्य नाथ का आगामी दिनों में प्रस्तावित भ्रमण जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के अवसर पर आगमन को लेकर चोपन में की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में बुधवार को डीएम बी.एन. सिंह व एसपी आशीष वर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सभी अधिकारी अपनी तैयारियां समय से पूर्ण कर ले जिससे कि कार्यक्रम के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और कार्यक्रम को भव्य और दिव्य तरिके से सम्पन्न कराया जाये। उन्होनें कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों से बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान उन्होनें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाये और निर्धारित स्थलों पर पब्लिक शौचालय स्थापित करायी जाये, एसपी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक प्लान बेहतर ढंग से बना लिया जाये और वाहन पार्किंग हेतु स्थल का चयन करते हुए वाहन की पार्किगं करायी जाये वाहन पार्किंग व रूट डायर्वजन की सूचना मीडिया में प्रसारित करायी जाये जिससे कि आम जनमानस को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगें रोहित यादव, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारिगण उपस्थित रहे।

## कई घरों में लगे यह मकान बिकाऊ है के पोस्टर

आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के आईटीआई कॉलेज के पीछे बसे कृष्णा नगर कॉलोनी में एक ऐसा विवाद सामने आया है जिसने स्थानीय लोगों को भय और असहायता की स्थिति में डाल दिया है। कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा बेची गई जमीनों के बीच बने रास्तों को लेकर विवाद इतना बढ़ गया है कि दो पक्षों ने एक-दूसरे के रास्ते बंद कर दिए। इस विवाद के चलते कॉलोनी के आम निवासी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि अब बच्चों का स्कूल जाना, रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बाहर निकलना, यहां तक कि घर तक वाहनों का पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि ह्लहमें प्रॉपर्टी डीलरों ने कॉलोनी में जमीन बेचकर ठगा है। उन्होंने कॉलोनी के मानचित्र और रास्तों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी। अब जब रास्तों पर विवाद हुआ है, तो आम नागरिक फंस गए हैं और डीलरों ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली। कॉलोनीवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर प्रशासन और पुलिस से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों में आक्रोश इतना बढ़ गया है कि उन्होंने अपने घरों पर यह मकान बिकाऊ है के पोस्टर तक लगा दिए हैं। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलोनी में बने रास्तों का सर्वे कराकर वैध और स्थायी मार्ग निर्धारित किया जाए, ताकि स्थानीय लोग राहत की सांस ले सकें। स्थानीय नागरिकों का बयान है कि हम लोग रोज झगड़ों और बहसों के बीच फंसे हैं। रास्ते बंद होने से जैसे कैद की जिंदगी हो गई है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे और महिलाएं भी घर से निकलने में डर रही हैं।

## सहज अस्पताल में हुआ किडनी केयर सेंटर का शुभारंभ

आजमगढ़। शहर के जुनेदगंज स्थित सहज अस्पताल में डीसी डीसी के किडनी केयर सेंटर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष ने ध्रुव कुमार सिंह ने फीता



काटकर किया इस अवसर उन्होंने कहा इस डीसी डीसी केयर सेंटर पर आधुनिक मशीन द्वारा अच्छा इलाज मिलेगा जो अभी तक बड़े शहरों मे मिलता था। नेफ्रोलॉजी डॉक्टर अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि बढ़ते हुए प्रदूषण व सही खान पान न होने से किडनी की खराब होने की समस्या बढ़ रही है। जिसका अब उचित इलाज सहज हॉस्पिटल में होगा डीसी डीसी किडनी केयर सेंटर के रीजनल मैंनेजर कृष्णानंद पांडे ने कहा कि पुरे भारत में डीसीडीसी का 250 सेंटर है। मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश राय ने कहा कि अस्पताल में अब सभी रोगों का अच्छे डाक्टर से इलाज होगा। संस्थापक इन्द्राशन राय ने आए हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ तुषित राय, रजनीश राय, आरके राय, शैलेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सशक्तीकरण के लिए डिजिटलीकरण समय की अनिवार्यता




जौनपुर। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत गांधी स्मारक पी.जी. कॉलेज, समोधपुर में आज कुल 62 लाभार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। यह कार्यक्रम युवाओं में डिजिटल साक्षरता और तकनीकी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अजेय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, समोधपुर रहे। उन्होंने अपने संबोधन में डिजिटल जागरूकता और इंटरनेट के माध्यम से सुलभता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सजग और सावधान रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप दुबे, प्रवक्ता, रवनिया इंटर कॉलेज रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में नैतिक मूल्यों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों और एकाकीपन के विषय पर विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से उपस्थित जनों को नैतिक मूल्यों की स्थापना हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रणजीत कुमार पांडेय ने की। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों में प्रो. लक्ष्मण सिंह, डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. लालमणि प्रजापति, डॉ. आलोक प्रताप सिंह विसेन, डॉ. अविनाश वर्मा तथा डॉ. अवधेश मिश्रा उपस्थित रहे। संचालन डॉ. विष्णुकांत त्रिपाठी, नोडल अधिकारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राकेश कुमार यादव द्वारा किया गया।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने किया मंथन



आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक स्नातक एम एल सी चुनाव बैठक सर्किट हॉउस आजमगढ़ मे सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा शंकर गिरी मौजूद रहें।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने कहा कि आगामी शिक्षक स्नातक एम एल सी चुनाव में भाजपा का उम्मीदवार जीते इस की तैयारी अभी से करनी है। अधिक से अधिक शिक्षकों का नाम वोटर लिस्ट में जुड़े इस के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं को शिक्षकों से सम्पर्क कर उनका नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने का काम करना है। सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी इस काम में आज से ही जुट जाएं। इस अवसर पर शिक्षक स्नातक एमयलसी चुनाव के क्षेत्रीय सहसंयोजक माव प्रवीण गुप्ता ऋषिकेश दूबे, संजय राम, प्रवीण सिंह, राजेश सिंह महुआरी, शिव गोविन्द सिंह, यशवंत सिंह, विभा बर्नवाल विनय प्रकाश गुप्ता आनन्द गुप्ता, राजीव सिंह पप्पू, उमेश गौड़ पुरूषोत्तम सिंह, बृजेश सिंह, संतोष सिंह, अवनीश चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## चोरी के आरोपी रविकांत यादव को मिली जमानत

सोनभद्र। सत्र न्यायाधीश सोनभद्र राम सुलीन सिंह की अदालत ने मंगलवार को चोरी के मामले में आरोपी रविकांत यादव की जमानत अर्जी मंजूर कर लिया। साथ ही 50 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंध पत्र व समान धनराशि की दो स्थानीय विश्वसनीय जमानत दाखिल करने पर 5 शर्तो के अधीन रिहा करने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक श्री राम पुत्र स्वर्गीय अलियार निवासी सागोबांध, थाना बभनी, जिला सोनभद्र ने बभनी थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 2/3 अक्तूबर 2025 को उसकी दुकान की छत का शीट तोड़कर रविकांत यादव पुत्र राममनोहर यादव निवासी सागो बांध (ग्वारी टोला), थाना बभनी, जिला सोनभद्र नगद धनराशि व सामान चोरी कर ले गया। दूसरे दिन सुबह जब दुकान खोला तो देखा कि छत का शीट टूटा हुआ था। जब सीसी टीवी फुटेज देखा तब पता चला कि रविकांत यादव ने ही चोरी किया है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया था और अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। करीब एक माह से जेल में निरुद्ध है। जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जमानत का पर्याप्त आधार पाते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर लिया। साथ ही 50 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंध पत्र व समान धनराशि की दो स्थानीय विश्वसनीय जमानत दाखिल करने पर 5 शर्तो के अधीन रिहाई का आदेश दिया है। अभियुक्त के अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव व संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि 5 शर्तों में बगैर न्यायालय की अनुमति भारत देश नहीं छोड़ेगा, कोई साक्ष्य नष्ट नहीं करेगा और न ही दुबारा कोई अन्य अपराध नहीं करेगा, किसी को धमकी नहीं देगा, अदालत में हाजिर आता रहेगा शामिल हैं।

## वृद्ध दंपति से गहने उड़ाकर उचक्का फरार

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के सराय मोहिउद्दीनपुर गांव में एक वृद्ध दंपति उचक्कागिरि का शिकार हो गए। हेलमेट पहने एक बाइक सवार युवक बातचीत के बहाने उनके घर पहुंचा और चालाकी से दोनों को अपने जाल में फंसा लिया। ग्रामीणों के अनुसार, युवक ने पहले दंपति से गहनों की सफाई का बहाना कर विश्वास जीत लिया। फिर उसने वृद्ध रामकेर बिंद को एक मुनरी सूंघने के लिए दी, जिससे वे बदहवास हो गए। इसी दौरान उसने पीतल के लोटे में पानी मंगवाया और वृद्धा शनिचरा से पानी पीने को कहा। इस बीच, सफाई करने के बहाने उसने लगभग दस ग्राम सोने का झाला और एक चांदी का कंगन ले लिया। कुछ ही देर बाद जब बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया, तब वृद्ध दंपति को होश आया तो गहने गायब पाए। घटना के बाद दोनों स्तब्ध रह गए। फिलहाल पीड़ितों ने पुलिस में तहरीर नहीं दी है, लेकिन ग्रामीणों में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

## पत्नी पर फर्जी मुकदमें का आरोप, पति ने जनसुनवाई पोर्टल पर लगायी न्याय की गुहार

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी बुद्धिमान गुप्ता ने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने शिकायत संख्या 40019925032774 के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनकी पत्नी ने गांव के कुछ निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाया है।

बुद्धिमान गुप्ता ने बताया कि वे पेशे से ट्रक चालक हैं और परिवार के भरण-पोषण के लिए बाहर रहकर कार्य करते हैं। इस दौरान उनकी पत्नी लक्ष्मी गुप्ता के गांव के ही कुछ व्यक्तियों से अवैध संबंध बन गए। उन्हीं के बहकावे में आकर पत्नी ने षड्यंत्रपूर्वक छेड़खानी का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है शिकायतकर्ता का कहना है कि इस झूठे मुकदमे से गांव के निर्दोष लोगों की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्नी ने अपने गलत संबंधों को छिपाने और उन्हें मानसिक रूप से परेशान करने के उद्देश्य से यह साजिश रची है। बुद्धिमान गुप्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष व्यक्तियों को न्याय मिल सकें, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह किसी निर्दोष को झूठे मामले में न फंसा सकें।

## सड़क पर बना ब्रेकर दे रहा है मौत को दावत

मड़िहान, मीरजापुर। जिले के मड़िहान तहसील गेट के सामने मुख्य मार्ग पर बना स्प्रीट ब्रेकर आए दिन हादसे का कारण बनता जा रहा है।

बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस ओर से आंखें मूंदे हुए दिखाई दे रहे हैं,शायद उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार है। मंगलवार को दो बाइक सवार दूर से ब्रेकर प्रतीत न होने पर ब्रेकर पर उछलकर गंभीर रुप से घायल हो गए जिनका स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया है। जबकि इसके पूर्व में भी कई लोग घायल हो चुके हैं तो कुछ दुर्घटना का शिकार होते होते बचें हैं। बताते चलें कि मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर मड़िहान तहसील के सामने स्थित मुख्य मार्ग पर स्प्रीट ब्रेकर तो जरुर बना दिया गया है, लेकिन दूर से ब्रेकर दिखाई देने के लिए न तो कोई पथ संकेतक बनाया गया है और ना ही उस पर पेंटिंग की गई है जिससे सड़क पर ब्रेकर दिखाई नहीं देता है वाहन चालक जबतक ब्रेकर के करीब पहुंच बचने का प्रयास करते हैं तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, ऐसे में अक्सर यहां लोग दुर्घटना का शिकार होकर घायल व चोटिल होते हुए आएं हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि तहसील मड़िहान के गेट के सामने ब्रेकर बना हुआ है जो मानक के अनुरूप है, जहां ना हीं किसी प्रकार का कोई पेंट द्वारा पथसंकेतक चिन्ह लगाया गया है और ना ही कोई सुरक्षा संरचना के लिए बोर्ड ऐसे में आने-जाने वाले लोगों को वह ब्रेकर दिखाई नहीं देता। इस वजह से प्रतिदिन घटना-दुर्घटना होता रहता है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि इसकी जानकारी कई माह पहले संबंधित विभाग के लोगों को दी गई थी, परंतु अभी तक किसी प्रकार का कोई सुधार नहीं हुआ है। मानों ऐसा लग रहा है कि आलाधिकारी किसी बड़े हादसे के इंतजार में है जिसके बाद ही उनकी कुंभकर्णीय निद्रा भंग होगी।

मड़िहान तहसील गेट के सामने सड़क पर बने ब्रेकर से होकर तमाम अधिकारी से लेकर इलाके के जनप्रतिनिधियों का भी गुजरना होता है, लेकिन काले शीशा बंद वाहनों से वह हिचकोले खाते हुए निकल लेते जरुर है, लेकिन रुककर इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने की दिशा में पहल करने से वह पीछे हट जाते हैं। बड़ी संख्या में तहसील आने वाले अधिवक्ताओं से लेकर क्षेत्रीय लोगों को इस गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है, लेकिन तहसील के बड़े अधिकारियों की भी नजरें इस ओर इनायत नहीं हो रही हैं।

## गोतस्कर को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज तिराहे से मंगलवार की देर रात को पुलिस ने एक गोतस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल चौकी प्रभारी कस्बा राधेश्याम सिंह, एसआई जयवीर, अनिल यादव प्रवीण राय, दुर्गेश पाण्डेय, तेजबहादुर सिंह के साथ हौज गांव के तिराहे पर मौजूद थे। थोड़ी देर में एक व्यक्ति दिखाई पड़ा। जब पुलिस ने उसको रोका तब वह भागने लगा। पुलिस की टीम ने दौड़ाकर उसको पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस तथा सात सौ 40 रुपये बरामद हुए। गोतस्कर दरोगा कुमार पुत्र गिरिजराम राम चंदौली जनपद के अलीनगर थाने के सदलपुरा दयालपुर गांव का रहने वाला है। इसके ऊपर पहले भी स्थानीय थाने ने पशु तस्करी का मुकदमा दर्ज है।

## डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का शुभारम्भ




मीरजापुर। शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को लेकर जनपद में एक अनूठी जन स्वास्थ्य पहल की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम का बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में भव्य शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर निदेशक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. एके सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियन्त्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) चलाया जा रहा है, जिसे ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम से और बल मिलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सी. एल. वर्मा ने कहा कि इसके तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। आशा कार्यकताओं, सेवा प्रदाताओं और देखभालकताओं का क्षमतावर्धन किया जाएगा जो कि दस्त प्रबन्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा बच्चों में ओआरएस और जिंक का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा, डायरिया की शीघ्र पहचान करने के साथ ही मामलों के उच्च कवरेज और प्रबन्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए पीएसआई-इंडिया के सीनियर मैनेजर प्रोग्राम ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम और महिला आरोग्य समितियों के सदस्यों को डायरिया के प्रमुख बिंदुओं के बारे में प्रशिक्षित करने के साथ ही ओआरएस की महत्ता, शीघ्र स्तनपान और छह माह तक सिर्फ स्तनपान के फायदे के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। हाथ धुलने की सही विधि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन तक डायरिया से बचाव के प्रमुख सन्देश पहुंचाए जायेंगे। ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) और शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों को भी जोड़ा जाएगा। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों और अस्पतालों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जायेगा।

इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आर.सी.एच.) डॉ. वी. के. चौधरी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित ओआरएस को दस्त के इलाज के लिए गोल्ड स्टैण्डर्ड माना गया है। डायरिया की शुरूआत में ही पहचान कर ओआरएस का घोल दिया जाए तो गंभीर स्थिति तक पहुंचने से बच्चे को बचाया जा सकता है।

## बार काउंसिल उप्र.प्रत्याशी के पक्ष में गूंजी हुंकार

सोनभद्र। सोनभद्र की पावन धरती, जो चार प्रदेशों की सीमाओं से घिरी है, आज श्रद्धा और संकल्प के अद्भुत संगम की साक्षी बनी। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने विंध्याचल पहुंचकर मां विंध्यवासिनी देवी के दरबार में शीश नवाया और आगामी चुनाव में विजय का आशीर्वाद प्राप्त किया। मां के आशीर्वाद के उपरांत डॉ. यादव ने मिजार्पुर की मड़िहान तहसील तथा जनपद मिजार्पुर सिविल कोर्ट में अधिवक्ता साथियों से भेंट की। उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए सहयोग और समर्थन की अपील की।

अधिवक्ता बंधुओं ने उनका हार्दिक स्वागत किया और भरोसा जताया कि डॉ. वीरेंद्र यादव अधिवक्ताओं के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान की सशक्त आवाज बनेंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे वैद्य अजय वर्मा, मनोज यादव, राहुल सरोज, एडवोकेट राम प्रसाद यादव, सुरेश कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, कामता प्रसाद, राजकुमार पटेल, टीटू गुप्ता, कपिल पटेल, हरिशंकर मौर्य, बबन यादव, विकास शाक्य, भोला सिंह यादव, अध्यक्ष श्री जगजीवन सिंह, चौधरी आर.एन. मानव, अजीत सिंह यादव, रामजीवन सिंह यादव, शाहनवाज, राम गुल्ली यादव, पवन त्रिपाठी, भास्कर यादव, दयाराम यादव, संतोष यादव, अनिल मौर्य, राकेश यादव, रोशन लाल यादव, श्रीमती बिंदु यादव, कंचन सिंहा सहित अनेक अधिवक्ता एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने कहा अधिवक्ताओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए मैं सदैव संघर्षरत रहूंगा। यह चुनाव केवल एक पद की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अधिवक्ता समाज की एकता और न्याय की लड़ाई का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में नारे गूंज उठे-सोनभद्र की हुंकार-डॉ. वीरेंद्र यादव अबकी बार! समर्थकों ने उत्साहपूर्वक कहा कि यह सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार की दिशा में परिवर्तन की शुरूआत है।

## आधुनिक युग में ज्ञान नहीं, कौशल है असली पूंजी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में बुधवार, 12 नवम्बर को बिल्डिंग कैरियर रेडी ग्रेजुएट स्टील फार द मार्डन वर्क फोर्स विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार



ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री या प्रमाणपत्र सफलता की गारंटी नहीं हैं। कंपनियाँ ऐसे युवाओं की तलाश में हैं जो तकनीकी दक्षता, संवाद कौशल, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता से लैस हों। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि समय प्रबंधन, समस्या समाधान और सतत सीखते रहने की प्रवृत्ति ही किसी भी करियर में सफलता की कुंजी है। प्रो0 कुमार ने बताया कि सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि छात्रों को ह्लरोजगार देने योग्यह्व बनाना है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करें और हर अवसर का सदुपयोग करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे जिनका उत्तर प्रो. कुमार ने व्यावहारिक उदाहरणों सहित दिया। इस संवाद से छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने में मदद मिली। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के अनेक शिक्षकगण, प्रशिक्षण समन्वयक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यालय प्रभारी श्याम त्रिपाठी व छात्र सदस्य दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, हरि ओम साहू, शिवांश श्रीवास्तव, श्रेया मिश्रा समेत अनेक छात्र आयोजन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। संचालन सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की टीम ने किया।

संक्षेप

## प्रशिक्षु रिक्रूट आरक्षियों को यातायात पुलिस ने दी जानकारी

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

जागरूकता अभियान के दौरान आरक्षियों को स्वयं यातायात नियमों हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना के साथ- साथ राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया।इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# एसपी सिटी आवास के पास लावारिस अटैची मिलने से मची हलचल

जिला संवाददाता

अयोध्या। दिल्ली के लाल किले के पास कार में हुए धमाके को लेकर अलर्ट के बीच बुधवार को रोडवेज के सामने रामपथ किनारे एक लावारिश अटैची मिलने के बाद हलचल मच गई। अटैची सर्किट हाउस के निकट और एसपी सिटी के आवास के सामने

**● बम खोजी और निरोधी दस्ते की जांच पड़ताल में अटैची से नहीं मिला कोई आपत्तिजनक सामान**

यातायात पुलिस के मोबाइल बैरियर के पास पड़ी हुई थी। मामले की जानकारी के बाद हलचल मची तो नगर कोतवाली पुलिस ने बम खोजी और निरोधी दस्ते को मौके पर बुला जांच पड़ताल कराई। बम खोजी और निरोधी दस्ते की जांच पड़ताल में अटैची से कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने राहत की साँस ली। बाद में लावारिश मिली अटैची जनौरा निवासी शख्स की निकली। स्थानीय लोगों ने रोडवेज बस स्टेशन के सामने सर्किट हाउस के मुख्य गेट के निकट अपर पुलिस अधीक्षक नगर के आवास के सामने राम पथ पर फुटपाथ पर रखे हुए यातायात पुलिस के बैरियर के पास एक लावारिस सूटकेस रखा होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और बम डिस्पोजल टीम( बीडीएस ) ने लावारिस अटैची की जांच की और इसमें कोई विस्फोटक न होने की जानकारी के बाद अटैची को खोलकर तलाशी ली गई। तलाशी में अटैची में छह हजार रुप्या,लेडीज पर्स,दो जोड़ी जूते,लेडीज व जेंट्स के कपड़े,दो चश्मा,कंघा,क्रीम आदि मिला है। इसके बाद अटैची को नगर कोतवाली पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। पुलिस के पास पहुंचे जनौरा निवासी सिद्धांत सिंह ने बताया कि यह अटैची उनकी है और रोडवेज बस पर सवार होते समय छूट गई थी। दरअसल उनका परिवार और कुल दस लोगों का ग्रुप सुबह वैष्णो देवी दर्शन करने जाने के लिए निकला था।

रोडवेज पर समूह का सामान लादते समय उनकी अटैची छूट गई। लखनऊ पहुँचने के बाद मामले की जानकारी हुई तो वह वापस लौटे। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि अटैची को चाचा राकेश कुमार सिंह की मौजूदगी में सिद्धांत के हवाले कर दिया गया।



## कराटे एकेडमी का शुभारम्भ

सोहावल-अयोध्या। अयोध्या कराटे एकेडमी की चैथी शाखा सोहावल के आर डी इंटर कालेज में स्थापित कर दी गई। इसका उद्घाटन सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप ने किया। बच्चों में जागरूकता पैदा करने के लिए तहसील गेट से लेकर सुचित्तागंज बाजार तक कालेज के बच्चों ने एक रैली भी निकाली। जिसके साथ कराटे संघ के पदाधिकारी और कालेज के शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

बुधवार को फीता काटकर एकेडमी का शुभारंभ करते हुए सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप ने कहा कि बीते दिनों केवल 45 दिनों के प्रशिक्षण पर तीन बालिकाओं ने प्रदेश स्तर पर न सिर्फ मेडल हासिल किया बल्कि क्षेत्र और जिला के साथ अपने कालेज का गौरव भी बढ़ाया है। इसे देखकर ही जनपद अयोध्या में कराटे एकेडमी स्थापित करने का निर्णय लिया गया। और आज चैथी शाखा सोहावल में स्थापित हो रही है। आत्मरक्षा और राष्ट्र सेवा के लिए कराटे एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है ।यह कालेज के बच्चों को निःशुल्क दी जाएगी।

## समाजवादी आंदोलन के दिग्गजों में से थे एसएम जोशी: चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया** । श्रीधर महादेव जोशी( एस.एम. जोशी ) एक महान स्वतंत्रता सेनानी , समाजवादी नेता, संसद सदस्य और संयुक्त महाराष्ट्र समिति के नेता थे जिनका जन्म 12 नवंबर 1904 को जुन्नार , पुणे में हुआ था ।श्रीधर महादेव जोशी भारत में समाजवादी आंदोलन के दिग्गजों में से एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे जो प्रजा सोशलिस्ट पार्टी ( ढरढ ) के 1963 में और संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ( ररढ ) के 1964 में अध्यक्ष चुने गए ।वे जनता पार्टी के भी संस्थापक सदस्यों में से थे, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित एसएम जोशी जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि एसएम जोशी ने 1924 में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया। 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने के कारण एक वर्ष के लिए जेल में डाले गए ।रिहाई के बाद, ₹रॉय दिवस₹ पर दिए गए एक भाषण के कारण उन्हें फिर से दो वर्षों के लिए जेल में डाल दिया गया। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पुरखा एसएम जोशी का समाजवादी आंदोलनों में उल्लेखनीय योगदान है जिसमें 1934 में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के गठन , राष्ट्र सेवा दल और जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किए गए क्रांतिकारी अभियान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है। एसएम जोशी ने भारत में समाजवाद की परिकल्पना को पूर्ण करने हेतु जो आधारशिला रखी थी वह आज देश में सामाजिक न्याय और समतावादी आंदोलन की संवाहक है। हम आज अपने इस महान समाजवादी पुरखा को उनके जयंती पर हृदय की गहराइयों से नमन करते हैं ।उक्त अवसर पर सुरेश नारायण सिंह, गोविंद यादव, व्यास यादव, गोविंद यादव, श्यामसुंदर प्रसाद, तीर्थराज यादव, विनोद यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, संजय यादव, संतोष मद्धेशिया, छोटेलाल यादव आदि ने उपस्थित रहे ।

## भगवान श्रीकृष्ण ने दुष्टों के नाश के लिए अवतार लिया : पं मुकेश मोहन शास्त्री



**देवरिया** ।श्री शनि सिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर स्थित न्यू कॉलोनी के प्रांगण में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा पंडित मुकेश मोहन शास्त्री ( भागवताचार्य, वृन्दावन ) द्वारा कथा सायं 5 बजे से 8 बजे तक चल रही है जिसके आयोजक श्री रामेश चंद्र त्रिपाठी जी है कथा व्यास ने श्रोताओं से दिनचर्या में समय का पालन करने को सुखमय जीवन का परिचायक बताया ।समय से सोना और सूर्योदय से पूर्व उठ जाना चाहिए।एकांत में अपने आप से चार प्रश्न करना चाहिए-- मैं कौन हूँ, मैं कहाँ से आया हूँ, मैं किसलिए आया हूँ, मुझे कहाँ जाना है ? कलियुग में धर्म एक पैर पर टिका है।उसके सत्य, दया , तप के पैर टूट चुके हैं, केवल दान का पैर बचा है। अतः कलियुग में दान श्रेष्ठतम धर्म है। श्री कृष्ण ने बड़ी चतुराई से द्रोपदी को भीष्म पितामह के पास भेजकर उसे अखण्ड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद दिला दिया था जिससे पांचों पाण्डवों को जीवनदान मिल गया वरना वे भीष्म के हाथों मारे जाते। कथाव्यास महाराज की रोचक कथा शैली से श्रोता मंत्रमुग्ध हो रहे है ।

# किसान जागरूकता गोष्ठी, वैज्ञानिकों ने दी जानकारी



**बांदा**। कृषि सूचना तंत्र की मजबूती एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रबी गोष्ठी रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागृह में हुई। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और रूपरेखा प्रस्तुत की। शुरू में लघु चलचित्रों के माध्यम से किसानों को पराली प्रबंधन व कृषि ड्रोन उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। इसके बाद कृषि वैज्ञानिक डॉ श्याम सिंह ने रबी, दलहनी फसलों में जैव उर्वरकों का महत्व, लाभ के बारे में जानकारी दी। डॉ चंचल सिंह कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को फसल सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रतीक चैबे में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के फायदे बताए तथा फसलों में उपयोग करने की विधि के संबंध में किसानों को जागरूक किया। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने कृषि निवेशकों की उपलब्धता एवं उनमें अनुदान की विस्तृत जानकारी दी। भूमि संरक्षण अधिकारी मनोज कुमार गौतम ने भूमि संरक्षण के चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी, खेत-तालाब योजना की बुकिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से किसानों को जानकारी दी। जिला रेशम अधिकारी ने चल रही योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं का लाभ लेने की किसानों से अपील की। उपकृषि निदेशक ने फसल अवशेष को न जलाने की अपील की साथ ही तिलहनी फसलों, फसल बीमा, नेचुरल फार्मिंग, बुंदेलखण्ड पैकेज के तहत सोलर फेंसिंग एवं बुंदेलखण्ड प्राकृतिक खेती व अन्य योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी। उन्होने कहा कि राज्य सहायतित तिलहन मिनी किट में 10,050 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक करीब 7 हजार किसानों ने बुकिंग कराई है। बची हुई मिनी किट की बुकिंग कृषि विभाग के पोर्टल एग्री दर्शन से कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ एवं विभागों की नवीनतम तकनीकों की जानकारी मोबाइल फोन के जरिए प्राप्त कर सकते हैं। गोष्ठी में लगभग 500 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना भारती ने किया।

# जनजातीय समाज के अग्रदूत थे भगवान बिरसा मुंडा: कमलेश पासवान



**देवरिया** ।बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने शहर के देवरिया क्लब में जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे ।समारोह की शुरूआत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने अपने संबोधन में कहा, बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उलगुलान आंदोलन कर आदिवासी समाज को संगठित किया। उनका संघर्ष आज भी हमें स्वाधीनता, स्वदेशी और सामाजिक समरसता की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जनजातीय गौरव पखवाड़ा ( 1 ?से ?15 ?नवंबर ) की भी सराहना की, जिसका उद्देश्य जनजातीय संस्कृति और इतिहास को जन-जन तक पहुँचाना है ।भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा, हम बिरसा मुंडा के आदर्शों को सम्मानित करने के लिए इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाते हैं। इस पखवाड़े के तहत देवरिया में कई सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे आदिवासी समाज का गौरव और अधिक उजागर हो। उन्होंने सभी को इस अवसर पर स्वच्छता, पुष्पार्चन और दीपोत्सव में भाग लेने का आह्वान किया ।समारोह में उपस्थित जनसमुदाय ने बिरसा मुंडा के जयकारे लगाते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, और सभी को इस ऐतिहासिक दिन की शुभकामनाएँ दी गईं ।यह आयोजन भाजपा के प्रदेश-व्यापी ह्यजनजातीय गौरव पखवाड़ाह्व का हिस्सा है, जो 1 ?से ?15 ?नवंबर तक चलाया जाएगा ?। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, संजय सिंह एडवोकेट, अजय कुमार दुबे, गंगा सिंह कुशवाहा, अजय शाही, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही आदि उपस्थित रहे।

## संपत्ति मूल्यांकन दर सूची पर आपत्तियों की सुनवाई के लिए बैठक 17 को

**कुशीनगर**। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प ( संपत्ति का मूल्यांकन ) नियमावली, 1997 के नियम-4 के अंतर्गत, यथासंशोधित 2013 एवं 2015 के प्रावधानों के अनुसार जनपद कुशीनगर में मूल्यांकन दर सूची का पुनरीक्षण प्रस्तावित किया गया है। वर्तमान में प्रभावी मूल्यांकन दर सूची का युक्तियुक्त/तर्कसंगत पुनरीक्षण कर इसे बाजार मूल्य के समतुल्य बनाए जाने के विषय में विचार-विमर्श किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मूल्यांकन दर सूची तैयार कर आपत्तियों एवं सुझाव प्राप्त करने हेतु इसका पूर्व में प्रकाशन किया गया था। जिसके अंतर्गत दिनांक 18 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक आम जनता से आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे। श्री मिश्रा ने बताया कि प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के अंतिम मूल्यांकन एवं सूची में समाहित किए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में संबंधित उपनिबंधक, तहसीलदार, उप जिलाधिकारी तथा सहायक महानिरीक्षक निबंधन की बैठक दिनांक 17 नवम्बर 2025 को अपराह्न 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, कुशीनगर में आहूत की गई है ।इस बैठक में आपत्तिकर्तागण को उनकी आपत्तियों पर सुनवाई हेतु आमंत्रित किया गया है।

# जनपद में सबसे बड़ा सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न

**ललितपुर**। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को जनपद को प्राप्त 330 लक्ष्य के सापेक्ष आज जनपद के गिन्नौट बाग में 332 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र

**● मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत दाम्पत्य सूत्र में बंधे 332 जोड़े**

रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट पुनीत सिंह परिहार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सौनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान सहित अन्य अधिकारीगणों ने भगवार श्री गणेश जी का पूजन कर वर-बधु को सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया ।जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में अब तक का सबसे बड़ा आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसके लिए पूर्व से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थीं, व्यवस्थाओं के लिए पंचायती राज विभाग, नगर पालिका, पूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को तैनात किया गया और आयोजन स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया, साथ ही बायोमेट्रिक मशीन व फेस रीडर के माध्यम से जोड़ों का सत्यापन कराया गया। आयोजन में पूरे विधिविधान से धार्मिक रीतिरिवाजों के साथ नवयुगलों का विवाह और निकाह सम्पन्न कराया गया और योजनान्तर्गत प्रत्येक जोड़े को 01 लाख रुपए की धनराशि का लाभ दिया गया, जिसमें से 60 हजार रुपए कन्या के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजा गया, 25 हजार के उपहार, गृहस्थी का सामान व कपडे आदि पर व्यय हुए तथा शेष 15 हजार से आयोजन व भोजन आदि पर व्यय किये गए ।कार्यक्रम में 332 नवयुगलों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिनमें नगर पालिका के 80, नगर पंचायत पाली के 04, नगर पंचायत महरौनी के 02, नगर पंचायत तालबेहट के 05, विकासखण्ड जखौरा के 57, विकासखण्ड महरौनी के 30, मड़ावरा के 34, तालबेहट के 44, बार के 44 और बिरधा के 32 जोड़े शामिल है कार्यक्रम में उपायुक्त मनरेगा रमेश कुमार यादव, पीडी डीआरडीए दीपक कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, अधिकारी नीरज सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जिमन-8 की जमीन का अवैधानिक तरीके से बैनामा करने का आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। खेवट खाता 1 की आराजी संख्या 1748 एवं 1750 में जिमन-8 की जमीन की जमीन पर काश्तकार महिला द्वारा अवैधानिक तरीके से बैनामा किये जाने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में मोहल्ला चैबयाना निवासी

**● नियत प्राधिकारी से शिकायत कर कानूनी कार्यवाही की मांग**

श्यामाकान्त चौबे एड. ने नियत प्राधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि वह खाता खेवट 1 अकृषक भूमि की जमीदारी में दर्ज राजस्व अभिलेख में स्व.रमेशचंद्र चौबे का पुत्र है। बताया कि उसे जानकारी हुयी कि खाता खेवट 1 की आराजी संख्या 1748 एवं 1750 में जिमन-8 की भूमि है, जिस पर काश्तकार को जमीन बेचने का किसी भी प्रकार का कानूनी अधिकार नहीं है। आरोप लगाया कि महिला काश्तकार ने अवैधानिक तरीके से विभिन्न-विभिन्न लोगों को बैनामा कर दिये हैं, जिसमें कुछ प्रभावशाली लोग आदि शामिल हैं।

बताया कि इस सम्पत्ति पर बिना जमींदारों के स्वीकृति लिये पूर्व में एक पट्टा किया गया होगा, जो कि वर्तमान में जिमन-8 में दर्ज है। उक्त जमीन पर महिला द्वारा विक्रय करने का किसी भी प्रकार से अधिकार नहीं है।

इस पट्टे में किसी भी जमीदार की स्वीकृति नहीं लगी है और पूर्व में पट्टा धारक की मृत्यु हो चुकी है, जिसमें उनकी पुत्री द्वारा विभिन्न-विभिन्न लोगों को अवैधानिक तरीके से बैनामा कर दिया गया है, जो कि शून्य दस्तावेज हैं। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कराये जाने और कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव का हुआ स्वागत



**कसया, कुशीनगर**। अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित लिंह सन इंटरमीडिएट कालेज में नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव, प्रत्याशी एमएलसी शिक्षक गोरखपुर -फैजाबाद कमलेश यादव का शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया ।बुधवार को कुशीनगर पहुंचे नेता विरोधी दल विधान परिषद लाल बिहारी यादव प्रत्याशी एमएलसी शिक्षक गोरखपुर-फैजाबाद कमलेश यादव व प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रधानाचार्य पुरंदर प्रताप यादव संग दिवंगत भदंत ज्ञानेश्वर की समाधि पर पहुंचकर उन्हें नमन किया। इसके बाद लिंह सन इंटरमीडिएट कालेज पहुंचे जहां भंते मुलायम, प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष नियामत अली एवम विद्यालय प्रबंधक दिनेश वर्मा व विद्यालय के सभी शिक्षकों ने स्वागत किया।

# गोष्ठी में गन्ने की उन्नत और सह फसली खेती की दी गयी जानकारी



**कुशीनगर**। हाटा गन्ना समिति के 12193 कृषकों ने 52.72 करोड रूपया भुगतान हुआ है। हाटा 12 नवंबर ढाढा परिक्षेत्र में शरद कालीन गन्ना बुवाई क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए अधीशाषी अध्यक्ष आरके गुप्ता के मार्गदर्शन में गन्ना विकास के लिए योजनाएं चलाकर कृष्को को लाभान्वित किया जा रहा है। गन्ने की वैज्ञानिक खेती के विषय में जानकारी देने के लिए गांव गांव में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में हटा विकासखंड के ग्राम मदरहा में शरदकालीन गन्ना विकास गोष्ठी का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र के पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि गन्ने की अधिक उपाय देने वाले प्रमुख प्रजातियां को 0 118, कोलक 14201, कोश 13235 जल भरा वाले खेतों में कॉ पी 9301 की बुवाई 4 फुट की दूरी पर नाली बनाकर करें। गन्ना बोते समय नाली में एक एकड़ खेत में 75 किलो 25 किलो यूरिया, 100 किलो बायो पोटाश, 40 किलो मयुरेट आफ पोटाश का प्रयोग करें। पोटाश गन्ना फसल को कीट रोग के प्रति रोधी क्षमता बढ़ाता है। वजन तथा रस की मात्रा बढ़ाता है। सुखा से बचाता है। गन्ने के साथ आलू, तोरिया लहसुन की सह फसली खेती करें आय बढ़ेगी। फोटोग्राफ दिखाए आधिशाषी अध्यक्ष आर के गुप्ता ने संदेश दिया कि 30 रू कुंतल दाम बढ़ाने पर 86 लाख कुंतल गन्ना पिराई पर किसानों को 26 करोड़ अधिक लाभ होगा। गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाएं एक सप्ताह में भुगतान होगा। कम दाम पर क्रेशर पर गन्ना न बेचे। संचालन करते हुए सहायक उपाध्यक्ष गन्ना मनोज बिश्नोई ने बताया की तोरिया के बीज 50% अनुदान पर उपलब्ध किसान लेकर गए बुबाई करें। सभी गांव में चीनी मिल का गन्ना विकास कर्मचारी तोरिया का बीज, ट्राईकोडरमा, बायो पोटाश उपलब्ध करा रहा है। जिसके पास गन्ना नहीं है बुवाई के लिए 10 कुंतल बीज 50% अनुदान पर दे रही है। ढाढा चीनी मिल उप प्रबंधक नागेंद्र राणा ने बताया कि 44 गांव में 700 एकड़ गन्ना बोने का लक्ष्य है। 526 एकड़ बोने का इडेट मिल गया है। गन्ना संस्थान पर पंच द्वारा पिपराइच द्वारा गन्ना साहित्य, कलम, नोटबुक वितरित किया गया। इस मौके पर अजय प्रताप सिंह, ब्रह्म सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र, दीनानाथ, गुलाब सिंह सहित सैकड़ो किसानो ने उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**कुशीनगर**। मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को कस्बे के सेंट जोसेफ स्कूल में पुलिस विभाग की ओर से छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा के उपायों और कानून द्वारा मिले अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई अराजक तत्व विद्यालय आते-जाते समय परेशान करे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस आपकी पहचान गुप्त रखते हुए कठोर कार्रवाई करेगी। इस दौरान छात्राओं के महिला सुरक्षा से जुड़े प्रश्न का पुलिसकर्मियों ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया।




वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेराम यादव ने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति जैसे अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 या नजदीकी थाने को सूचना करें।

एसआई यादव ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करें और किसी अजनबी से ऑनलाइन बातचीत से बचें। विद्यालय के डायरेक्टर सीओ जोश ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन शिक्षक अजय उपाध्याय ने किया। जबकि विद्यालय की प्रधानाचार्या जे.सी. जोश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

कार्यक्रम में एसआई विशाल कुमार, महिला सिपाही निधि, रितेश कुमार राय, शुभम पाण्डेय, अशोक राय, विशाल शाही, नवीन द्विवेदी, अर्चिता, मनीषा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## धर्म की संस्थापनाके लिए प्रभू लेते अवतार :डा.श्रीप्रकाश

**बरहज,देवरिया**। कपरवार गांव में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कथाव्यास डाक्टर श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि जब जब इस पृथ्वी पर धर्म का ह्रास व अधर्म की बढोत्तरी हुई और कंशादि रुपी पापियों का पादुर्भाव हुआ तब तब प्रभू किसी न किसी रूप में अवतार लेकर पापियों का सर्वनाश कर पृथ्वी के बोझ को हल्का करके धर्म की स्थापना करते हैं । कहाकि द्वापर युग के अंत में जब आसुरी शक्तियों का चारों तरफ बोलबाला हो गया तब पृथ्वी से ए सब सहा नहीं गया । वह देवों के साथ जाकर ब्रम्हा जी को अपना दुखडा सुनाया । ब्रम्हादि देवता क्षीरसागर के तट पर भगवान को पुकारने लगे । उसी समय आकाशवाणी हुई कि कुछ ही समय में देवकी और वसुदेव के यहां अवतार लेकर तुम्हारे सारे कष्टों का निवारण करुंगा । यह सुनकर सारे देवता भगवान की स्तुति करने लगे । यहां मथुरा में देवकी वसुदेव का विवाह हुआ। कंश ने सोने के रथ हजारों दास दासिया दिया जिस रथ पर देवकी वसुदेव बैठे थे उसी का संचालन स्वयं कंश कर रहा था । संतान तेरा बध करेगी । यह सुनकर कंश आग बबूल हो गया और कहा न रहेगी देवकी न होगी आठवीं संतान यह कहकर देवकी की चोटी पकडकर मथुरा की सडकों पर घसीटते हुए मारना चाहा तब वसुदेव जी कंश से कहे देवकी तो आपके मृत्यु का कारण है नहीं मैं देवकी के सभी संतानों को आपके हवाले कर दूंगा । कंश मान गया । प्रथम बालक का जन्म हुआ वसुदेव जी कंश को दे दिये कंश ने कहा मेरा काल आठवां है उसे लाइयेगा। नारद जी ने जाकर उल्टा सीधा पढा दिया । कंश एक एक कर छः संतानों की हत्याकर दिया आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर सारे दुष्टों का संहार कर दिया ।

# डीएम ने प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

हरगांव (सीतापुर)। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 ने आज विकास खण्ड हरगांव क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मलिहाबाद एवं आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने वीएचएसएनडी के तहत सचांलित सत्र का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बच्चों से वार्ता करते हुये शिक्षण कार्य, भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ने शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली। रसोई घर के निरीक्षण के दौरान बच्चों को मिड-डे-मील में दिये जाने वाले चावल की गुणवत्ता को चेक किया। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सहायक अध्यापक अशोक कुमार के शिक्षण कार्य में अनियमितता पाये जाने पर का एक दिन का वेतन काटनें एवं प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुये बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश संबंधित को दिये। आशा कार्यकत्री की अनुपस्थिति पर अग्रिम कार्यवाही एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित होने पर एक दिन का वेतन काटने के साथ अग्रिम कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उधर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 ने बुधवार को ब्लाक हरगांव के मलिहाबाद उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकेन्द्र खुला मिला, परन्तु कोई भी सम्बंधित कर्मचारी वहाँ मौजूद नहीं था, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी प्रकट की गई। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नौकरी से बर्खास्त करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सेन्टर सुपरवाइजर का वेतन काटने तथा नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये। डीएचएस में प्रस्ताव लाते हुये सम्बंधित बैम शीला देवी का वेतन काटने के निर्देश दिये। संबंधित विकास खण्ड के सीएचओ बलजिंदर कौर का वार्षिक वेतन वृद्धि एवं पीबीआई बिल काटनें के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि चेकलिस्ट बनाते हुये आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी की चेक लिस्ट तैयार कर सीएचओ, एएनएम, बीएएम, एमओआईसी तथा संबंधित ब्लॉक के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराते हुये जांचोपरान्त प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी सत्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकारी गोदामों में खाद व बीज की कमी से चलते किसान परेशान

जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। रबी की फसल की बुवाई तेजी से प्रारंभ है। वही सरकारी गोदाम में डीएपी खाद एवं बीज की कमी के कारण किसान प्राइवेट दुकानों से अधिक दाम खर्च कर खाद एवं बीज लेने के लिए मजबूर है।

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अंतर्गत साधन सहकारी समितियो एवं सरकारी बीज भंडारो एवं सरकारी खाद केदो में बीज एवं खाद की कमी होने के कारण किसान रातों दिन दर-दर भटक रहा है वही प्राइवेट दुकानों से अधिक दाम लगाकर खाद एवं बीच खरीद कर गेहूं की फसल की बुवाई कर रहा है एक तरफ जहां सरकार किसानो की आय दुगनी करने की बात करता है वहीं दूसरी तरफ किसानों को सही समय पर खाद बीज पानी नहीं मिल पाता है किसानों ने कहा कि जब किसान की फसल तैयार होती है तो उसका उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों के पास पैसा नहीं होने के कारण फसल कटते ही नई फसल बोने के लिए तुरंत अनाज मजबूरी बस बेच देता है किसानों ने कहा कि यदि सरकार द्वारा सही समय पर बीज खाद पानी मिल जाए तो हम लोग खेती में अधिक मेहनत करके पैसा कमा करके अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सके व अपने बच्चों को शहर पलायन होने से काफी हद तक रोक सके।

संक्षेप

## पुलिस ने बताया साइबर अपराधों से बचने का उपाय

फतेहपुर । उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक, लखनऊ द्वारा प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने हेतु सार्वजनिक स्थलों जैसे स्कूल, कॉलेज पुस्तकालय और अन्य स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी अपराध बृज मोहन राय के नेतृत्व में 12 नवम्बर 2025 को राजकीय आईटीआई कॉलेज, फतेहपुर में साइबर थाना फतेहपुर द्वारा जनजागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई ।कार्यशाला में निरीक्षक रविन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक अखिलेश उपाध्याय तथा आरक्षी अरुण कुमार ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव एवं सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डी. के. श्रीवास्तव, राजोल सिंह, विनय तिवारी, रश्मि सचान, श्रद्धा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।जनपद के अन्य थानों में भी यह अभियान व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और नागरिकों को बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध का शिकार होता है तो वह तुरंत इस नंबर पर कॉल करके या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकता है।

## ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर में युवक की मौत

महोली (सीतापुर)। थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक के ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ जाने से काफी चोट लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बीते मंगलवार की देर शाम क्षेत्र के ब्रम्हावली गांव निवासी सौतम बाजपेई 35 पुत्र शशि कांत बाजपेई देर शाम अपनी बाइक पर सवार हो किसी जरूरी काम से जा रहा था। इस दौरान बड़ागांव महोली मार्ग पर वासुदेव फार्म के निकट अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें जोरदार टक्कर लग गई। जिसके बाद युवक रोड पर जा गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में इंस्पेक्टर जे बी पाण्डेय ने बताया विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम कराने को भेजा गया। वाहन की तलाश जारी है।

## प्रेमी पर लगाया गर्भपात की दवाई खिलाने का आरोप

सिधौली (सीतापुर)। कमलापुर की तीन माह की गर्भवती निकली युवती ने प्रेमी पर गर्भपात की गोलियां देने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार कमलापुर थाना क्षेत्र की एक युवती की तबीयत बिगड़ने पर मामला चैंकाने वाला निकला। परिजनों ने बताया कि बीते चार दिन पहले उनकी 20 वर्षीय पुत्री की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। जिसके बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने जांच की तो युवती तीन से चार माह की गर्भवती पाई गई। यह सुनकर परिजन हैरान रह गए। परिजनों के पूछने पर युवती ने बताया कि उसका सिधौली कोतवाली क्षेत्र के गंधौली गांव निवासी एक युवक से प्रेम संबंध था। शिवा अक्सर रिश्तेदारी के बहाने उनके गांव आता-जाता था। युवती ने बताया कि गर्भ का पता चलने पर शिवा ने उसे गर्भपात की पांच गोलियां दीं, जिन्हें खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। मामला सामने आने के बाद परिजनों ने बताया जब आरोपी युवक से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद पीड़िता के परिवार ने सिधौली कोतवाली में आरोपी युवक के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पति की ससुरालियों ने की पिटाई

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। पत्नी को लेने ससुराल गए एक व्यक्ति को ससुरालियो ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को वहां आस पास के लोगों ने अस्पताल भेजा जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव मोहाई निवासी अरविन्द नामक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी शादी लगभग चौदह साल पहले शाहपुर बुर्ज गांव निवासिनी माया नामक महिला से हुई थी। तब से उसकी पत्नी आए दिन विवाद करके मायके चली जाती थी। बीते चार नवम्बर को भी बिना बताए मायके चली गई। पत्नी के बुलाने पर पांच नवम्बर को वह पत्नी को लेने ससुराल गया जहां पत्नी माया, ससुर नन्हे लाल, सास नन्ही और साले राजू ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# समाज कल्याण विकास संघ कार्यकारिणी का गठन, पदाधिकारियों का चुनाव हुआ



सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। समाज कल्याण विकास संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं महामंत्री का चयन किया गया। समस्त नव नियुक्त पदाधिकारियों को टीम ने शुभकामनाएं प्रेषित की। जनपद के समस्त समाज कल्याण विभाग के सहायक विकास अधिकारियो की उपस्थित में बैठक आहूत की गई। जिसमे चुनाव अधिकारी सेवा निवृत सहायक विकास अधिकारी ब्रह्मवेद पाण्डेय, ब्रज मोहन वर्मा ने सर्व सम्मति से सफीपुर ब्लॉक में तैनात सुनील कुमार रावत को अध्यक्ष, शुभम श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष एवं श्रीकांत मिश्र को महामंत्री नियुक्त किया गया। वहीं ब्रह्मवेद पाण्डेय एवं ब्रज मोहन वर्मा को संरक्षक नियुक्त किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों को समस्त टीम ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण पूजा सिंह, शशि प्रभा, राखी पटेल, अस्मित पटेल, अजय कुमार, अजय चरण सागर, शिवेंद्र प्रताप एवं सूर्यमणि आदि लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण, वितरण में तेजी लाने के निर्देश



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। विधानसभा क्षेत्र 167 पुरवा के अंतर्गत बूथ संख्या 168 प्राथमिक पाठशाला रतवसियना मदार और बूथ संख्या 179 पी.एस. भूपतिपुर पर मतदाता सूची वितरण कार्य का निरीक्षण किया गया। बूथ 168 पर धीरेन्द्र तथा बूथ 179 पर अनामिका सिंह द्वारा वितरण कार्य किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि दोनों बूथों पर कार्य की गति संतोषजनक है और अगले तीन दिनों में वितरण कार्य पूर्ण होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, विधानसभा क्षेत्र 167 पुरवा में कुल लगभग 4,19,000 मतदाता हैं। जिनमें से अब तक करीब 60 प्रतिशत वोटरों को पर्चियां वितरित की जा चुकी हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 4 दिसंबर तक सभी फार्म भरवाकर वापस लेकर उनका डिजिटलीकरण किया जाएगा इसके पश्चात 7 दिसंबर को मतदाता सूची रोल का प्रकाशन किया जाएगा जिसके बाद दावा और आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया आरंभ होगी। अधिकारियों ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि रोल प्रकाशन की तिथि तक सभी तैयारियां पूरी हो सकें।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर किशोरी व माता-पिता को पीटा

सिधौली (सीतापुर)। खेतों में शौच गयी एक किशोरी के हाथ पकड़ खींचने का विरोध पर किशोरी सहित माता पिता को पीटने का आरोप आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर दी कि उसकी नाबालिक पुत्री शौच गयी थी तभी रास्ते मे पड़ने घर के विपक्षी युवक द्वारा उसके हाथ पकड़ कर खीच लिया। विरोध करने पर जब उसकी माँ व पिता पहुंचे तो उसे भी मारा और फरार हो गया। पीड़ित द्वारा युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग कि कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि पुरानी झगड़े की वजह से दोनों पक्ष में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है उचित कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम ने डालमिया चीनी मिल का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने देर रात रामकोट स्थित चीनी मिल डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने गन्ने की तौल कराने हेतु आए कृषकों से भी वार्ता कर फीडबैक लिया। उन्होंने चीनी मिल का निरीक्षण कर पर्ची वितरण, कार्यप्रक्रिया, कार्यक्षमता, सुरक्षा और उत्पादन की गुणवत्ता आदि की भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गन्ना तौल का कार्य मानकों के अनुसार पूरी शुद्धता के साथ किया जाये। तौल कराने हेतु आए किसानों को मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। किसानों को मानक के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाये। गन्ना मूल्य का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने मिल के निरीक्षण के दौरान कार्यपद्धति का अवलोकन किया। मिल में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने मानकों के अनुसार उत्पादन प्रक्रिया सुनिश्चित किए जाने के निर्देश देते हुए चीनी की गुणवत्ता और उत्पादन की मात्रा आदि की जानकारी भी ली। मिल में स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधी मानकों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित मिल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब का ठेका दिलाने के नाम पर सपा नेता समेत तीन पर ठगी का आरोप

फतेहपुर - फतेहपुर जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र के करनपुर मजरे रामपुर थरियांव में ठगी के शिकार युवक की आत्म हत्या के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस ने मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने दो ठगो के खिलाफ आत्म हत्या के लिए उसकाने का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

उक्त मामले में मृतक के करीबी रिश्तेदार ने आठ लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने वीडियो होने का दावा किया है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से पीड़ित से की है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर के रहने वाले रामबाबू पुत्र रामसुमेर लोधी ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि बीते फरवरी माह में करनपुर निवासी रिश्तेदार दिनेश लोधी अपने मामा सपा नेता शनि लोधी पुत्र जगदीश लोधी निवासी जगेसर पुरवा कोतवाली फतेहपुर के साथ उसके घर गया था। तभी दोनों ने शराब का ठेका दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपए की मांग करने लगे।

पीड़ित ने बताया कि करीबी रिश्तेदार होने के नाते विश्वास में आकर बैंक से कर्ज लेकर, खेत गिरवी रखकर व पत्नी के जेवरात बेंच कर आठ लाख इकट्ठा कर किश्तों में सपा नेता शनि लोधी, दिनेश लोधी और पुनीत लोधी को दे दिया। ठगों ने रिश्तेदार अनूप लोधी से भी जालसाजी कर तीन लाख का ऐंठ लिए हैं। पीड़ित के मुताबिक रुपयों के लेनदेन का वीडियो उसके पास मौजूद है। आशंका होने पर पीड़ित ने रुपयों की मांग की तो टरकाते रहे। बताया कि दो दिन पूर्व दिनेश लोधी से फोन पर रुपए वापस करवाने के लिए कहा तो उसने आश्वासन देकर पीड़ित और रिश्तेदार अनूप को फतेहपुर बुला जहां पर शनि लोधी अपने कई साथियों के साथ गाली गलौज करने लगा और विरोध करने पर लात घुसों से जमकर मारा पीटा। आरोप है कि मारपीट के दौरान शनि लोधी ने उसकी जेब दो हजार रुपए भी छीन लिए हैं। मारपीट से क्षुब्ध होकर रिश्तेदार अनूप लोधी ने घर पहुंचकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। युवक के आत्महत्या करने के बाद पीड़ित किसान का परिवार दहशत में है। बताया कि सपा नेता दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जो सीधे साधे लोगों को काम करवाने का प्रलोभन लेकर अपना शिकार बनाता है और बाद धमकी देकर जान से मारने की धमकी देता है। ठगी का शिकार रामबाबू लोधी ने थरियांव पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले पर थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# स्ट्रीट डॉग को हटाने के आदेश पर उठे सवाल, पशु प्रेमियों में चिंता







जिला संवाददाता

सीतापुर। 7 नवंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाकर आश्रय गृह भेजने के आदेश के बाद पशु प्रेमियों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों ने चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि आदेश का उद्देश्य सुरक्षा हो सकता है, लेकिन संसाधन, देखरेख और संवेदनशील कार्ययोजना के अभाव में यह पशु क्रूरता को बढ़ा सकता है।

महार्षि विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या शिक्षा दीक्षित ने कहा, मेरे विद्यालय परिसर में लंबे समय से देसी कुत्ते रहते हैं, आज तक किसी को नुकसान नहीं पहुँचाया। बच्चों को दया और पशु प्रेम सिखाया जाना चाहिए, हिंसा नहीं। न्यायालय को अपने आदेश पर पुनर्विचार करना चाहिए गौ सेवा समिति के संस्थापक अमित गौर का मानना है, पकड़ो नसबंदी टीकाकरण वापसी मॉडल सबसे वैज्ञानिक और मानवीय तरीका है। हजारों कुत्तों को आश्रय गृह में रखना बिना तैयारी संभव नहीं।ह्व फेथ फाउंडेशन, कमलापुर के ऋषभ शुक्ला ने कहा, बिना बजट, निगरानी और आश्रय प्रबंध के यह आदेश पशुओं को कष्ट में डाल सकता है। इसे लागू करने से पहले ठोस नीति और संसाधन सुनिश्चित किए जाएं।ह्व वहीं पशु प्रेमी आरूषी तिवारी ने अपनी राय में कहा, ह्लकुत्ते हमारे समाज का हिस्सा हैं, दुश्मन नहीं। उन्हें उनके क्षेत्र से हटाने पर संघर्ष और शून्य स्थिति बनेगी, जिससे समस्या घटेगी नहीं, बढ़ेगी। समाधान संवेदना, देखरेख और सामुदायिक भागीदारी में है, न कि उन्हें कैद करने में।ह्व सभी वक्ताओं ने आग्रह किया कि सुरक्षा के साथ-साथ पशु अधिकार, करुणा और व्यावहारिक योजना को प्राथमिकता दी जाए।

## अतिक्रमण नहीं करें व्यापारी :चंदन



फतेहपुर । जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान ने अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आज व्यापारी संवाद यात्रा निकाल कर शहर क्षेत्र के व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठानों में जाकर प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण अभियान को लेकर वार्ता की उन्होंने व्यापारियों से निवेदन किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए रोड़ के दोनों तरफ के नाले के पीछे ही रहकर अपनी दुकान लगाकर व्यापार करें रोड़ एवं फुटपाथ में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें जिससे जनमानस के आवागमन में कोई असुविधा हो संगठन के अनुरोध पर स्थानीय व्यापारियों ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए समर्थन दिया और कहा कि हम सब अतिक्रमण अभियान में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे और खुद ही अपने को व्यवस्थित करते हुए व्यापार करेंगे ।व्यापारी संवाद यात्रा में आज संगठन के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक रायजादा, प्रदेश सचिव अंगद सिंह चंदेल, जिला महामंत्री बब्लू पटेल, जिला प्रवक्ता राजा सिंह कछवाह, जिला उपाध्यक्ष देवनाथ धाकड़े, जिला उपाध्यक्ष एवं धमिना प्रधान महेंद्र सिंह सेंगर, नगर उपाध्यक्ष अनिल अग्निहोत्री, आशीष दीक्षित, आदि रहे।

# स्वदेशी अपनाने से आत्मनिर्भर बनेगा भारतः सलिल बिश्नोई

फतेहपुर। हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी, अभियान जिला कार्यशाला जेल रोड भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष व विधानपरिषद सदस्य सलिल विश्नोई द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया गया, विश्नोई ने कहा कि आज हमारा देश विश्वशक्ति के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है, हम स्वदेशी उत्पाद को अपना कर सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ावा दे सकते हैं, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में देश विकासशीलगतिविधियों में काफी पिछड़ गया, उसके पीछे वह भ्रष्टाचार का वायरस था जो उस समय देश भर में फैला था इस बात को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा देश वासियों के मध्य साझा भी किया गया था, लेकिन कांग्रेस सरकार द्वारा कभी इस पर सुधार की सोंच नहीं पनपी, आज देश विश्व के सर्वश्रेष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी के हाथों में है जो अनवरत देश को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प में दिन रात मेहनत करते हैं, कार्यक्रम में उपस्थित निवर्तमान विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि हमें अपने आसपास खासतौर पर युवाओं को स्वदेशी उत्पाद अपनाने को प्रेरित करना चाहिए, जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को स्वदेशी अपनाने का सपथ दिलाई गई, कार्यक्रम का संचालन अभियान के जिला सहसंयोजक व जिला मंत्री कुलदीप भदौरिया द्वारा किया गया, कार्यक्रम में पुष्पराज पटेल, मनोज मिश्रा, प्रवीण सिंह, विक्रम सिंह चंदेल, सुमित द्विवेदी, रामकृष्ण उज्ज्वल, प्रदीप गर्गकालीचरण श्रीवास्तव ,विजय प्रताप सिंह, अमित शिवहरे यशवंत गिहार, डॉ शिवप्रसाद त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह बेरागढीवा, अतुल त्रिवेदी, सुशील तिवारी बच्चा, स्वरूप राज सिंह जूली, सिद्धार्थ दीक्षित, जेपी फौजी, बृजेश द्विवेदी, संजय लाला, भानुप्रताप सिंह गौतम, विवेक सिंह, अवनीश मौर्य, राजू पाल बिलंदा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय स्वीकृत व ब्लॉक स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक संपन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 की अध्यक्षता प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम ( पूर्व नाम एमएसडीपी ) के अन्तर्गत में गठित जिला स्तरीय स्वीकृत समिति एवं ब्लाक स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त नवीन प्रस्तावों का अनुमोदन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार ने एजेंडा प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समय से डीपीआर तैयार कराए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वंदेमातरम राष्ट्रगीत भारत की अजय अमर आत्मा हैः राजेश शुक्ला

सीतापुर। भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी संपूर्ण राष्ट्र में उत्सव मना रही है। इस उत्सव में भारत माता के बच्चे गौरवान्वित हो रहे हैं। हमारा मानना है कि वंदेमातरम हमारे राष्ट्रीय गीत के साथ-साथ भारत की अजर अमर आत्मा भी है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा डीसीबी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान कही गई। आगे उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा विभिन्न अभियानों के माध्यम से कार्यक्रमों का




आयोजन किया जाएगा। जिसमें 7 नवंबर 2025 को उत्तर प्रदेश के 18 अलग-अलग स्थान पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। 18 से 15 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालय पर सामूहिक गायन एवं सभा के कार्यक्रम आयोजित होंगे। विधानसभा स्तर पर सांसदों एवं विधायकों के नेतृत्व में कार्यक्रम होंगे साथ ही मंडल स्तर पर भी आमजन की सहभागिता के साथ वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं कार्यक्रम आयोजित होंगे। अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, प्रभात फेरियां, बाइक रैलियां प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जन भागीदारी के साथ निकाली जाएंगी। इसी तरह विद्यालयों व महाविद्यालयों मे राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न प्रकार के निबंध कविताएं व चित्रकलाएं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। अंत में जिला अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में आए पत्रकारों का धन्यवाद करते हुए कहा की राष्ट्रगीत की गौरव गाथा भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ देश का बच्चा-बच्चा गाए ऐसी राष्ट्रभक्तों की मंशा है। इस अवसर पर अभियान संयोजक विष्णु मौर्य, जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू, मनोज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## चलाया स्वच्छता अभियान थाना प्रभारी ने भी लगायी झाड़ू

तम्बौर/सीतापुर। विकासखंड बेहटा के ग्राम सभा अकबरपुर में थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान थाना प्रभारी खुद झाड़ू लगाते हुए नजर आए और ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि सड़क पर गंदगी न करें, पशुओं को सड़क पर न बांधें और नालियों को साफ रखें। इसके बाद थाना प्रभारी ग्रामीणों के साथ पैदल गांव में भ्रमण पर



निकले और लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान के सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने समाजसेवी नफीस अहमद के आवास पर पहुंचकर बच्चों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कॉपीद्दपेन पुरस्कार स्वरूप दिए, जिससे बच्चों में खुशी की लहर दिखी। अभियान में मो. रफीक, अब्दुल कादिर, मुशीर उर्फ टककरी, मौलाना शमीम, जुवैर अहमद, अब्दुल कादिर उर्फ गुड्डू, विक्रम यादव, राघव पांडेय, रामकुंअर, शुक्ला, माजिद, हाफिज सलाहुद्दीन, कारी बहाउद्दीन, हाफिज फिदा हुसैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, ऑपरेशन कायाकल्प एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कराये जायें। समस्त प्रकार के भुगतान एवं मानदेय का भुगतान समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने डी0सी0 निर्माण को कड़े निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, डी0सी0 निर्माण सहित संबंधित अधिकारी निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें। धीमी प्रगति वाले कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। शिक्षकों के सेवा संबंधी प्रकरणों, भुगतानों, अवकाश स्वीकृति आदि का समयान्तर्गत निस्तारण किया जाये।

संक्षेप

## मतदेय स्थलों को अंतिम रूप देने के लिए 18 को बैठक

**बांदा**। जिले में मतदेय स्थलों को अंतिम रूप दिए जाने के लिए 18 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष, सचिव की बैठक होगी। अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेन्द्र की जारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के पत्र के अनुसार 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का संभाजन किए जाने के निर्देश दिए गये हैं। आयोग के निर्देशों के तहत मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशन बीते 10 नवंबर को करते हुए आलेख्य मतदेय स्थलों की सूचियां जनप्रतिनिधियों को सुझाव के लिए भेजी जा चुकी हैं। आयोग के निर्देशों के चलते जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वर्तमान सांसद, विधानसभा सदस्यों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों को अंतिम रूप दिए जाने के लिए 18 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि बैठक में स्वयं अथवा प्रतिनिधि नामित कर भाग लेने के लिए निर्देश दें।

## सेक्स रैकेट चलाने में तीन नामजद

अयोध्या। नगर कोतवाली के नवीन मंडी चैक की प्रभारी ने उसरू क्षेत्र स्थित एक होटल को किराये पर लेकर सेक्स रैकेट संचालित करने के मामले में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्रकरण में चैकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी ने मोहल्ला उसरू के महराजपुरम स्थित एक होटल का किराये पर संचालन करने वाले इनायतनगर थाना क्षेत्र के सुरवारा निवासी विजय सिंह,प्रबंधक राहुल गुप्ता और बिहार के जहानाबाद जिला क्षेत्र निवासी विवाहिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा में आया था। होटल में सेक्स रैकेट चलाए जाने के वीडियो के आधार पर चैकी प्रभारी ने मामले की जांच की। साथ ही शिकायत पर पीआरवी दस्ते ने होटल पहुंच बिहार प्रांत निवासी एक महिला को पूछताछ के लिए हिरासत मने लिया था। महिला से पूछताछ में सेक्स रैकेट चलाये जाने की पुष्टि के बाद अनैतिक देह व्यापार की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाल अश्वनी पांडेय का कहना है कि मामले की तहकीकात कराई जा रही है।

# दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश, 6 करोड़ का सामान जब्त

शहजाद अंसारी

**बिजनौर**। पुलिस ने डेढ माह पूर्व दुकान में हुई करोडो रुपए के सामान की चोरी का पर्दाफाश करते हुए मुठभेड़ के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। डीजीपी ने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 50 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की है।

पुलिस लाइन के सभागार में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक झां ने घटना का खुलासा करते हुए मीडिया को बताया कि 28 सितम्बर 2025 को थाना नजीबाबाद क्षेत्र के मोहल्ला बालकराम निवासी योगेश

● डीजीपी राजीव कृष्ण ने कि खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 50 हजार इनाम की घोषणा

कुमार पुत्र स्व0 शान्ति प्रसाद ने थाना नजीबाबाद पर तहरीर दी कि 27 सितम्बर को अज्ञात चोरों ने नजीबाबाद चौक बाजार स्थित उसकी बर्तनों की दुकान से पैतृक व्यापारिक सामान जैसे सोना-चांदी का सामान व ढाई लाख रुपये नगदी चोरी कर लिये है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासा के लिए पुलिस टीमों का गठन किया था। बुधवार की सुबह लगभग 05:57 पर स्वाट सर्विलांस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कस्बा नजीबाबाद के चैक बाजार में बर्तनों की दुकान में हुई चोरी की घटना से संबंधित अभियुक्त बिजनौर तिराहे से पूरनपुर रोड के पास नवनिर्मित कॉलोनी स्थित खाली प्लॉट में छिपा हुआ है तथा चोरी किए गए सामान में से अपने हिस्से को लेकर देहरादून भागने की फिराक में है। सूचना पर स्वाट/सर्विलॉस टीम व थाना नजीबाबाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त द्वारा अपने आप को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी गयी।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, जिससे अभियुक्त घायल होकर गिर गया एवं पुलिस बल द्वारा उसे मौके से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शुऐब (19 वर्ष) पुत्र जफर खां निवासी मोहल्ला मछली बाजार, थाना नजीबाबाद बताया।

आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 01 किलो सोने की ईट, 03 सोने के टुकड़े, 01 पासपोर्ट (जिसपर जनपद देहरादुन (उत्तराखण्ड) का पता अंकित है), 800 रुपए की नगदी, 01 तमंचा 03 जिंदा कारतूस 315 बोर एव



02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। आरोपी शुऐब शुऐब ने पूदताछ में पुलिस को बताया कि उसके सहअभियुक्तगण फराज पुत्र जफर अली, राबिया उर्फ चांदो पत्नी जफर अली, जफर अली पुत्र हसमत अली निवासीगण मौ० सब्नीग्रान थाना नजीबाबाद, सहाना पत्नी मो0 सलीम निवासी मौ० भगत सिंह कॉलोनॉ, देहरादुन (उत्तराखण्ड), रावेद पुत्र शोकत अली निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना नजीबाबाद, आसिया पत्नी फुरकान निवासी काजीपाडा थाना कोतवाली शहर बिजनौर व खुशीर्दा पुत्री जफर खां, जेबा पुत्री इकबाल निवासीगण मौ0 मछली बाजार कस्बा व थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर के द्वारा योजना बनाकर चोरी की घटना कर माल को आपस में बाटा गया था। पुलिस टीम ने आरोपी शुऐब के बयान पर कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण राबिया उर्फ चांदो, जफर अली, सहाना, रावेद, आसिया एवं खुशीर्दा को कुल 2624.52 ग्राम पीली धातु (गोल्ड) एव 8700 ग्राम सफेद धातु (चांदी) सहित अभियुक्त फराज पुत्र जफर निवासी मौ0 सब्नीग्रान थाना नजीबाबाद के घर से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से बरामद किए गए सामान की कीमत लगभग 06 करोड रुपये है। पुलिस के अनुसार पकडे गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी है जिनके खिलाफ भारी संख्या में अपराधिक मुकदमे दर्ज है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह थाना नजीबाबाद, निरीक्षक सचिन मलिक प्रभारी स्वाट टीम, उ0नि0 सुनील सिंह प्रभारी सर्विलांस सैल, उ0नि0 सौरभ सिंह, उ0नि0 मौ0 कय्यूम, .उ0नि0 नरेन्द्र शर्मा, उ0नि0 पवन कुमार स्वाट टीम, उ0नि0 हिमांशु सर्विलांस सैल, उ0नि0 शौकत अली स्वाट टीम, हे0का0 जोगेन्द्र, का0 शादाब, सीताराम, शुभम तोमर, सचिन कुमार, आकाश, मोनू सर्विलांस सैल, विशाल चिकारा, दिलशाद आदि शामिल रहे।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने घटना का सफल अनावरण एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का मनोबल बढाने के लिए 50 हजार रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है।

## उज्जैन में कालिदास सम्मान से आर्यन हुए सम्मानित



**ललितपुर**। जनपद के युवा चित्रकार आर्यन साहू पुत्र विनोद कुमार को उज्जैन में आयोजित कालिदास समारोह में चित्रकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित कालिदास सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें 1 लाख की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी विशिष्ट कृति मालविका अग्निमित्रम् (संपूर्ण) के लिए प्रदान किया गया, जो कला मुखरी शैली में निर्मित है।

यह शैली आंध्र प्रदेश की पारंपरिक लोक चित्रकला मानी जाती है, जिसमें प्राकृतिक रंगों का प्रयोग और कपड़े पर हाथ से चित्रांकन किया जाता है। यह कला भारतीय संस्कृति और लोककथाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति कलावती यादव रहे। अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज ने की। मंच पर महापौर मुकेश टेटवाल, विधायक अनिल जैन, सचिव डा.शैलेंद्र शर्मा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह उपस्थित रहे। संचालन डा.संदीप नागर ने किया। शहर के मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी मात्र 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि प्राप्त कर आर्यन ने अपने परिवार, गुरुजनों और पूरे ललितपुर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे पिता व माता, मेरे गुरुओं और मेरे शहर ललितपुर का है, वह आगे भी अपनी कला के माध्यम से समाज को जोड ? और प्रेरित करने का प्रयास करते रहेंगे।

## विद्यालयों में चल रहा सम्बद्धीकरण का खेल

जिला संवाददाता



**ललितपुर**। शिक्षा विभाग में चल रहे शिक्षकों के सम्बद्धीकरण को समाप्त कर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किये जाने की मांग को लेकर नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि शिक्षा विभाग की

● ज्ञापन देकर सम्बद्धीकरण समाप्त कर शिक्षकों को मूल तैनाती भेजने की मांग

अपर मुख्य सचिव ने शिक्षकों के सम्बद्धीकरण को समाप्त करने की निर्देश दिए हैं, लेकिन बावजूद इसके बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों का पूरी तरह सम्बद्धीकरण समाप्त नहीं किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अफसरों ने विभागीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने के लिए कुछ शिक्षकों को ही मूल विद्यालय भेजा है, जबकि अनेक शिक्षकों का अभी भी कार्यालय एवं विद्यालय में सम्बद्धीकरण बना हुआ है, जिसमें एक इंटर कॉलेज भी शामिल है।

इस कारण सम्बद्धीकरण बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है, इससे अपर मुख्य सचिव शिक्षा की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। वहीं, कोतवाली के सामने पीएन इंटर कॉलेज में नगर पालिका का नया भवन बनाने के लिए नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। यदि पी.एन.इंटर कॉलेज में नगर पालिका का नया भवन बनता है तो वहां वाहन पार्किंग एक बड़ी समस्या बन जाएगी, क्योंकि यहां चार पहिया वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। साथ ही कॉलेज की कक्षाएं संचालित करने की भी समस्या उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि जीआईसी के पास जो पीएन इंटर कॉलेज का भवन है, उसमें पहले से कक्षा संचालन की समस्या है, ऐसे में अगर कोतवाली के सामने संचालित छोटा पीएन की कक्षाओं को स्थानांतरित किया गया तो कॉलेज प्रधानाचार्य के समक्ष कक्षा संचालन की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। मोर्चा ने जिलाधिकारी से सम्बद्धीकरण को लेकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## अभाविप के सम्मेलन में छात्राएं सम्मानित



**बांदा**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शहर के आर्य कन्या इंटर कालेज में छात्रा सम्मेलन आयोजित किया। मुख्य अतिथि महिला थानाध्यक्ष मोनी निषाद, मुख्य वक्ता डॉ0 दीपाली गुप्ता, विभाग प्रमुख डॉ0 विज्ञा मिश्रा, प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता व अर्थजा शुक्ला रहीं। डॉ विज्ञा ने कार्यक्रम का उद्देश्य झांसी की रानी जयंती पर आधारित मणिकर्णिका प्रतियोगिता के बारे में छात्राओं को बताया। महिला थानाध्यक्ष ने छात्राओं को यूपी 100, 1090 व सरकार के प्रशासनिक नंबर प्रदान किए और उनके बारे में जानकारी दी। डॉ दीपाली गुप्ता ने छात्राओं को सशक्त बनाने की प्रेरणा दी। अर्थजा शुक्ला ने उद्योग और स्टार्टअप मोटे अनाज के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अनेक प्रतियोगिताओं रंगोली, मेहंदी, पोस्टरमेकिंग, भाषण निबंध, नृत्य, कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय, जिला संयोजक गोविंद तिवारी, सुभाष त्रिपाठी, नगर मंत्री श्लोक द्विवेदी, राज सिंह, मानसी धुरिया, ज्योत्सना गुप्ता, अंजली गुप्ता, शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन विभाग छात्रा प्रमुख आयुषी त्रिपाठी ने किया।

## किसानों की मांग के अनुसार हो रहा खाद का वितरण

**बांदा**। जिले में रबी और धान के खेतों की बुवाई का कार्य लगभग एक साथ होने से खाद की मांग बढ़ी है। किसानों को खाद की मांग पूरा करने के लिए प्रशासन के लगातार प्रयासों के चलते उर्वरकों की रैक आने से सहकारी वितरण केन्द्रों के जरिए इसे पूरा किया जा रहा है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि बुधवार को जिले के लगभग 2 दर्जन सहकारी बिक्री केन्द्रों को इफ्को की 125 मीट्रिक टन डीएपी एवं 66 मीट्रिक टन यूरिया किसानों को वितरण के लिए भेजी गयी है। उन्होने कहा कि मंडी समिति के पीसीएफ, डीसीडीएफ, डीसीडीएफ द्वितीय केन्द्रीय उपभोक्ता भंडार से लगातार खाद वितरित की जा रही है। उन्होने कहा कि जनपद में फास्फेटिक उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और बिक्री केन्द्रों पर मांग के अनुसार नियमित रूप से फास्फेटिक उर्वरक भेजे जा रहे हैं। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी खाद की कमी पूरा करने के लिए इफ्को व अन्य एजेंसियों से संपर्क बनाए हुए हैं ताकि जनपद में खाद की कमी न होने पाए।

## बाइक सवार युवक की डिवाइडर से टकराकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अफजलगढ़, बिजनौर**। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर बाइक सवार युवक अचानक डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान बाइक सवार घायल युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव आसफाबाद चमन निवासी उदय भान ( 25 वर्ष ) पुत्र राजेन्द्र सिंह मंगलवार की दोपहर अपनी बाइक से धामपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गांव आलमपुर गांवड़ी के समीप पहुंची तो बाइक सवार युवक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकरा गई जिससे बाइक सवार युवक उदयभान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सड़क दुघर्टना में मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्यवाई शुरू कर दी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने घटना की पुष्टी करते हुए बताया कि मृतक युवक उदयभान सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## योग प्रतियोगिता, विजयी शिक्षकों को प्रमाण पत्र



**बांदा**। जनपदस्तरीय शिक्षक योग प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुआ। प्रतियोगिता के तहत जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। डाएट प्रवक्ता प्रतीक कुमार वर्मा ने बताया कि खड़े होने वाले आसन, बैठकर करने वाले, लेट कर करने वाले आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्णायक के रूप में सजल कुमार रेंडर, पुष्पेंद्र कुमार विश्वकर्मा, मुणि दुबे रहे। प्रतियोगिता का आयोजन डाएट प्रवक्ता प्रतीक कुमार, संदीप कुमार, अरुण कुमार, मधुमिता गुप्ता ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रज्ञा सिंह, आलोक कुमार यादव, द्वितीय पूजा त्रिवेदी, शशांक शेखर व तृतीय स्थान पर ज्योति विश्वकर्मा, सरोज कुमार रहे। प्रतियोगिता में विजयी शिक्षकों को प्रमाणपत्र दिए गये। इस दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्टॉफ व शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# टूटी सड़कें, सड़कों पर बहता गंदा पानी और कीचड़ से सनीं नालियां



जिला संवाददाता

**ललितपुर**। शहर के विकास एवं स्वच्छ सुन्दर बनाये जाने के उद्देश्य से रोस्टर जारी कर चलाये जा रहे अभियान में मोहल्ला सिद्दनपुरा वार्ड नं. 01 का नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने निरीक्षण किया। लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं व सुझावों को जाना। नपाध्यक्ष ने संबंधित एसआई को

● सिद्धंनपुरा के निरीक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष को मिलीं खामियां

मोहल्ले में नियमित रूप साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने एवं अवर अभियंता को सड़कों की मरम्मत व वार्ड में जहां पर सड़के नहीं डली हुई है उन्हें आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखकर बोर्ड की स्वीकृत कराते हुए सड़कों के निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

वहीं मुख्य स्टोर लिपिक को मोहल्ले में स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं खाली पड़े विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाईट लगवाते हुए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान मोहल्लेवासियों व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि वार्ड में स्थित शमशान घाट पर जो कर्मचारी तैनात है, वह नियमित रूप से नहीं आता है और न ही उसके द्वारा कोई कार्य किया जा रहा है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल उक्त कर्मचारी को हटाये जाने के निर्देश दिये गये। सिद्दनपुरा में नपाध्यक्ष ने मोहल्लेवासियों से समस्याओं को सुना एवं साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिस पर मोहल्लेवासियों ने अवगत कराया कि मोहल्ले में डोर टू डोर कचरा वाहन कभी कभी आता है. कभी नहीं आता है, जिस पर अध्यक्ष ने फटकार लगाते हुए नियमित रूप से वाहन डोर टू डोर भेजे जाने के निर्देश दिये। वार्ड में स्थित नेन्सी गार्डन के पास एक प्लाट में कचरा पाया गया व नालियां चैक पाई गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल जे.सी.बी. से उक्त कचरे को हटाये जाने एवं संबंधित प्लाट मालिक के विरूद्ध नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। मोहल्ले में अनेक सड़के क्षतिग्रस्त पाई गई व कई गलियों में सड़के नहीं पाई गई, जिस पर मोहल्लेवासियों द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया, अध्यक्ष द्वारा अवर अभियंता एवं लिपिक को समस्त गलियों को नोट कराया गया, साथ ही निर्देशित किया कि समस्त गलियों में जहां-जहां थोड़ी बहुत समस्या है उसे 07 दिवस के अदर दूर करा दें, जिन गलियों में सड़के नहीं डली हुई है उन्हें आगामी बोर्ड बैठक के दौरान प्रस्ताव में रखकर बोर्ड की स्वीकृति कराते हुए समस्त सड़कों को ठीक कराया जाये। वहीं मोहल्ले में निरीक्षण के दौरान अनेक गलियों में खंबे लगे पाये गये, लेकिन उन पर स्ट्रीट लाईटें नहीं पाई गई व कहीं-कहीं गलियों में स्ट्रीट लाईटें खराब पाई गई, जिस पर अध्यक्ष महोदया द्वारा संबंधित लिपिक को तत्काल प्रभाव से समस्त लाईटों की मरम्मत कराये जाने एवं जहां पर प्रकाश व्यवस्था नहीं है उस स्थान पर स्ट्रीट लाईटें लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जल निगम द्वारा अनेक जगह पाईप लाईन डालते समय रोड को क्षतिग्रस्त कर दिया है व कई जगह पाइप लाईन तो डाली है, लेकिन मोहल्ले में पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एवं अन्य अधिकारियों से वार्ता करते हुए मोहल्लेवासियों की समस्याओं का तत्काल रूप से निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान नपा कर्मी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण में दी गयी जानकारियां

**ललितपुर**। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र ने 10 व 11 नवम्बर 2025 को ग्राम पंचायत गिरार विकास खण्ड-मड़ावरा में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिसमें 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया जिनको खाद्य संरक्षण साहित्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्य डा. दिनेशचन्द्र उपाध्याय, ने दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण योजना की प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म इकाई स्थापना हेतु बैंक से ऋण पर विभाग द्वारा 1 लाख का अनुदान दिया जायेगा। नेमवि के डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा ने प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी विस्तृत रूप से दी। कुंजबिहारी शर्मा ने प्रशिक्षार्थियों को छोटे-छोटे खाद्य प्रसंस्करण के लघु उद्योग स्थापना की जानकारी दी कार्यवाहक प्रभारी पुरूषोत्तम नारायण ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जी संरक्षित करने की विधि एवं बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम उपरान्त देवी सिंह ग्राम प्रधान ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार

**अयोध्या**। नगर कोतवाली पुलिस ने एक शख्स को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है।

कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि नवीन मंडी चैकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी की पुलिस टीम ने उसरू मनीवीर बाबा स्कुल के पास से हैदरगंज थाना क्षेत्र के कुंवरपुर केरालाल खां निवासी कुलदीप मिश्र (34 वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

## स्वास्थ्य निदेशक का निरीक्षण, ठीक मिलीं व्यवस्थाएं



**बांदा**। जिला चिकित्सालय का स्वास्थ्य निदेशक ने बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने चिकित्सालय की ओपीडी, दवा वितरण केन्द्र तथा विभिन्न वार्डों का गहनता के साथ जायजा लिया और भर्ती मरीजों से समस्याएं जानी। उन्होने मरीजों से दवाओं और अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के पश्चात स्वास्थ्य निदेशक डॉ0 सेन ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होने कहा कि स्टॉफ कम होने के बावजूद चिकित्सकीय व्यवस्थाएं दुरूस्त मिलीं। उन्होने जिला चिकित्सालय में शुरू होने वाली आईपीएल लैब का भी बारीकी से जायजा लिया। बताते चलें कि सरकार के निर्देश पर लैब 24 घंटे अपनी सेवाएं प्रदान करेगी, इससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य निदेशक को हालांकि कुछ खामियां भी नजर आईं, इन्हे दुरूस्त करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 के0 कुमार को निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएस के अलावा चिकित्सक मौजूद रहे।

## यातायात सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस ने वाहन चालको को किया जागरूक



**नगीना, बिजनौर**। यातायात माह नवम्बर-2025 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक अभिषेक झां के आदेश पर सीओ नगीना की अगुवाई में विद्यालयों में यातायात सुरक्षा माह अभियान चलाया गया। नगीना क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुवेर्दी व थाना प्रभारी अवनीत मान द्वारा यातायात माह नवम्बर-2025 के अन्तर्गत नगीना के एम0एम0 इंटर कालेज व गोयल पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित 250 विद्यार्थियों, 20 शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

उपस्थित छात्र-छात्राओं व शिक्षको से यातायात नियमों का पालन कर अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई। कार्यक्रम में सीओ अंजनी कुमार चतुवेर्दी, थानाध्यक्ष अवनीत मान, ट्राफिक उ0नि0 सुनील कुमार, यातायात पुलिस, हे0का0 सचिन कुमार सहित एम0एम0 इंटर कालेज के प्रधानचार्य शाहिद अली गोहर, उपकार गोयल, राजकमल गोयल सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। बुधवार को ट्राफिक उ0नि0 सुनील कुमार ने अपनी टीम के साथ वाहन चालको का फूल स्वागत करते हुए हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए जागरुक किया।

## मजदूरों को बंधक बनाकर काम कराने का आरोप

**ललितपुर**। काम करने के एवज में अधिक रुपये दिलाने का झांसा देकर अन्य राज्य ले जाने और बंधक बनाकर कम मजदूरी देकर मजदूरी कराने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में थाना जखौरा अंतर्गत चैकी बांसी के ग्राम नन्दीपुरा में रहने वाले चऊआ पुत्र छतू सहरिया ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि महाराष्ट्र राज्य के जिला जालना अंतर्गत रहने वाला ठेकेदार दो माह पहले उसके गांव में आये और वहां से करीब तीन दर्जन लोगों को 500 रुपये प्रति दिन की हिसाब से देने की बात तय करके ले गया, वहां जाकर 300 रुपये देने की बात कह रहा है। आरोप है कि उक्त ठेकेदार ने गांव से लेकर गये लोगों वहां बंधक बना लिया है और खाना-पीना नहीं दे रहा है और जंगल में ले जाकर बराई करवा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार मजदूरों को खरीद लेने की बात कह रहा है। पीड़ित ने डीएम व एसपी से मामले में हस्तक्षेप करते हुये कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## राष्ट्रीय विकलांग एसो. का धरना दिल्ली बम ब्लास्ट के कारण हुआ स्थगित



**स्योहारा, बिजनौर**। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम0आर0 पाशा ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि सोमवार को दिल्ली में हुए ब्लास्ट में जहां कई बेकसूर लोग इस वक्त दुनिया से रुखसती कर गए तो वहीं देश भर में शोक का माहौल है। जिसके चलते बीते दिन 11 नवंबर मंगलवार को होने वाला अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन इस दुख की घड़ी में स्थगित किया गया है। उन्होने कहा कि धरने की तैयारी में साथ देने के लिए समस्त पत्रकार बंधु, सगठन के साथियों और आमजन का दिल से शुक्रिया हमारा वादा है कि अन्याय और हठधर्मिता के विरुद्ध हमारा ये अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए कामना करते हैं। इस दुख की घड़ी में एकजुट होकर आतंक के खिलाफ खड़े हैं।

## डीएम आज करेंगे हक की बात

ललितपुर। जिला प्रवेश अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मैगा इवेन्ट) कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में 13 नवम्बर 2025 को समय अपराह्न 12.30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बालिकाएं जिलाधिकारी से सीधे अपने हक की बात करेंगी

# निरंकुश हुये मुनीर

पड़ोसी देश पाकिस्तान में भारत के लिए एक बड़ा खतरा तैयार हो गया है। पहले पाकिस्तानी जनरल सरकार का तख्ता पलटता था लेकिन इस बार मामला अगल है। पाकिस्तान की संसद ने संविधान संशोधन कर जनरल मुनीर को पाकिस्तान का सबसे ताकतवर पदाधिकारी बना दिया है और अपने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को बौना। ऐसे में मुनीर जो खुद जेहादी है, भविष्य में भारत के खिलाफ आतंकवादी हरकतों को हवा देने की कोशिश करेगा। इसलिए भारत को अभी से सतर्क हो जाना चाहिए। जनरल मुनीर अब राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सर्वोच्च अदालत से भी सुप्रीम हो गया है। दुनिया में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। सैन्य शासक तानाशाह हो सकते हैं। लेकिन कोई देश जम्हूरियत (लोकतंत्र) का स्वांग करे, चुनाव कराने का ढोंग किया जाये और फिर जिस सरकार को चुनी हुई कहा जाये वह खुद ही छोटी हो जाये। ऐसा कहीं होता है लेकिन पाकिस्तान में ऐसा हो रहा है। कठपुतली प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शुक्र मना सकते हैं कि उनकी हुकूमत का तख्तापलट नहीं किया गया। अलबत्ता पाकिस्तान में कथित निर्वाचित सरकारों की हुकूमतें पलटी जाती रही हैं और सेना प्रमुख तानाशाह राष्ट्रपति बनते रहे हैं। अयूब खान, याह्या खान, जिया उल हक और परवेज मुशर्रफ सरीखे तानाशाहों ने पाकिस्तान पर हुकूमत की है, लेकिन उनके अंत बेहद त्रासद और दयनीय रहे हैं। मौजूदा फील्ड मार्शल एवं सेना प्रमुख जनरल मुनीर इन तमाम तानाशाहों को पीछे छोड़ कर एक ऐसा उदाहरण बन चुके हैं, जो दुनिया में लोकतंत्र, संविधान, संसद, मानवाधिकार सरीखी व्यवस्थाओं और उनके नागरिक मूल्यों को चिढ़ा रहे हैं। उनका मखौल उड़ा रहे हैं। मुनीर खुद ही पाकिस्तान का नया तानाशाह नहीं बना। उन्होंने हुकूमत और संसद को विवश किया है। संसद और सीनेट में यह संविधान संशोधन पारित किया गया है और मुनीर के लिए एक नये पद का सृजन किया गया है- 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ)।' यह पद 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' भारत में भी है, लेकिन वह निरंकुश और स्वयंभू नहीं है। वह राष्ट्रपति और केंद्रीय कैबिनेट के अधीन सेवारत है। पाकिस्तान के सीडीएफ मुनीर को न तो राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हटा सकते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत में कोई केस किया जा सकता है। वह कानून और अपराध से बहुत परे हैं। वह ताउम्र फौजी की वर्दी पहन सकेंगे और थल सेना, वायुसेना, नौसेना के प्रमुखों की नियुक्ति करेंगे। दरअसल अब पाकिस्तान में राष्ट्रपति सेनाओं के सुप्रीम कमांडर नहीं, बल्कि सीडीएफ मुनीर नए सर्वोच्च जनरल होंगे। तीनों सेनाएं और उनके प्रमुख अब सीडीएफ को जवाबदेह होंगे। जाहिर है कि राष्ट्रपति भी कठपुतली बन कर रह जाएंगे। मुनीर को उनकी नई सत्ता से बेदखल करने का एक ही अंतिम रास्ता है-संसद में महाभियोग सरीखा प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित कराना। यह भी असंभव लगता है, क्योंकि उस प्रस्ताव की इजाजत फौज से भी ली जाएगी। क्या कोई सेना प्रमुख अपने सीडीएफ के खिलाफ महाभियोग की अनुमति देने का दुस्साहस कर सकता है? दूसरा असंभव-सा रास्ता यह लगता है कि अंततः अदालती फैसलों के बाद इमरान खान जेल से बाहर आएं और उनके नेतृत्व में पाकिस्तान की अवाम सड़कों पर बिछ जाए। उस आंदोलन को जमात-ए-इस्लामी का भी समर्थन हो। मरने-कटने की परवाह न हो। आजादी की नई लड़ाई जैसा संघर्ष हो, तब मुनीर को पाकिस्तान छोड़ कर भागने को विवश किया जा सकता है। दुनिया में बड़े-बड़े, ताकतवर राष्ट्रध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधान मंत्रियों को देश छोड़ कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है। पाकिस्तान के भी बदतर हालात हैं। अफगानिस्तान के तालिबान, बलूच लड़ाके, टीटीपी, टीएलपी, पाक अधिकृत कश्मीर के विद्रोही आदि ने चारों तरफ से पाकिस्तान को घेर रखा है। बहरहाल अब मुनीर ही पाकिस्तान का स्वयंभू मालिक है और यह तब तक रहेगा जब तक पाकिस्तान की जनता विद्रोह करके या वैश्विक दबाव में इसे बाहर नहीं करेगी। इसलिए भारत के लिए मुनीर नई चुनौती है। क्योंकि मुनीर तनाव बढ़ाकर अपनी स्थिति मजबूत करने की कला जानता है।



**जनरल मुनीर पाकिस्तान का नया स्वयंभू मालिक बन गया है। इसलिए भारत को तानाशाह मुनीर के मंसूबों से हमेशा सावधान रहना होगा।**

### विचार

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–लोकोक्ति.

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

–आयुर्वेद.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

–तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

–मिल्टन.

# राष्ट्रगीत वंदे मातरम् पर सियासत ठीक नहीं



वीना गौतम




भारतवर्ष वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। चारों ओर वंदे मातरम् की गूंज से भारतीयता का भाव गुंजायमान है। लेकिन विडंबना है कि राष्ट्र गीत वंदेमातरम् का उच्चतर भाव कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा है। वे कुतर्कों का सहारा लेकर किस्म-किस्म की प्रवंचना से विरोध का प्रस्तावना खींच रहे हैं। यह ठीक नहीं है। उन्हें समझना होगा कि वंदे मातरम् किसी धर्म या मजहब का समर्थन या विरोध का भाव नहीं है। यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान का वह निश्छल भाव है जिसे विचारों का हथियार बनाकर आजादी के दीवानों ने मातृभूमि को आजाद कराया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् केवल शब्द भर नहीं हैं बल्कि इसमें राष्ट्र की संस्कृति, इतिहास, कला, साहित्य और ज्ञान-विज्ञान का वह भाव समाहित है जो भारत राष्ट्र की निरंतरता और चेतना को उद्घाटित करता है। इसके प्रकटीकरण से राष्ट्र की गरिमा और गौरव में वृद्धि होती है। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदेमातरम गीत की पंक्तियों में भारतीयता का ओज और राष्ट्रप्रेम के प्रति अटूट जज्बा है।

यह गीत अपने आगोश में संपूर्ण भारत की विविधता और विशेषता को समेटे हुए है। इसमें मातृभूमि के प्रति अनुरक्ति, समर्पण और उदात्त भावनाएं निहित हैं। शास्त्रों में माता और मातृभमि को सर्वोपरि माना गया है। कहा गया है कि 'जननी जन्मभूमि' स्वर्गादपि गरियसी यानी माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। वंदेमातरम में यही भाव निहित है। वंदेमातरम गीत के इतिहास में जाएं तो 7 नवंबर 1876 को बंगाल के कांतल पाड़ा गांव में बंकिम चंद्र चटर्जी ने इस वंदेमातरम गीत की रचना की। 1882 में उनके उपन्यास आनंदमठ में सम्मिलित किया गया। 1896 में रविद्रनाथ टैगोर ने पहली बार वंदेमातरम को बंगाली शैली में लय और संगीत के साथ कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में गाया। मूल रूप से वंदेमातरम के प्रारंभिक दो पद संस्कृत में थे और शेष गीत बांगला में। वंदे मातरम् का अंग्रेजी अनुवाद सबसे पहले अरविंद घोष ने किया। दिसंबर 1905 में कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में गीत को राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया गया और बंगाल विभाजन के समय यह गीत राष्ट्रीय नारा बन गया। 1906 में वंदेमातरम देवनागरी लिपि में प्रस्तुत किया गया। कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में रविंद्र नाथ टैगोर ने इसका संशोधित रुप प्रस्तुत किया। 1923 में कांग्रेस अधिवेशन में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा इस्लाम की भावना के विरुद्ध बताकर वंदेमातरम गीत का विरोध किया गया। लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरु, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद और आचार्य नरेंद्र देव की समिति ने 28 अक्टुबर 1937 को कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पेश अपनी रिपोर्ट में इस राष्ट्रगीत के दो पहले पैराग्राफ को राष्ट्रगीत के रुप में स्वीकृति दे दी। 14 अगस्त, 1947 की मध्य रात्रि में संविधान सभा की पहली बैठक का प्रारंभ वंदेमातरम गीत के साथ और समापन राष्ट्रगान 'जनगणमन' के साथ हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1905 में वंदेमातरम गीत के संबंध में लिखा है कि- 'आज लाखों लोग एक बात के लिए एकत्र होकर वंदेमातरम गाते हैं, मेरे विचार से इसने हमारे राष्ट्रीय गीत का दर्जा हासिल कर लिया है। मुझे यह पवित्र, भक्तिपरक और भावनात्मक गीत लगता है। कई अन्य राष्ट्रगीतों के विपरित यह किसी अन्य राष्ट्र-राज्य की नकारात्मकताओं के बारे में शोर-शराबा नहीं करता है।'

**वंदे मातरम् के 150 वर्ष**

1936 में भी गांधी जी ने वंदेमातरम गीत के बारे में कहा कि- 'कवि ने हमारी मातृभूमि के लिए जो अनेक सार्थक विशेषण प्रयुक्त किए हैं, वे एकदम अनुकूल हैं, इनका कोई सानी नहीं है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन विशेषणों को यथार्थ में बदलें। मुझे कभी ख्याल नहीं आया कि यह गीत सिर्फ हिंदुओं के लिए रचा गया है।' ध्यान रखना होगा कि आजादी के दौर के अलावा 1907 में जर्मनी के स्टुटगार्ट में जब अंतर्राष्ट्रीय सोशलिस्ट कांग्रेस का अधिवेशन शुरू हुआ तो इस अधिवेशन में श्यामजी वर्मा, मैडम कामा, विनायक सावरकर जैसे क्रांतिकारियों ने भारत की स्वतंत्रता पर संकल्प पारित करने के लिए भाषण से पहले आधुनिक भारत के पहले राष्ट्रीय झंडे को फहराया और इस झंडे के मध्य में देवनागरी लिपि में वंदेमातरम लिखा। यहां ध्यान देना होगा कि 1906 से 1911 तक यह गीत पूरा गाया जाता था।

इस गीत में वह ताकत थी कि ब्रिटिश हुकूमत को बंगाल का विभाजन का फरमान वापस लेना पड़ा। क्रांतिकारियों ने इस वंदे मातरम् आदर्श नारे को अपने संस्कार में ढ़ाला और गीत के जरिए आजादी की जंग को गति देकर भारतीय जनमानस में जागृति पैदा की। लोगों को लामबंद किया और ब्रिटिश राजसत्ता को उखाड़ फेंका। भगत सिंह, मदनलाल ढींगरा, राजगुरु और बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम् की आवाज लगाकर फांसी के फंदे को चूम लिए। गौर करें तो भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के हर देश में राष्ट्रगीत का गायन होता है। इस्लामी देशों में भी राष्ट्रगीत को समादर प्राप्त है और वह मातृभूमि को समर्पित है। अरबी में मातृभूमि को मादर-ए-वतन कहा जाता है जिसका मतलब मां से है। फारसी में मातृभूमि की उपमा मां से की गयी है। यमन के राष्ट्रगीत में झरनों की तुलना मां के दूध से गयी है। मिश्र के राष्ट्रगीत में मातृभूमि की तुलना मां से की गयी है। इसी तरह मलेशिया, सूडान, अरब, जार्डन सभी देशों में राष्ट्रगीत की परंपरा है और उसे किसी न किसी रुप में मातृभूमि और मां से जोड़ा गया है। तो क्या फिर यह समझा जाए कि ये मुस्लिम देश इस्लाम की भावना का अनादर कर रहे हैं? बिल्कुल ही नहीं। फिर आज वंदे मातरम् के 150 वर्ष के जश्न पर ऐतराज और काली सियासत क्यों? क्यों न माना जाए कि कुछ मुठ्ठी भर लोग वंदेमातरम गीत पर सवाल खड़ा करके क्रांतिकारियों का अपमान कर रहे हैं? उन्हें समझना होगा कि वंदेमातरम गीत राष्ट्रीयता का स्वर है। साथ ही क्रांतिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी। इसका विरोध आजादी के दिवानों का विरोध है। साथ ही राष्ट्रीयता की भावना पर कुठाराघात भी। यह ठीक नहीं है कि कुछ सियासी दल और तथाकथित संगठन अपने राजनीतिक फायदे के लिए वंदे मातरम् गीत को राजनीतिक संकीर्णता के दायरे में रखकर इस्लाम की मान्यताओं के खिलाफ प्रचारित कर रहे हैं। भला इस गीत से किसी मजहब और संप्रदाय को किस तरह चोट पहुंच सकता है? उचित होगा कि वे संकीर्णताओं से बाहर निकलकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् पर काली सियासत न करें। इससे राष्ट्र का नुकसान होता है। सामाजिक वातावरण विषाक्त बनता है। गौर करें तो वंदे मातरम् का विरोध कोई प्रवृत्ति नई नहीं है। पूर्व में मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार ने भी वंदे मातरम के गायन पर पाबंदी थोप दी थी लेकिन जब संपूर्ण देश भर में इस निर्णय की आलोचना हुई तब यू-टर्न लेते हुए फैसला लिया गया कि हर महीने के पहले कार्य दिवस पर पुलिस बैंड की धुनों पर वंदे मातरम गाया जाएगा।

याद होगा गत वर्ष पहले जब मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् को तमिलनाडु के स्कूलों में सप्ताह में कम से कम दो बार गायन को अनिवार्य किया गया तब भी कुछ सियासी दलों ने हायतौबा मचाना शुरू किया था। इसे मजहबी फ्रेम में फिट कर इस्लाम की भावना के विरुद्ध सियासी शोर में बदलने की कोशिश की गई। आज की तारीख में भी कुछ ऐसा ही उपक्रम देखने को मिल रहा है, जो पूरी गलत है।

**कुछ सियासी दल और राष्ट्र विरोधी संगठन वंदे मातरम् गीत पर अनावश्यक वितंडा खड़ा कर देश का माहौल खराब कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। देश के जनमानस को ऐसे प्रपंचियों और अराजकता तत्वों से सतर्क और सावधान रहना होगा।**

### सोशल मीडिया

आ. प्रधानमंत्री मोदी जी ने विरासत, विकास और गरीब कल्याण की नयी परंपरा आगे बढ़ाकर वर्तमान पीढ़ी को न सिर्फ एक नयी प्रेरणा दी बल्कि विकसित भारत का भी विजन दिया। सीएम योगी.



बिहार में 2005 से पूर्व महिलाओं के उत्थान के लिए काम नहीं होता था, महिलाएं घर की चहारदीवारी से निकल नहीं पाती थीं, घरों से निकलना असुरक्षित हो गया था। नीतीश कुमार.



हम एसआईआर के लिए सीसीटीवी की तरह पीपीटीवी लगायेंगे जिससे किसी का भी वोट कटने न पाये। पीपी टीवी से हमारा आशय पीपी अर्थात पीडीए प्रहरी है। अखिलेश यादव.



# हमारी सहनशक्ति

हमारा मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है।

**अंतर्दृष्टि**

अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।

# वर्चुअल रियलिटी और जमीनी सच

**व्यंग्यलोक**

क्या आपको पता है कि वर्चुअल रियलिटी किस बला का नाम है। शायद पता हो भी और न भी हो तो चलिए हिंदी में ही बता देता हूं। बहरहाल, वर्चुअल रियलिटी यानी आभासी वास्तविकता। अर्थात जो और जैसा लगे कि यह वास्तविकता है लेकिन जो और जैसा होकर भी न हो। कभी विकास को आपने देखा है। नाम तो बहुत सुना होगा, एनकाउंटर होते ही देखा-सुना होगा लेकिन इस विकास को शायद देखा नहीं हो, केवल सुना ही सुना हो, फिर भी यहां-वहां वे विकास तो कर ही रहे हैं, विकास हो ही रहा है। यह सब देखने के लिए स्पेशल ग्लासेस चाहिए यानी विशिष्ट प्रकार के चश्मे से ही देखा और दिखाया जा सकता है। जिंदगी में आप अच्छे दिन महसूस करते हैं तो यह वास्तविकता होगी लेकिन जब अपने आप को दुःख-संकटों से घिरा हुआ पाएं और कोई आपके लिए अच्छे दिन लाए जाने का आभास कराए या अच्छे दिन लाने की बात करें तो मानकर चलिए कि यह वर्चुअल रियलिटी है। इसे एक और उदाहरण से समझाता हूं। मान लीजिए कि आपकी जेब में पन्द्रह लाख रुपए रखे हैं यह तो वास्तविकता है यानी रियलिटी लेकिन आपके बैंक खाते में पन्द्रह लाख आ सकते हैं, यह आभासी वास्तविकता होगी।

इस आभासी वास्तविकता से आपके तात्कालिक आनन्द में कई गुना अभिवृद्धि हो सकती है और आप सामने वाले पर फिदा हो सकते हैं और फिर वह जैसा चाहे आपको दूह सकता है। आपको जब अलानी, फलानी, ढिकानी पार्टी द्वारा यह कहा जाता है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो आपको तीन सौ यूनिट या चार सौ यूनिट बिजली फ्री देने या फिर फ्री राशन, फ्री गैस, फ्री इलाज, कर्ज माफी, लैपटॉप देंगे तो उनकी ऐसी बातों को आप वर्चुअल रियलिटी मान सकते हैं। यानी आपको भविष्य में कुछ पाने का आभास होगा, कुछ सपने होंगे बंद आंखों के तो कुछ खुली आंखों के। और फिर खुदा न खास्ता अगर बाद में ये मिल भी गए तो दूसरे रास्ते से टैक्स के रूप में वसूल लिए जाएंगे अर्थात कान सीधे तरफ से न पकड़कर उल्टी तरफ से पकड़ने का फार्मूला ही वर्चुअल रियलिटी है। जनता तो बेचारी गाय समान ही है। जैसे ज्यादा वोट खिंचने के लिए मतदाता को दूहने की कला का विकास हमारे यहां हुआ है, ठीक इसी तरह का चरम विकास तुर्की के किसान ने किया है। उसने अपनी गायों को वर्चुअल रियलिटी (वी आर) गागल्स (हेडसेट) लगाए हैं। इनमें उस किसान ने लोकतंत्र में जनता रूपी गाय को दिखाए जाने वाले सब्जबाग की तरह गायों को हरे-भरे चरागाहों के वीडियो दिखा दिए और उनका तनाव कम कर परिणाम में बढ़ा हुआ दूध दूहकर अपनी बल्ले-बल्ले कर ली। यही सब लोकतंत्र की वर्चुअल रियलिटी है और यह शो बदस्तूर चालू है।

**प्रदीप उपाध्याय.**

# द. भारत के लम्बासिंगी में लें स्नोफॉल का आनन्द



पर्यटन

**समीर चौधरी**

मुझे दक्षिण भारत अनेक कारणों से पसंद है। ऐसा नहीं है कि मुझे उत्तर भारत या फिर पूर्वी व पश्चिमी भारत पसंद नहीं हैं। मैं एक देश प्रेमी व्यक्ति हूं और मैं कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे भारत से प्रेम करता हूं। लेकिन दक्षिण भारत की बहुत सी चीजें मुझे अचरज में डाल देती हैं। उसका शानदार द्रविड़ इतिहास, मंत्रमुग्ध करने वाले समुद्री तट, स्वादिष्ट व्यंजन और न जाने क्या क्या, जिनको गिनवाने लगूं तो पूरा लेख खत्म हो जाये और फिर भी बात अधूरी रह जायेगी।

दक्षिण भारत एक अलग ही दुनिया है। शायद इसी वजह से विख्यात शायर दाग देहलवी ने अपने एक शेर में कहा था कि दिल्ली से दक्षिण में आने पर उन्हें यह एहसास हुआ कि 'हम रहते हैं हिंदुस्तान में, हिंदुस्तान से दूर/होता है ये भी दर्द वतन में कभी कभी।' उनकी इस बात में मुझे उस समय सच्चाई नजर आयी जब आंध्रप्रदेश के एक छोटे से गांव में मैंने स्नोफॉल होते हुए देखी। यह दक्षिण भारत में एकमात्र जगह है, जहां बर्फबारी होती है। आमतौर से आप दक्षिण भारत को बर्फबारी से कभी नहीं जोड़ते हैं। जब भारत में स्नोफॉल का जिक्र आता है, तो गुलमर्ग, नैनीताल व मनाली जैसी जगह ही जेहन में आती हैं, जो सभी उत्तर भारत में हैं। दक्षिण भारत की ख्याति सूखे व नमी से जुड़ी हुई है। लेकिन कुदरत के खेल निराले हैं। मैं विशाखापत्तनम एयरपोर्ट पर था और मुझे श्रीनगर के लिए फ्लाइट बुक करनी थी, क्योंकि इस बार मैं गुलमर्ग की स्नोफॉल को मिस नहीं करना चाहता था। तभी मेरी मुलाकात एक पुराने परिचित से हो गई। बातों बातों में उन्होंने मुझे बताया कि स्नोफॉल देखने के लिए इतनी दूर क्यों जा रहे हो, विशाखापत्तनम से मात्र 115 किमी के फासले पर एक छोटा सा गांव है, लम्बासिंगी, वहां जाकर स्नोफॉल का आनंद लो। आंध्रप्रदेश के गांव में स्नोफॉल! मैं आश्चर्य में पड़ गया। लम्बासिंगी दक्षिण भारत में एकमात्र जगह है, जहां स्नोफॉल होती है। मैं इस कुदरत के करिश्मे को देखने के लिए उतावला हो गया। मैंने तुरंत ही अपने कार्यक्रम में परिवर्तन किया और लम्बासिंगी जाने के लिए टैक्सी हायर कर ली। रास्ते में चालक ने मुझे बताया कि सीधे अनाकापल्ले के लिए भी ट्रेन मिलती है, जहां से लम्बासिंगी मात्र 72 किमी के फासले पर है। मैं जब लगभग दो घंटे की ड्राइव के बाद लम्बासिंगी पहुंचा तो संयोग से वहां हल्की हल्की स्नोफॉल हो रही थी। लम्बासिंगी में गुलमर्ग की तरह स्नोफॉल नहीं होती है कि आप जाएं और कुछ देर की प्रतीक्षा के बाद आपको स्नोफॉल का आनंद उठाने का अवसर मिल ही जायेगा। लम्बासिंगी में अगर आपको स्नोफॉल मिल जाये तो आप स्वयं को किस्मत का धनी समझें। किस्मत से मुझे लम्बासिंगी का स्नोफॉल देखने का मौका मिल गया। लेकिन मेरी उत्सुकता यह जानने में अधिक थी कि 'आंध्रप्रदेश का कश्मीर' के नाम से विख्यात लम्बासिंगी में स्नोफॉल की वजह क्या है? लम्बासिंगी समुद्र की सतह से मात्र 1,000 मीटर ऊंचा है। उसके पास हिमालय भी नहीं है। लेकिन इसके बावजूद उसके पास एक विशिष्ट फीचर है कि हरियाली और महकते खिलते फूलों के बीच में कभी कभी स्नोफॉल का नैसर्गिक अनुभव किया जा सकता है बशर्ते आप किस्मत के धनी हों।

यह स्नोफॉल लम्बासिंगी की ऊंचाई के कारण होता है। उसकी ऊंचाई विशिष्ट वातावरण उत्पन्न करती है, जो तापमान कम करने में काम आती है। जाड़ों के महीनों में यहां तापमान माइनस 2 डिग्री सेंटीग्रेड तक नीचे चला जाता है।

विशाखापत्तनम के चिंतापल्ली कस्बे में स्थित लम्बासिंगी दक्षिण भारत में एकमात्र जगह है, जहां स्नोफॉल को अनुभव किया जा सकता है। लम्बासिंगी में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए और भी जगह हैं। इनमें से एक कोथापल्ली झरनों को देखते हुए मुझे प्रकृति की सुंदरता व शक्ति का एहसास हुआ। झरना रॉक्स से होता हुआ एक तालाब में गिरता है। यह स्थानीय लोगों और बाहर से आने वाले लोगों के लिए पॉपुलर पिकनिक स्पॉट बन गया है। जब मैं लम्बासिंगी आ रहा था, तो मेरा स्वागत पीले व काले सूसन फूलों के गार्डेंस ने किया था और शाम को वापस लौटते हुए मैंने ऐसा गजब का सनसेट देखा जो मैंने जीवन में पहले कभी नहीं देखा था। जैसा कि मैंने बताया कि लम्बासिंगी में स्नोफॉल का अनुभव किस्मत के धनी ही कर पाते हैं, लेकिन अगर आप नवम्बर व जनवरी के बीच यहां की यात्रा करेंगे तो स्नोफॉल देखने की संभावना बढ़ जायेगी।

## आपकी बात

### सामाजिक विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

**दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.**

### युवा शक्ति का सदुपयोग

देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए।

**वीरेंद्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## 17 नवम्बर को आयोजित होगी लोक सुनवाई

**बहराइच** । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद बहराइच में बहुद्देशीय हब निर्माण हेतु ग्राम कलवारी, गबरखा व भवनियापुर टिकुरी परगना चर्दा तहसील नानपारा बहराइच की कुल 1.2495 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। डीएम ने बताया कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (उ.प्र.) नियमावली-2016 के नियम-7 के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना के क्रियान्वयन हेतु कपूरथला परिसर स्थित कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी में विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच द्वारा 17 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक सुनवाई की जायेगी। डीएम श्री त्रिपाठी ने अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों से अपेक्षा की है कि 17 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक सुनवाई में उपस्थित होकर सम्बन्धित ग्रामों में स्थित भूमि के सम्बन्ध मे सामाजिक समाघात आंकलन रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना पर अपनी आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय एकता यात्रा की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पखवारे के तहत विधानसभा की निकाली जाने वाली राष्ट्रीय एकता यात्रा का रूट संशोधित किया गया है। अब यह यात्रा बिल्हर घाट हनुमान मंदिर से शुरू होकर श्री निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कॉलेज, कर्मा चैराहा तक पहुंचेगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने सभा स्थल का निरीक्षण किया और ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम प्रधानों व बीडीसी के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ह्लराष्ट्रीय एकता यात्रा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। संगठन के सभी कार्यकर्ता इसमें पूरी निष्ठा और समर्पण से भाग लेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग देश की एकता के इस संदेश से जुड़ सकें।ह्ल महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रा के चार प्रमुख पड़ाव होंगे कृ कादीपुर-कस्तूरीपुर ग्राम सभा मैदान, दुगार्पुर हनुमान मंदिर, गंगौली चैराहा और पुरखेपुर रामलीला मैदान। प्रत्येक स्थल पर कार्यकर्ता ग्रामीणों से संवाद कर सरदार पटेल के विचारों पर चर्चा करेंगे। यात्रा का समापन श्री निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कॉलेज में भव्य जनसभा के साथ होगा, जिसमें डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और प्रदेश महामंत्री संजय राय कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि ह्लसरदार पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और सेवा का प्रतीक है। यह यात्रा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देगी।ह्ल बैठक में गन्ना चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, हरभजन गौड़, शैलेन्द्र कोरी, दिनेश मिश्र, अमल गुप्ता सहित बडी संख्या में ग्राम प्रधान व बीडीसी भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

- विधायक, महानगर अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष यात्रा के रूट व जनसभा स्थल का किया निरीक्षण
- डिप्टी सीएम बजेश पाठक करेंगे जनसभा को सम्बोधित

## ऐतिहासिक होगा वीरांगना ऊदा देवी पासी और झलकारीबाई कोरी का शहीदी शौर्य दिवस

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में समाजवादी पार्टी द्वारा वीरांगना ऊदा देवी पासी व झलकारीबाई कोरी का शहीदी शौर्य दिवस 16 नवंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व फैजाबाद/अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद शिरकत करेंगे। बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में सहादतगंज सांसद आवास पर कार्यक्रम की तैयारी बैठक आयोजित की गई।

तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने लखनऊ के सिकंदराबाद चैराहे पर 16 नवंबर को 36 अंग्रेजों को मार गिराया था इसके बाद अंग्रेज ब्रिगेडियर ने पेड़ पर बैठी वीरांगना ऊदा देवी पासी को गोली मार दी थी उनके बलिदानी दिवस के सम्मान में और झलकारी बाई कोरी, संत रविदास और कई महापुरुषों व संतों के सम्मान में 16 नवंबर को फॉर एवर लॉन में शहीदी शौर्य दिवस आयोजित किया जा रहा है। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा।तैयारी बैठक को जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव,पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव,पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे,पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां,राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, जिला महासचिव बख्तियार खान सहित दो दर्जन से अधिक नेताओं ने संबोधित किया। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडे ने बैठक में जिला उपाध्यक्ष ओपी पासवान, राम जी पाल, आकिब खान, जय रावत,सुनील कोरी, राम सतन कोरी, रमेश रावत,सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## एसपी के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिए जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच के निर्देशन में माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्ल मिशन शक्ति अभियान- 5.0ह्ल के तहत जनपद बहराइच के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों व महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र अन्तर्गत गांवों, कस्बों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर तथा स्कूलों/विद्यालयों में महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधी समस्याओं के निस्तारण हेतु चौपालों का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में, साइबर हेल्पलाइन-1930 व साथ ही साथ नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के बुरे प्रभावों के बारे में समझाना और नशे से होने वाले कुप्रभावों के बारे में जागरूक करना व नशा मुक्ति केंद्र हेल्पलाइन- 14416 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी व पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

## पदयात्रा रैली का आयोजन 15 को

**बहराइच** ।मेरा युवा भारत बहराइच युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में सरदार /150 युनिटी मार्च कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 नवम्बर 2025 विकास खण्ड बलहा के ग्राम हाड़ा बसेहरी से शिवाला बाग नानपारा तक पदयात्रा रैली का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए विशेष कार्य अधिकारी मेरा युवा भारत ने बताया कि 15 नवम्बर को पूर्वान्ह 10:00 बजे ब्लाक बलहा के ग्राम हाड़ा बसेहरी से पदयात्रा रैली प्रारम्भ होकर अपरान्ह 04:00 बजे शिवाला बाग नानपारा में समाप्त होगी।

## स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

मिल्कीपुर-अयोध्या मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के इनायतनगर बाजार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रोफेशनल सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, जिला प्रभारी अयोध्या रहे, जबकि वशिष्ठ अतिथि के रूप में मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि ह्लहम सभी को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। हमें स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए और विदेशी उत्पादों पर निर्भरता खत्म करनी होगी।ह्ल उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वावलंबन भी है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि भारत की आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि ह्लजिस खादी आश्रम को पहले कोई नहीं जानता था, आज वहीं के उत्पादों की बिक्री में पिछले पांच वर्षों में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह इस बात का प्रमाण है कि देशवासी अब स्वदेशी उत्पादों की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, तब भारत न केवल आत्मनिर्भर बना बल्कि अन्य देशों को पीपीई किट और दवाइयाँ भेजकर वैश्विक स्तर पर उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ रहा है और लक्ष्य है कि सन 2047 तक भारत पूर्णतः आत्मनिर्भर राष्ट्र बने। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित पदयात्रा निकाली जा रही है।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भाजपा करेगी कार्यक्रमों का आयोजन




***अयोध्या।*** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में विविध कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इस संबंध में जानकारी भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ह्लभगवान बिरसा मुंडा ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि राष्ट्र की स्वतंत्रता और समाज के उत्थान के लिए संघर्ष ही सबसे बड़ा धर्म है। भाजपा उनके आदर्शों और बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर आदिवासी समाज के योगदान को राष्ट्रीय सम्मान दिया है। इसी भावना के तहत अयोध्या में भी जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम, परिचर्चा व स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिनमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।ह्ल

उन्होंने आगे बताया कि 14 नवम्बर को अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसे जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही संबोधित करेंगे। अनूसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरभजन गौड़ ने कहा कि ह्लभगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के नायक नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत थे। उनके त्याग, साहस और संघर्ष ने समाज में स्वाभिमान और जागरूकता की लौ जगाई। भाजपा उनके विचारों को आगे बढ़ाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।ह्ल प्रेस वार्ता में महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, वरूण चैधरी, अमल गुप्ता, सुशील मिश्र बब्लू मौजूद रहे।

## कृषकों को बांटे गये लहसुन और प्याज के बीज




**बहराइच** । जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि शासन एवं निदेशालय स्तर से इमपैनल्ड कम्पनियों बापना सीड्स कम्पनी, ट्रोपिका सीड्स कम्पनी एवं इनवेस्टिव सीड्स प्रा.लि., बैंगलोर द्वारा जिला उद्यान कार्यालय, बहराइच में शाकभाजी बीज के स्टाल लगाये गये। जिले के शाकभाजी एवं मसाला बीज उत्पादक किसानों द्वारा स्टालों का अवलोकन करते हुए शाकभाजी बीज क्रय करने में अभिरूचि दिखायी गई। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मंगलवार को सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा लहसुन एवं प्याज बीज वितरण कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात जिला उद्यान कार्यालय, बहराइच में कृषकों को बीज का वितरण भी किया गया।

## भाजपा विधायक के नेतृत्व में निकली पदयात्रा ,



**बहराइच।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर जिले कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।इसी कड़ी में आज महसी विधानसभा में भाजपा विधायक के नेतृत्व में एक विशाल पदयात्रा निकाली गई । इस दौरान पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह भी शामिल हुए । विधायक ने लौह पुरुष के जीवन आदर्श पर प्रकाश डाला । यात्रा के दौरान पूरा इलाका भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा ।महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में बुधवार दोपहर इलाके में स्थित किशनपुर मीठा से एक विशाल पदयात्रा निकाली गई । यात्रा नौ किलोमीटर का सफर तय कर पिपरी माफी जाकर समाप्त हुई । इस भाजपा विधायक ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल को दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते आजादी के बाद एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण करते हुए 565 रियासतों को देश के साथ जोड़ा था । हम सभी को उनके जीवन आदर्शों का पालन करना चाहिए । इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय, जिला मंत्री रामनिवास जयसवाल, भाजयुमो जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित, प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पाण्डेय, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा मण्डल अध्यक्ष तेजवापुर विद्याधर बाजपेई,जैतापुर मुख्तियार चौहान, महसी संजय त्रिवेदी,रायपुर शैलेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे ।

# 69वीं विद्यालयीय प्रदेशीय कुराश प्रतियोगिता का समापन

## शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने सौंपी बालक-बालिका वर्ग में सहारनपुर टीम को ट्राफी



**बाराबंकी।** वर्तमान सरकार खेलों तथा खिलाड़ियो को निरन्तर प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। पहली बार प्रदेश को 7 राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित करने का अवसर मिला है। वह दिन दूर नहीं जब हमारे माध्यमिक विद्यालयों के बच्चे राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरायेंगे। उक्त उद्गार राजकीय इण्टर कालेज आड़िटोरियम में चल रहे 69वीं विद्यालयीय प्रदेशीय कुराश प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ0 महेन्द्र देव ने व्यक्त किये।

समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ0 देव संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मण्डलयोगेन्द्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी0 त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 11 मण्डलों के कुल 321 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमे बालक वर्ग में सहारनपुर विजेता, वाराणसी मण्डल उपविजेता रहा। तो वही बालिका वर्ग में सहारनपुर विजेता व मेरठ मण्डल उपविजेता बना। विजयी टीमो को मुख्य अतिथि शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ0 देव ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। तो वही सभी खिलाड़ियो को गणपति एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, अंकुर टेज्डर्स, हबोर्केम इण्डस्ट्रीज द्वारा एक-एक टी-शर्ट, प्रतिभागिता प्रमाण पत्र व सभी टीम मैनेजर, टीम कोच को जनपदीय आयोजन समिति की ओर से वन-डिस्ट्रिक्ट वन-प्रोडक्ट के रूप में अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मैच रेफरी की भूमिका अन्तर्राष्ट्रीय रेफरी एवं महासचिव कुराश संगठन, विक्रांत कुमार, मंजू न्याल, अंतरिक्ष सैनी द्वारा निर्वहन की गई। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा सचिव अनन्त अस्थाना, प्रवक्ता आशीष पाठक, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक संतोष मौर्य, अशोक त्रिपाठी, अर्चना पाण्डे, सतीश कुमार, प्रधानाचार्य राधेश्याम, प्रधानाचार्या नन्दिता सिंह, उप प्रधानाचार्या डा0 पूनम सिंह, अरविन्द प्रकाश त्रिपाठी, इकबाल फातिमा, व्यायाम शिक्षक तौहीद खान, राजन सिंह, भूपेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, रितू पाठक, ज्योति द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

- माध्यमिक विद्यालय के बच्चे राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरायेंगे . डॉ. महेंद्र देव

## धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा

मिल्कीपुर-अयोध्या। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम घुरेहटा पूरे जानकी पंडित गांव में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य यजमान रामकलप तिवारी के नेतृत्व में जानकी पंडित पुरवा से हुआ। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर जय श्रीराम, राधे-राधे एवं हरिनाम संकीर्तन करते हुए शोभायात्रा के रूप में आगे बढ़ीं। यात्रा क्रमशः राजा बाबा देवस्थान, श्री आस्तीक आश्रम, गायत्री माता मंदिर एवं यमदग्नि आश्रम होते हुए भगवान भोलेनाथ के पूजन-अर्चन के उपरांत पुनः जानकी पंडित पुरवा पहुंचकर सम्पन्न हुई।



पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कथा का वाचन पं. पवन तिवारी शास्त्री (अयोध्या धाम) द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी, गिरीश तिवारी,अंकित तिवारी, राहुल तिवारी, शिवा तिवारी, अर्पित तिवारी, हर्षित तिवारी, बलराम तिवारी, विनोद तिवारी, लालजी तिवारी एवं मनीष तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर कलश स्थापना दिवस पर दर्शनार्थियों सहित तिवारी परिवार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कथा का समापन 19 नवम्बर को हवन और महाप्रसाद (भंडारे) के साथ किया जाएगा।

## विश्व निमोनिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बहराइच।** विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज बहराइच के बाल रोग विभाग में बुधवार को जागरूकता संगोष्ठी और सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निमोनिया की रोकथाम, लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. परवेज ने की, जबकि संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. अरविंद शुक्ला ने किया और बताया सर्द मौसम में छोटे बच्चों को संक्रमण से बचाना बेहद जरूरी है। अगर बच्चे को तेज बुखार, खांसी या सांस लेने में कठिनाई जैसी समस्या दिखे तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। जल्द पहचान और इलाज से जान बचाई जा सकती है।संगोष्ठी में एमबीबीएस छात्रों, पैरामेडिकल स्टाफ और मरीजों के अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि निमोनिया बच्चों में मृत्यु का प्रमुख कारणों में से एक है, लेकिन यह पूरी तरह रोकी जा सकने वाली बीमारी है। समय पर पहचान, टीकाकरण और उचित उपचार से अधिकांश मामलों में बच्चे को स्वस्थ किया जा सकता है।मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा कि,ह्लनिमोनिया से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका टीकाकरण और समय पर इलाज है। बच्चों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। बाल रोग विभाग द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है और इससे समाज में स्वास्थ्य चेतना को बल मिलेगा।ह्लकार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिभागियों को निमोनिया की रोकथाम और टीकाकरण के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. अन्नू सिंह, डॉ. विकास, डॉ. मजहर, डॉ. एस.के. त्रिपाठी, डॉ. विजय मिश्रा, डॉ. कुरील समेत विभाग के अन्य चिकित्सक भी मौजूद रहे।

## 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में राजेंद्र त्रिपाठी हुए राष्ट्रीय स्टाफ में चयनित



**बाराबंकी।** बेसिक शिक्षा परिषद में जिला स्काउट मास्टर पद पर कार्यरत राजेंद्र त्रिपाठी का राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा ग्रैंड फिनाले डायमंड जुबली 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में राष्ट्रीय स्टाफ में चयन होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय द्वारा विश्व स्काउटिंग के एसएचएफ 1 सेफ हार्म एसेंशियल लर्निंग प्रमाण पत्र सौपते हुये बधाई दी। बताते चले कि इस डायमंड जुबली राष्ट्रीय जंबूरी का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 23नवंबर को किया जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश सहित देश के समस्त राज्यों की टीम शामिल होंगी। जिसमे प्रदेश से राष्ट्रीय स्टाफ में जनपद के कर्मठ जिला स्काउट मास्टर, असिस्टेंट लीडर ट्रेनर, सहायक जिला सचिव राजेंद्र त्रिपाठी का नाम शामिल किया गया है। जिसके बाद जनपद श्री त्रिपाठी को जिला मुख्य आयुक्त डॉ0 रामकुमार गिरि, कमलेश कुमार द्विवेदी, डॉ रामू मौर्य, दिनेश चंद्र पाण्डेय, जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल सिंह सहित जनपद के समस्त स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन ने बधाई दी।

- बीएसए ने एसएचएफ 1 सेफ हार्म एसेंशियल लर्निंग प्रमाण पत्र सौंप दी बधाई

# मानक अनुरूप लिये जायें ड्राइविंग टेस्टः किंजल सिंह




**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वाहन चालकों के प्रशिक्षण एवं दक्ष चालकों को ही ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त हो, के उद्देश्य से प्रदेश के कई जनपदो में ड्राइविंग ट्रेनिग एण्ड टेस्टिंग इण्टीट्यूट (डीटीटीआई) स्थापित किये गये हैं जिसमें अयोध्या डीटीटीआई भी एक है। बुधवार को मथुरा, अयोध्या एवं वाराणसी के परिवहन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि परिवहन आयुक्त किंजल सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह के नेतृत्व में किया गया। परिवहन आयुक्त द्वारा शासन की सभी योजनाओं को जनहित में सफलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने हेतु प्रेरित किया एवं डीटीटीआई का निरीक्षण कर ड्राइविंग टेस्ट आटोमेटेड टेस्टिंग ट्रैक पर टेस्ट लिये जाने की प्रक्रिया और तत्पश्चात ड्राइविंग लाइसेंस जारी किये जाने के फ्लो को समझा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की व अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिये।सर्वप्रथम आरटीओ ऋतु सिंह द्वारा परिवहन आयुक्त को मोमेंटो व पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभकिया गया। आरटीओ ने सबका स्वागत करते हुए सड़क सुरक्षा एवं ड्राइविंग ट्रेनिंग इण्टीट्यूट की प्रणाली में सभी अधिकारियों व कर्मचारियो को भली-भाँति परिचित कराने के उद्देश्य एवं अयोध्या में संचालित किये जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण अभियानों, जागरुकता कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को आटोमेटेड सेंसर के माध्यम से टेस्टिंग ट्रैक पर ड्राइविंग टेस्ट लेने की प्रक्रिया के बारें में जनता में पर्याप्त जागरूकता फैलाने, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया व आवेदकों द्वारा भरे जाने वाले आवेदन पत्रों में सड़ी ई-मेल, मोबाइल नंबर की आवश्यकता पर बल दिया व जल परिवहन की भी जानकारी दी। उनके द्वारा सिम्युलेटर आदि पर प्रक्रिया विस्तार से बताते हुए शासन एवं मुख्यालय के निदेर्शानुसार कार्य करने को कहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अयोध्या, मथुरा व वाराणसी के अधिकारियों व कर्मचारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। उल्लेखनीय है कि ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक मे सर्पेण्टाइन पाथ, चढ़ाई, ढलान, एच शेप पार्किंग, पैरलर पार्किंग, 8 के आकार में एलएमवी व एचएमवी के मार्क पर किस प्रकार वाहन परीक्षण किया जाना है, पास-फेल के मानक पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मारुति सुजुकी के डीजीएम आलोक मलिक द्वारा पावर प्वाइण्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से तकनीकी बारीकियाँ बतायी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह, आरटीओ प्रवर्तन वी.पी. सिंह, एआरटीओ आर.पी. सिंह, एआरटीओ नीतू सिंह, एआरटीओ मनोज वर्मा, मोटरयान निरीक्षक राजीव कुमार, नरेश कुमार व प्रमेन्द्र कुमार संतप्त एवं आलोक मलिक व तीनो जनपदों के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

- परिवहन आयुक्त ने ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड टेस्टिंग इण्टीट्यूट में प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

संक्षेप

## हाइवे पर मिला अज्ञात युवक का शव

**अमेठी।** जनपद के जगदीशपुर, कोतवाली क्षेत्र के लखनऊझवाराणसी नेशनल हाइवे पर स्थित चहेती नगर के निकट बाईपास पर बुधवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने सड़क किनारे क्षत-विक्षिप्त अवस्था में शव देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में युवक की मौत किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई प्रतीत हो रही है। मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी डी के यादव ने बताया कि आसपास के थानों को युवक की पहचान के लिए सूचना भेजी गई है।

## एबीवीपी ने अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुश नगर इकाई द्वारा दिल्ली में हुए बम विस्फोट में मृतक आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित प्राथना की। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गयी। नगर अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र गुप्ता और नगर मंत्री राज मिश्र से कहा कि सरकार इस आतंकी हमले की जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दे, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो और जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष डॉ संतोष सिंह अंश, जिला संयोजक तेजस्व पांडेय, शिखर पाठक, अखिल, सचिन मौर्य,राज यादव, प्रवीण भार्गव, सुंदरम शाहू, लक्ष्मी कांत, हर्ष श्रीवास्तव, ओम मिश्रा, पीयूष जायसवाल, अभिषेक यादव, तुषार सोनी, अरूणेश पटेल आदि मौजूद रहे।

## राम नाम की महिमा और सती भस्म का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के संस्कृत विद्यालय में श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है। श्री राम कथा के प्रथम पावन दिवस पर बोलते हुए व्यास मंच से साध्वी निशु भारद्वाज (अयोध्या धाम) ने कहा कि हिंदू धर्म में राम नाम को सबसे पवित्र और शक्तिशाली माना जाता है। वेद पुराण, शास्त्रों में उल्लेख है कि राम नाम का जाप करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। एक कथा के अनुसार, भगवान शिव की पत्नी सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में जाने के लिए पति की अनुमति नहीं ली, जिससे शिव ने उन्हें भस्म कर दिया। सती के पुनर्जन्म के बाद, शिव ने राम नाम का जाप किया और सती के भस्म से लिंडेश्वर महादेव की उत्पत्ति हुई। सती भस्म की महिमा की भी शास्त्रों में अनोखा उल्लेख है। सती भस्म को अत्यंत पवित्र माना जाता है। इसे चंदन की तरह शरीर पर लगाया जाता है। इसका तिलक लगाने से आत्मशुद्धि होती है और भय दूर होता है। शिव भक्त इसे शुद्ध भस्म (विभूति) के रूप में उपयोग करते हैं। वहीं साध्वी जी ने राम नाम की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि राम नाम का प्रभाव असाधारण और असीमित है । राम नाम से अज्ञान का अंधकार दूर होता है। यह जीवन को पवित्र और शांत बनाता है इस प्रकार, राम नाम और सती भस्म दोनों ही हिंदू धर्म में श्रद्धा और शक्ति के प्रतीक हैं। प्रथम पावन दिवस पर मुख्य अजमान की भूमिका व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और उनकी पत्नी ने निभाया। वही लालगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध शास्त्रों के ज्ञाता चिलौला निवासी पंडित शिव प्रकाश पांडे ने श्री राम कथा में संचालन की अहम भूमिका निभाई।

# एआरटीओ समेत 11 लोगों के खिलाफ वसूली का मामला दर्ज

### एसटीएफ की बड़ी कार्यवाही, परिवहन विभाग में दलाली का पर्दाफाश




- ट्रक चालकों से लाखों की वसूली करने वाले एआरटीओ का दलाल मोहित सहित दो गिरफ्तार

**रायबरेली।** जिले में एसटीएफ ने परिवहन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार करते हुए ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने वाले प्रमुख दलाल मोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान एसटीएफ ने रायबरेली के एआरटीओ (प्रवर्तन) अंबुज और पीटीओ रेहाना बानो, दीवान व ड्राइवर सहित कुल 11 लोगों के खिलाफ फजीर्वाड़ा निरोधक अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। यह मामला रायबरेली-फतेहपुर मार्ग पर चलने वाले ट्रकों से संगठित तरीके से वसूली का है, जिसमें प्रति ट्रक 5,000 रुपये तक की रकम ऐंठी जा रही थी।

एसटीएफ की टीम ने गहन जांच के बाद यह कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी मोहित परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर रायबरेली-फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले लगभग 114 ट्रकों से नियमित वसूली करता था। प्रत्येक ट्रक से 5,000 रुपये की वसूली का आरोप है, जिसमें से मोहित को प्रति ट्रक 500 रुपये का कमीशन मिलता था। यह वसूली चेकिंग के नाम पर की जाती थी, जहां अधिकारियों के दबाव में ट्रक चालक मजबूरन रिश्वत देते थे। एसटीएफ इंस्पेक्टर अमित तिवारी ने इस मामले में लालगंज कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई। कार्रवाई के दौरान मोहित के अलावा एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है, और उनके पास से वसूली से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

इस मामले में कुल 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जिनमें रायबरेली और फतेहपुर के परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और दलाल शामिल हैं।

आरोपी मोहित और उसके साथी ट्रकों को चेकिंग पॉइंट पर रोककर परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट और ओवरलोडिंग के बहाने परेशान करते थे। यदि चालक विरोध करता, तो उन्हें भारी जुमार्ने या वाहन जब्त करने की धमकी दी जाती। इससे डरकर चालक 5,000 रुपये प्रति ट्रक दे देते, जिसमें से मोहित का हिस्सा 500 रुपये होता। अनुमानित रूप से, 114 ट्रकों से मासिक लाखों रुपये की वसूली हो रही थी, जो विभागीय भ्रष्टाचार का नंगा चेहरा दशार्ती है।

# पुश्तैनी जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा, एसडीएम से शिकायत

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के पूरे रघुनाथ सिंह मजरे भटसरा गांव निवासी एक पीड़ित व्यक्ति ने घर के सामने सहन व पुश्तैनी जमीन पर दबंग प्रत्याशी गणों द्वारा किए जा रहे कब्जे की शिकायत उप जिलाधिकारी गौतम सिंह से की है। उप जिलाधिकारी गौतम सिंह को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित सियाराम पुत्र गुरुदीन निवासी ग्राम पुरे रघुनाथ सिंह मजरे भटसरा थाना शिवगढ़ तहसील महराजगंज ने कहा है कि सूरज बली पुत्र राम लखन निवासी पुरे रघुनाथ मजरे भटसरा व हल्का लेखपाल शिव प्रकाश मौर्य द्वारा सांठ गांठ कर तथा हल्का लेखपाल को पैसा देकर जबरन मेरी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, जबकि मुझ प्रार्थी के नाम तहसील प्रशासन द्वारा घरौनी में भी नाम दर्ज है जिसकी छाया प्रति भी मेरे पास है। आबादी की भूमि गाटा संख्या 302 रकबा 154.53 वर्ग मीटर में मेरा मकान बना है। शेष पड़ी जमीन में निर्माण करना चाहता हूं तो दबंग प्रतिपक्षी गण सूरज बली पुत्र राम लखन हल्का लेखपाल व पुलिस प्रशासन से सांठ गांठ कर निर्माण कार्य नहीं करने देता तथा अमादा फौजदारी भी हो जाता है। जिसमें गुमावा चैकी पुलिस व हल्का लेखपाल दबंग प्रतिपक्षी गणों का सहयोग कर रहे हैं। जिसके चलते पीड़ित ने न्याय प्रिय उप जिलाधिकारी गौतम सिंह की चैखट पर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में उप जिलाधिकारी गौतम सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है जांच कर शिकायतकर्ता को न्याय दिलाया जाएगा।

**एक सप्ताह में न्याय नहीं मिला तो हम हल्का लेखपाल के खिलाफ करेंगे धरना प्रदर्शन**

**महराजगंज, रायबरेली।** हल्का लेखपाल शिव प्रकाश मौर्य पूर्व से ही चचाओं में बने रहते हैं तथा अपने कारनामों से हमेशा सुर्खियों में बने रहना उनकी आदत में शुमार हो गया है तथा पूरे रघुनाथ सिंह मजरे भटसरा व अन्य जिन गांवों में उनकी तैनाती है उन गांवों में भी धन बल के सहारे गलत नाप कर अपना खेल खेलते रहते हैं। तो वहीं पीड़ित सियाराम पुत्र गुरुदेव का कहना है कि यदि तहसील प्रशासन से एक सप्ताह के अंदर न्याय नहीं मिलता है तो हम सभी परिजन मुख्यमंत्री की चौखट पर जाकर हल्का लेखपाल के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# कटका क्लब ने चलाया 'एम्बुलेंस को रास्ता दें' जागरूकता अभियान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा श्री सुभाष इंटर कॉलेज, पलिया में यातायात माह के तहत एम्बुलेंस को रास्ता दें अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने की, जबकि नेतृत्व कटका क्लब के प्रदेश प्रभारी ऋषभदेव शुक्ला ने किया। अभियान के दौरान छात्रों व आमजन को एंबुलेंस को प्राथमिकता देने के महत्व से अवगत कराया गया। ऋषभदेव शुक्ला ने बताया कि एंबुलेंस गंभीर रूप से बीमार अथवा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को अस्पताल पहुँचाती है, जहाँ एक-एक पल महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यातायात में अवरोध पैदा करना मानवता के विपरीत है। कथा वाचक शनि मिश्र ने जानकारी दी कि यदि कोई व्यक्ति एंबुलेंस को जानबूझकर रास्ता नहीं देता है, तो उसे छह माह तक की जेल तथा 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। कटका क्लब अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि कई बार एंबुलेंस चालक लगातार हॉर्न देता रहता है, लेकिन लोग साइड नहीं देते। ऐसी स्थिति में प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर अखिलेश शुक्ला ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 196ई के अनुसार एंबुलेंस का रास्ता रोकने वाले पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जा सकता है, किंतु इसका प्रभावी पालन आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में बृजेन्द्र मिश्र, रवि प्रकाश शुक्ला, आशीष पांडेय, सत्येंद्र कुमार सिंह, विजय वर्मा, राजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. जितेंद्र कुमार गुप्ता, विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एनसीसी कैडेट्स ने बनाये पोस्टर

**तिलोई, अमेठी।** वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर तिलोई तहसील क्षेत्र के सिंहपुर ब्लाक स्थित संत पथिक इंटर कॉलेज महेशपुर के एन सी सी कैडेट्स ने अपनी कलाकृति को पोस्टर पर उतारा। सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के महेशपुर स्थित संत पथिक इंटर कॉलेज के एन सी सी कैडेट्स ने ' मेरी माटी, मेरा देश, भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिन्द ' आदि स्लोगन लिखे पोस्टर को प्रदर्शित किया। पोस्टर प्रदर्शन के पश्चात सभी कैडेट्स ने देश की आन, बान और शान को बनाए रखने का संकल्प लिया। उसके राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीकांत त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रतिष्ठित सोनी, सी पी ओ जीत बहादुर, ए एन ओ कैप्टन रमेश चंद्र यादव उपस्थित रहे।

## दिल्ली विस्फोट के शहीदों को श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** हरचंदपुर स्थित श्री गंगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्थानीय व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक दिल्ली में हुए हालिया आतंकी विस्फोट में मारे गए भारतीयों को श्रद्धांजलि देने और राष्ट्र की संप्रभुता पर चर्चा करने के लिए शिव परिवार द्वारा बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के संरक्षक सूर्यपाल सिंह ने की। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्र की संप्रभुता पर किसी भी प्रकार का आक्रमण स्वीकार्य नहीं है। लक्ष्मी शंकर शुक्ल, तिलकधारी सिंह और योगेश मोहन ने देश के मुद्दों पर सभी को एकजुट होने का आह्वान किया। राठौर जी, नीरज श्रीवास्तव, हरी कृष्णा द्विवेदी और कल्लू सिंह ने कहा कि राजनीति को राजनैतिक दायरों से अलग रखकर तुष्टिकरण से दूर होकर देश के विपक्ष को देश हित में आगे आना चाहिए। बैठक में कहा गया कि जब डॉक्टर और इंजीनियर जैसे शिक्षित वर्ग भी आतंक के पोषक बन रहे हैं और अपना एजेंडा स्पष्ट कर रहे हैं, तो देश के विरुद्ध इस युद्ध में प्रत्येक नागरिक को सीना तानकर उनके सामने खड़े होने का समय आ गया है।

## आठ बेड के डीआर टीबी सेंटर का उद्घाटन

**रायबरेली।** एम्स रायबरेली में ड्रग रेजिस्टेंस मरीजों हेतु 8 बेड के डीआर टीबी सेंटर का उद्धघाटन डॉ अमिता जैन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एम्स द्वारा किया गया। जिसमें संस्थान की डीन एकेडमी प्रोफेसर डॉक्टर नीरज कुमारी डीन एग्जामिनेशन प्रोफेसर डॉक्टर प्रगति गर्ग एवं डीन रिसर्च प्रोफेसर डॉक्टर अर्चना वर्मा के साथ ही लखनऊ से आए विशेष अतिथि डॉ राजीव गर्ग केजीएमयू एवं डॉ अजय कुमार वर्मा केजीएमयू तथा नोडल क्षय रोग विभाग रायबरेली डॉक्टर अनुपम सिंह उपस्थित रहे। उद्घाटन के उपरान्त डीआर टीबी-इमर्जिंग चैलेंजेस विषय पर एक सीएमई का भी आयोजन किया गया। सीएमई में नोडल ऑफिसर कोर कमेटी एनटीईपी एम्स डॉक्टर प्रमोद कुमार, कोऑर्डिनेटर कोर कमेटी एनटीईपी एम्स डॉ सना इलाही एवं नोडल अधिकारी डीआर टीबी एम्स डॉ महेंद्र कुमार व राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा, जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक मनीष श्रीवास्तव, जिला पीएमडीटी समन्वयक अतुल कुमार, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अलंकार शर्मा, एसटीएलएस अखिलेश त्रिवेदी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# विश्व निमोनिया दिवस पर बच्चों को निमोनिया के प्रति किया गया जागरूक



- राजकीय एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित हुई कार्यशाला

**सुलतानपुर (वीओएल)।** विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर 12 नवम्बर 2025 को जनपद में निमोनिया नियंत्रण अभियान (सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज निमोनिया सक्सेसफुली) की शुरुआत की गई। यह अभियान 28 फरवरी 2026 तक संचालित रहेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य 0-5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लक्षणों की समय से पहचान कर उपचार हेतु प्रेरित करना तथा सामुदायिक स्तर पर रोकथाम के संदेश को प्रसारित करना है।

अभियान के तहत सुबह 10:00 बजे राजकीय एएनएम प्रशिक्षण केंद्र, सुलतानपुर में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भारत भूषण ने की। कार्यक्रम में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लालजी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार यादव उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान निमोनिया के प्रमुख लक्षणकृबुखार, खांसी, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द की जानकारी दी गई तथा समय पर चिकित्सा परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने बताया कि पांच वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया का खतरा अधिक होता है, इसलिए अभिभावकों को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता ही समय पर उपचार और बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। अभियान के तहत जिला चिकित्सालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूबेपुर में शीघ्र निदान, रोकथाम और उपचार संबंधी सेवाओं को मजबूत किया गया। चिकित्सा अधीक्षकों की अध्यक्षता में स्वास्थ्य इकाइयों में भी अभियान का शुभारंभ कर जनमानस को संवेदनशील बनाने का संदेश दिया गया।

## 439 वाहनों का चालान

**रायबरेली।** यातायात माह के अवसर पर रायबरेली पुलिस ने सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 439 वाहनों का चालान सख्त कार्रवाई की गई, साथ ही जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हजारों लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के तहत त्रिपुला चौराहा, रतापुर चौराहा और सारस तिराहा, सिविल लाइन चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, लालगंज तिराहा चौराहा, बस स्टाप चैराहा सहित अन्य व्यस्त स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। विशेष फोकस बिना नंबर प्लेट वाले डंपरों और ट्रकों पर रहा, जिनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। यातायात माह प्रवर्तन दल की टीमें गठित कर नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों और स्वामियों के विरुद्ध चालान किए गए। चेकिंग के साथ-साथ जनजागरूकता पर भी जोर दिया गया।

## न्याय के लिए तहसील परिसर में छोटे बच्चों संग धरने पर बैठी महिला

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के रायपुर फुलवारी गांव की एक पीड़ित महिला अपने छोटे-छोटे बच्चों और परिवार के साथ अमेठी तहसील परिसर में धरने पर बैठ गई। महिला का आरोप है कि पिता की मृत्यु के बाद विरासत में मिली जमीन पर क्षेत्र के कुछ दबंग लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि उसने इस मामले की शिकायत पुलिस और राजस्व विभाग दोनों से कई बार की, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर उसका मामला निस्तारित नहीं हुआ। न्याय न मिलने से आहत होकर वह परिवार सहित हाथों में तख्तियाँ लेकर धरने पर बैठी, जिन पर लिखा था ,ह्लहमें न्याय दो, हमारी जमीन हमें वापस दो,पीड़िता का कहना है कि जब तक उसकी जमीन पर अवैध कब्जा हटाकर उसे न्याय नहीं दिलाया जाएगा, धरना जारी रहेगा।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय करसा में बुधवार को परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल और बीइओ सुधीर कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक प्रमोद सिंह यादव के नेतृत्व में दस न्याय पंचायतों के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्य अतिथि राहुल शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। बीईओ सुधीर सिंह ने कहा कि खेल से बच्चों में अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक विश्वकर्मा और समरेंद्र सिंह ने किया। प्राथमिक बालक वर्ग में शुभम पाल (भभोट), शुशांत (सेमरी) और अर्पित (वैदहा) क्रमशः विजेता रहे। बालिका वर्ग में राधिका (गूरेगांव) और शुभी यादव (अयूबपुर) अव्वल रहीं। जूनियर बालक वर्ग में आदर्श (कल्याणपुर), आर्यन (वैदहा) और वीरेंद्र (भभोट) ने बाजी मारी। जूनियर बालिका वर्ग में नंदिनी (भभोट), दीक्षा (जयसिंहपुर), नाजवीन (गूरेगांव) और शिवानी पाल (कल्याणपुर) विजेता बनीं। लंबी कूद में समीर, पलक (वैदहा), आदर्श (कल्याणपुर) और शैलवी (सरैया) प्रथम रहीं। निर्णायक मंडल में राहुल जायसवाल, कांती सिंह, विमलेश सरोज, सत्य विजय सिंह, कृष्ण मोहन सिंह और सुनील यादव शामिल रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रतिनिधि हरिशंकर वर्मा, प्रभाकर शुक्ल, तहसीलदार मयंक मिश्र, अजीत सिंह, जयप्रकाश वर्मा, दामोदर तिवारी और अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# पावन प्रज्ञा पुराण समस्याओं से दिलाती है मुक्ति



**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ठेंगहा गांव में मंगलवार से शुरू हुई पांच दिवसीय प्रातःकालीन यज्ञ एवं सायंकालीन वेला में प्रज्ञा पुराण कथा में कथा वाचक ने प्रज्ञा पुराण कथा को मानव जीवन की समस्याओं से मुक्ति दिलाने का मार्ग बताया। कथा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही।

मंगलवार सुबह ठेंगहा में श्री रणंजय इंटर कॉलेज के बगल स्थित खेल मैदान में मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। मंगलवार देर शाम पहले दिन की प्रज्ञा पुराण कथा सुनाते हुए कथा वाचक पंडित कैलाश नारायण तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में मानव जीवन में छोटी समस्याएं भी बड़ा विकराल रूप धारण कर ले रही हैं। मनुष्य क्रोध के आवेश में आकर अपनों को भुलाता जा रहा है। कथा वाचक ने कहा कि युग ऋषि पंडित श्री राम शर्मा आचार्य ने जीवन की इन्हीं कठिनाइयों का निवारण प्रज्ञा पुराण कथा में बताया है। प्रज्ञा पुराण कथा के पहले दिन कथा वाचक ने पारिवारिक समस्याओं के निराकरण और आपसी प्रेम सद्भाव को प्रासंगिक करते हुए कथा सुनाया। बुधवार सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने यज्ञ में भी भागीदारी निभाई। जिला समन्वयक डॉ त्रिवेणी सिंह ने बताया कि अमेठी के लिए यह पावन प्रज्ञा पुराण कथा संजीवनी है, जो भी इस कथा का श्रवण करेगा उसका जीवन बेहतर बन सकेगा। कथा में किरन बरनवाल, ,कृष्णा देवी, उर्मिला, सुभद्रा मौर्य, लालती देवी, वीना बरनवाल के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक पवन जी, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक राधे श्याम त्रिपाठी, डा रामेन्द्र तिवारी, बदलू राम ,संघ के वरिष्ठ कार्य कर्ता व स्थानीय राधेश्याम तिवारी, अशोक कुमार बरनवाल , पवन बरनवाल ,राणा प्रताप सिंह, प्रबन्धक राघवेन्द्र सिंह, अविनाश सिंह, पूर्व स्टेशन अधीक्षक त्रिवेणी प्रसाद सिंह, राजेन्द्र सिंह ,राय यश मौर्य, सुभाष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## कथा व्यास ने बताया गोवर्धन पर्वत का महत्व

**गौरीगंज, अमेठी।** कथा व्यास सनत कुमार पाण्डेय ने कथा आयोजक पवन कुमार मिश्रा के आवास धरमगदपुर कटारी में हो रही भागवत कथा के पांचवे दिन गोवर्धन पूजा में भगवान कृष्ण द्वारा अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा का बड़े मार्मिक ढंग से वर्णन किया, जिसके बाद गोवर्धन पर्वत का पूजन किया इसके बाद घर के मुख्य द्वार पर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा किया, भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग लगाया और अन्नकूट का भोग भी अर्पित किया इस दौरान गाय माता और नंदी की भी पूजा किया । कथा के अनुसार, जब इंद्र ने ब्रज में भारी बारिश की, तो भगवान कृष्ण ने सभी की रक्षा के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। यह पूजा अहंकार पर भक्ति और प्रकृति की शक्ति की विजय का प्रतीक है। गोवर्धन पूजा से घर में सुख-समृद्धि और धन-धान्य आता है, ऐसी मान्यता है। कथा में समाज के नर नारी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे ।

# राजकीय धान क्रय केंद्र पर इस बार रेटीना स्कैन से होगी पहचान

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** राजकीय धान क्रय केंद्र जयसिंहपुर प्रथम एवं द्वितीय पर इस वर्ष एक नवंबर से धान की खरीद शुरू हो गई है। इस बार सामान्य श्रेणी के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 प्रति कुंतल तथा ग्रेड-ए धान का मूल्य 2389 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण भी एक नवंबर से प्रारंभ हो गया है। धान बेचने के लिए किसानों को अब पूरी ऑनलाइन प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्हें अपनी खतौनी, आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ केंद्र पर आना होगा। इस वर्ष शासन स्तर से धान खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक नई व्यवस्था लागू की गई है अब थंब वेरिफिकेशन की जगह ई-पॉप मशीनों द्वारा रेटीना स्कैन किया जा रहा है। इस तकनीक से खरीद प्रभारी व विक्रेता दोनों की पहचान की पुष्टि की जा रही है, जिससे फजीर्वाड़ा पर रोक लगने की उम्मीद है। केंद्र प्रभारी अनिल कुमार के अनुसार, अब तक जयसिंहपुर प्रथम केंद्र से 5 किसानों से 140.80 कुंतल और द्वितीय केंद्र से 3 किसानों से 90.40 कुंतल धान की खरीद की गई है। केंद्र प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि किसानों को ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया पिछले वर्ष लगभग 58 हजार कुंतल धान की खरीद हुई थी, जबकि इस वर्ष उससे अधिक खरीद की उम्मीद है। केंद्र पर किसानों के लिए बैठने, पानी और मीठे की व्यवस्था की गई है। धान की उतराई, छनाई और सफाई में लगने वाले अधिकतम 20 प्रति कुंतल का व्यय किसानों को देना होगा, जिसे बाद में भुगतान में समायोजित कर दिया जाएगा। किसानों को भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से उनके आधार लिंक बैंक खातों में सीधे किया जाएगा। हालांकि, ई-पॉप मशीन से खरीद प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतें और धीमी गति जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

# बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताआयोजित

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** विकास क्षेत्र दीनशाह गौरा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन विकास क्षेत्र के ही शिव नारायण सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने माँ सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के माध्यम से ही बच्चों का सही विकास होता है साथ ही बच्चे कठिन परिश्रम करना सीखते है और उसका आने वाले जीवन में लाभ मिलता है ।



विशिष्ट अतिथि लाल संजय प्रताप सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतिस्पधाओं में भाग लेने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी ।

बालक वर्ग की 100 मीटर , 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में अमन मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पूनम ने , 200 मीटर दौड़ में अंजली और 400 मीटर दौड़ में सोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की लंबी कूंद में सूरज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर (बालक वर्ग )की कबड्डी में अलावलपुर की टीम विजेता और गौरा की टीम उपविजेता रही। जूनियर स्तर की कबड्डी (बालिका वर्ग) में जलालपुर धई की टीम विजेता और धमधमा की टीम उपविजेता रही । जूनियर स्तर (बालक वर्ग) की कबड्डी प्रतियोगिता में अलावलपुर विजेता और गौरा उपविजेता रही। ऊँची कूंद में संदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो( बालिका वर्ग) में जलालपुर धई की टीम विजेता और अलावलपुर की टीम उपविजेता रही ।

खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने सभी बच्चों को विभिन्न प्रतिस्पधाओं में प्रतिभाग करने हेतु शुभकामनाएं प्रदान की और आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया । इस अवसर पर हरिकेश बहादुर , अखिलेश कुमार, प्रमोद द्विवेदी , धर्मेंद्र सिंह , दुशान्त प्रताप, ब्रजेंद्र सिंह, मनीष दीक्षित, अरवाब हैदर आदि उपस्थित रहे ।

## ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

**सुलतानपुर (वीओएल)।** नगर क्षेत्र अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का आयोजन संस्कृत महाविद्यालय, करौंदिया में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता द्वारा माता सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता बढ़ाते हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास भी करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिभाग करना है, क्योंकि सहभागिता से बच्चे सीखते और आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम में बीइओ (मुख्यालय/नगर) दिलीप कुमार ने निर्णायक समिति, खेल शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, अनुदेशकों और समस्त आयोजन टीम की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी उपलब्धि है। नगर व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सईद ने प्रतियोगिता की नियमावली से बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी सुनील कुमार सिंह ने किया। प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से करौंदिया के शिवम ने तथा बालिका वर्ग से नारायणपुर की पल्लवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को बीइओ नेसम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में ओमप्रकाश पाल, शशी सिंह, उदय सिंह, रितेश त्रिपाठी, पुनीत सिंह, अभिषेक, श्वेता सिंह, मिथिलेश सिंह आदि ने उत्कृष्ट सहयोग दिया। कार्यालय व्यवस्था में राधेश्याम, जयप्रकाश पांडेय, आदर्श सिंह, संजय मिश्र व प्रमोद द्विवेदी का योगदान सराहनीय रहा।

संक्षेप

## पद यात्रा की ड्यूटी में तैनात दारोगा की मौत

**मथुरा।** दिल्ली से वृंदावन आ रही बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की सनातन पदयात्रा में ड्यूटी के दौरान एक उप निरीक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई। थाना राया क्षेत्र के गांव पीरीगढ़ी निवासी उप निरीक्षक बोहरा वर्तमान में एटा के अलीगंज थाने पर तैनात थे। वे विशेष ड्यूटी के तहत मथुरा पहुंचे थे और पुलिस लाइन में आमद करने के बाद अचानक उनके सीने में तेज दर्द शुरू हो गया। साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मियों ने बताया कि उप निरीक्षक बोहरा हमेशा सक्रिय और मिलनसार स्वभाव के थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मथुरा के लिए रवाना हो गए हैं।

## बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत

**मथुरा।** नौहझील मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 75 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। यह घटना बुधवार को थाना मांट क्षेत्र के राम नगला गांव के पास हुई। महिला को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक महिला की पहचान राम नगला निवासी रामा पत्नी रामजीलाल के रूप में हुई है। वह बुधवार को अपने खेत पर खाना लेकर जा रही थीं, तभी मांट की तरफ से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उन्हें रौंद दिया। टक्कर के बाद परिजन घायल महिला को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## दिल्ली धमाके के बाद संत प्रेमानंद महाराज ने स्थगित की पदयात्रा

**मथुरा।** लाल किले के पास कार में हुए धमाके के बाद प्रदेश में जारी किये गये अलर्ट और सुरक्षा के मद्देनजर संत प्रेमानंद महाराज ने अपनी नियमित रात्रिकालीन पदयात्रा फिलहाल स्थगित कर दी है। आमतौर पर संत प्रेमानंद महाराज हर रात अपने परिकर के साथ नंदनवन तिराहा से केली कुंज आश्रम तक पदयात्रा करते हैं। यह यात्रा लगभग रात 3 बजे होती है, लेकिन सोमवार को दिल्ली धमाके की घटना के बाद से संत प्रेमानंद महाराज ने दो दिन से रात्रि पदयात्रा नहीं की। हालांकि पदयात्रा अस्थायी रूप से रोकी गई है, लेकिन आश्रम में संत के एकांतिक दर्शन जारी हैं। भक्त सीमित संख्या में आश्रम पहुंचकर उनके दर्शन कर रहे हैं। संत प्रेमानंद महाराज या उनके आश्रम से पदयात्रा स्थगित करने के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, सूत्रों के अनुसार यह निर्णय दिल्ली धमाके के बाद सुरक्षा कारणों से लिया गया है। ज्ञात रहे कि आज गुरुवार 13 नवम्बर को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा मथुरा जिले में प्रवेश कर जाएगी। दिल्ली धमाके और सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में आ रही भीड़ को देखते हुए माना जा रहा है कि आगामी 4 दिन संत प्रेमानंद महाराज पदयात्रा नहीं करेंगें। बुधवार नंदगांव, बरसाना के बाद संत प्रेमानंद महाराज दाऊजी महाराज के मंदिर पहुंचे। संत ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान श्रीदाऊजी महाराज और रेवती मैया के दर्शन किए। दर्शनों के दौरान संत की आँखों से अश्रुधारा बह निकली।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर में हुआ कूड़ा-कूड़ा



**मथुरा।** वेतन न मिलने से परेशान शहर में कूड़ा उठाने वाले वाहनों के चालकों ने आज गाड़ियों में ब्रेक लगा दिए। भूतेश्वर नगर निगम कार्यालय जाकर गेट पर ही धरना देने लगे। आरोप है कि इसके बाद भी अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। कूड़ा शहर में न उठने से शहर के हर हिस्से में कूड़े के ढेर लगे हैं। दुकानदार और राह चलते लोग दुर्गन्ध से परेशान हैं। नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के डोर टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कर्मचारी आज हड़ताल पर चले गए। समय से वेतन और बोनस न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को भूतेश्वर स्थित निगम कार्यालय पर घेराव किया और नारेबाजी की। कर्मचारियों ने काम पूरी तरह ठप कर दिया और कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को भी रोक दिया। कर्मचारियों का कहना है कि वे बीते कई महीनों से समय पर वेतन और बोनस की मांग कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ लॉलीपॉप दी जा रही है। सफाई मजदूर संघ और ड्राइवर यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने बताया कि 24 घंटे पहले ही उन्होंने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर अपनी पांच सूत्रीय मांगें रखी थीं, जिनमें समय पर वेतन, बोनस का भुगतान, गाड़ियों की मेंटेनेंस, छुट्टियों का वेतन न काटने और न्यूनतम मानदेय बहाल करने की मांग शामिल है। कर्मचारियों ने बताया कि पहले उनका वेतन रुपये 14,000 से अधिक था, जो अब घटकर रुपये 11,000 के आसपास रह गया है। कुछ ड्राइवरों को तो रुपये 10,000 तक वेतन दिया जा रहा है। शासनादेश के तहत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बोनस मिलना चाहिए, लेकिन अब तक नहीं मिला। चार छुट्टियां तय होने के बावजूद छुट्टी लेने पर वेतन काट लिया जाता है। ड्राइवर यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि कि गाड़ियों का मेंटेनेंस न होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, और हादसे की स्थिति में भी ड्राइवरों का वेतन काट लिया जाता है। उन्होंने कहा कि हर महीने 10 तारीख तक वेतन मिलना चाहिए, लेकिन अब 25 तारीख के बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है। नगर आयुक्त के साथ वृन्दावन जोनल कार्यालय में पहले भी वार्ता हो चुकी है, जिसमें बोनस दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक पालन नहीं हुआ। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस बीच, नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि महापौर और नगर आयुक्त ने कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की है, और कैबिनेट में प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा जा चुका है। हालांकि कर्मचारियों का कहना है कि दो-तीन माह कुछ वेतन मिला था, लेकिन उसके बाद फिर कटौती शुरू हो गई।

## धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा, 4 दिन दिल्ली-आगरा हाईवे पर नहीं चलेंगे बड़े वाहन

**मथुरा।** दिल्ली से वृंदावन आ रही बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा गुरुवार सुबह 10 बजे मथुरा की सीमा में प्रवेश करेगी। आगरा-दिल्ली हाईवे से यात्रा आने के कारण हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश बुधवार रात से बंद कर दिया गया है। 16 नवंबर तक भारी वाहन हाईवे पर नहीं चलेंगे। इन्हें यमुना एक्सप्रेसवे से होकर गुजारा जाएगा। दिल्ली से मथुरा रूट पर केवल पदयात्री ही चलेंगे। जबकि मथुरा से दिल्ली जाने वाले हाईवे की लेन पर कार और बाइक का आवागमन होगा। पुलिस प्रशासन ने 13 से 16 नवंबर तक हाईवे-19 का रूट डायवर्जन किया है।

छह लेन के हाईवे पर दिल्ली मथुरा मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। जबकि मथुरा-दिल्ली लेन को ही दो भागों में कर हल्के वाहन दिल्ली के लिए रवाना किए जाएंगे। यात्रा में भीड़ अधिक बढ़ने पर कुछदेर के लिए यह मार्ग भी रोका जा सकता है। आगरा-मथुरा से दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी व कामर्शियल वाहन बाद पुल से यूटर्न लेकर बरेली हाईवे से होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे होकर जाएंगे। एसपी यातायात मनोज कुमार ने बताया पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा गुरुवार को कोसीकलां में प्रवेश करेगी। यात्रा को देखते हुए 13 से 16 नवंबर तक हाईवे-19 पर रूट डायवर्जन किया गया है। छह लेन के हाईवे पर दिल्ली से मथुरा तीन लेन मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इसमें किसी भी वाहन को मथुरा की तरफ आने नहीं दिया जाएगा। जबकि तीन लेन के मथुरा-दिल्ली मार्ग में डेढ़-डेढ़ लेन में हल्के वाहनों का आना-जाना कराया जाएगा। ग्वालियर, कानपुर, आगरा की ओर से आने वाले भारी वाहन रैपुरा जाट अंडरपास से यूटर्न लेकर वापस आगरा होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे से निकलेंगे। आगरा से दिल्ली जाने वाले भारी व कामर्शियल वाहन रिफाइनरी के बाद गांव अंडरपास से नवनिर्मित मथुरा-बरेली हाईवे से होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे जा सकेंगे। मथुरा शहर से दिल्ली जाने वाले वाहन जयगुरुदेव अंडरपास, मंडी चौराहा से एनएच-19 आगरा की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। ये सभी वाहन बाद गांव अंडरपास से मथुरा बरेली हाईवे व यमुना एक्सप्रेसवे होकर जा सकेंगे। डीग व कामां की ओर से आने वाले सभी वाहन बरसाना गोवर्धन होते हुए मंडी चौराहा, गोवर्धन चौराहा से यमुना एक्सप्रेसवे होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

## राज्य महिला आयोग सदस्य ने सखी वन स्टॉप सेंटर पर किया औचक निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य रेनू गौड़ ने सखी वन स्टॉप सेंटर पर औचक निरीक्षण किया गया जिसमें महिला आयोग सदस्य द्वारा पीड़िताओं की जनसुनवाई की गई साथ ही उनको जागरूक किया गया कि वह अपनी जीवन को कैसे आत्मनिर्भर बना सके, पीड़िताओं की समस्या की सुनवाई की गई और उनका समाधान किया गया, हब स्टाफ द्वारा पीड़िताओं को आत्म निर्भर, खुद को कैसे मजबूद किया जाए के बारे में बताया गया और साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सखी वन स्टाफ सेंटर, विधवा व ओल्ड एज पेंशन के बारे में बताया गया। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी गई। हब स्टाफ से असिस्टेंट अकाउंट मोहिनी शर्मा अरुण सखी वन स्टॉप सेंटर से काउंसलर शिक्षा सारस्वत, केस वर्कर अंजु, पैरामेडिकल शशिमाला, संगीता पुलिस विभाग से एस आई रजनी कुमारी आदि टीम मौजूद रही।

## फर्जी कॉल सेंटर चलाकर ठगी करने वाले 6 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर एवं थाना साइबर अपराध पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में फर्जी कॉल सेन्टर चलाकर आमजन से निवेश के नाम पर ठगी करने वाले कुल 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को थाना रसूलपुर पुलिस व थाना साइबर अपराध की संयुक्त टीम द्वारा एन.सी.आर.पी की शिकायत का संज्ञान लेते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना रसूलपुर क्षेत्र में नैनी ग्लास चौराह पर स्थित किट कैट रेस्टोरेन्ट के बेसमेन्ट में चलाये जा रहे फर्जी कॉल सेन्टर से 06 अभियुक्त, अभियुक्ता हसनैन पुत्र चमन, इलमा पुत्री गुड्डू, सिमरा पुत्री मौहम्मद आसिफ, अनम पुत्री अनवर सलीम, कशिश पुत्री राजू उर्फ अफजल एवं अजरीन पुत्री मौहम्मद शमीम को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 06 मोबाइल फोन, हायरिंग पम्पलेट करीब 500, एक पीएनटी फोन आठ डायरी चार नोटबुक एक चैक एचडीएफसी बैंक एक पास बुक एचडीएफसी बैंक 06 सिम कार्ड व मोबाइल नम्बरों का डाटा सादा छपे पेज पर बरामद किये गये। अभियुक्त अभियुक्ताओं द्वारा नाम बदल कर आम जनमानस से फोन पर वार्ता कर फर्जी निवेश के माध्यम से साइबर ठगी की जाती थी जो पिछले कई वर्षों से लगातार निवेश के नाम पर ठगी कर रहे थे। घटना के आधार पर अभियुक्त अभियुक्ताओ के विरूद्ध आईटी एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

## आगरा में 55 हजार घरों को बड़ी राहत, मिलेगा शुद्ध पेयजल, योगी सरकार ने उठाया बड़ा कदम

**आगरा।** यमुनापार क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल संकट की समस्या को समाप्त करने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। जल निगम ने पोइया घाट पर यमुना नदी में 85 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) क्षमता का एक विशाल इंटकवेल और उससे जुड़ा 55 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। यह परियोजना यमुनापार के 55 हजार घरों में सुबह और शाम यमुना जल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इसके अंतर्गत पोइया घाट, खंदौली की तरफ यमुना नदी में 85 एमएलडी का इंटकवेल बनेगा, जो नदी में तीन से सात मीटर तक भीतर होगा। वर्तमान में जल निगम की टीम ने मिट्टी के नमूने लेने का कार्य शुरू कर दिया है। जहां भी मिट्टी सख्त होगी, वहीं इसका निर्माण किया जाएगा। इंटकवेल से केवल आधा किलोमीटर की दूरी पर 55 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा। इंटकवेल से सीधा पानी प्लांट में पहुँचेगा, जहाँ इसका शोधन होगा और फिर शुद्ध जल की आपूर्ति यमुनापार के क्षेत्रों में की जाएगी। परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए 231 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी तेजी से चालू हो चुका है। लाइन बिछाने के साथ ही घरों में कनेक्शन देने का काम भी शुरू किया जाएगा। यह कार्य एक से डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य है, जिसके बाद यमुनापार के निवासियों को पेयजल संकट से मुक्ति मिल सकेगी। यमुनापार के कई नए क्षेत्रों में पाइपलाइन न बिछने के कारण, खासकर गर्मी के मौसम में, लोगों को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ता था। निजी टैंकर संचालक भारी मनमानी वसूली करते थे, जिसकी शिकायत प्रतिदिन नगर निगम और कलेक्ट्रेट में पहुँचती थीं। योगी सरकार ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लिया और यह नई पेयजल योजना (प्रथम और द्वितीय) शुरू की गई है, जिससे जल संकट को खत्म किया जा सके। मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार प्रदेश के हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने की प्रतिबद्ध है। जनपद आगरा के 55 हजार घरों में पेयजल उपलब्ध कराने की इस महत्वपूर्ण परियोजना की हर सप्ताह समीक्षा की जा रही है, ताकि कार्य जल्द से जल्द पूरा हो सके।

# आईजीआरएस संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर डीएम ने ली बैठक



**फिरोजाबाद।** आईजीआरएस संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर डीएम रमेश रंजन ने सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला तहसील और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली, उन्होंने इस बैठक में अत्यंत सख्त रूप अपनाते हुए कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा 70 प्रतिशत से कम आईजीआरएस निस्तारण के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया गया है, उन सभी का एक दिन का वेतन काटा जाएगा, इनमें पूर्ति निरीक्षक फिरोजाबाद जसराना ने न तो लोगों से संपर्क किया और न स्थलीय निरीक्षण किया। इस पर डीएम ने इन दोनों को एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए, एक्स एन हाइडल को भी बिना स्थलीय निरीक्षण किये, 14 आईजीआरएस सन्दर्भ पर रिपोर्ट लगाने पर डीएम ने इनका भी एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिए, इसी तरह सभी तहसीलदारों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा जिन तहसीलदारों ने आईजीआरएस के संदर्भों के निस्तारण में भौतिक सत्यापन नहीं किया है, उन सभी के भी एक दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए, इसी तरह अधिशासी अभियंता फरिहा, शिकोहाबाद, टूंडला के आई जी आर एस मामलों में फीडबैक खराब पाए जाने पर डीएम ने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए तथा अधिशासी अभियंता मक्खनपुर के अनुपस्थित रहने पर भी उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में जिस अधिकारी की ओर से लापरवाही देखी गई उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी, आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में सभी अधिकारी क्षेत्रीय भ्रमण करें, जिससे आईजीआरएस मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो सके, शासन का इसके पीछे उद्देश्य है कि पारदर्शिता बड़े और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके, इस दौरान एडीएम न्यायिक, एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता बीएसए एक्श ई एन पीडब्ल्यूडी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन क्विंटल अवैध पटाखा सहित 1 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने 12 कार्टन में 03 क्विंटल अवैध पटाखा भण्डारण करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बुधवार को थाना सिरसागंज पुलिस को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत इटावा रोड स्थित निक्की कन्फेक्शनरी की दुकान के पीछे गोदाम के हिस्से में पटाखे का अवैध भण्डारण है। सूचना पर उपजिलाधिकारी सिरसागंज एवं थानाध्यक्ष सिरसागंज मय पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर उपरोक्त बन्द व खुले कार्टूनों को कब्जा लिया गया तथा अभियुक्त अनिल कुमार केशवानी उर्फ बाबू पुत्र शीतल प्रसाद को गोदाम से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 12 बन्द व खुले छोटे-बड़े कार्टून लगभग 3 क्विंटल आतिशबाजी पटाखे बिना लाइसेंस अवैध रूप से आबादी क्षेत्र में बिक्री हेतु भंडारित किये हुए पाये गये। पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त को वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## टैंक की दीवार के नीचे दबने से मजदूर की मौत

**टूंडला।** निर्माणाधीन पॉली हाउस में काम कर रहे मजदूर की पानी की टैंक की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना रजावली क्षेत्रान्तर्गत गांव बाघई में निमार्णाधीन पॉली हाउस में पानी के टैंक के पास 42 वर्षीय मजदूर भूरी सिंह बघेल काम कर रहा था। तभी अचानक टैंक की दीवार गिर गई। वहीं बैठा भूरी सिंह दीवार के नीचे दब गया। मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। साथ ही उसके परिजनों को सूचना दे दी है। थाना रजावली प्रभारी का कहना है कि पानी के टैंक की दीवार अचानक गिर गई। दीवार के गिरने से मजदूर की दबने से मौत हो गई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है। इसके साथ ही उसके परिजनों को सूचना दे दी है।

## फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर ने किये ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दर्शन



**मथुरा।** फिल्म निमार्ता मधुर भंडारकर बुधवार को ठाकुर श्रीबांके बिहारी महाराज के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। निमार्ता निर्देशक ने अपनी आने वाली फिल्म की सफलता को लेकर ठाकुर जी से मनौती मांगी। राजभोग सेवाधिकारी शैलेन्द्र गोस्वामी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन अर्चन करा कर ठाकुर जी का प्रसादी पटुका भेंट किया। उन्होंने कहा है कि ठाकुर जी की शरण में आकर उन्हें कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। वह हर साल वृन्दावन जरूर आते हैं। पेज 3, फैशन और हीरोइन जैसी चर्चित फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक और लेखक मधुर भंडारकर आज बांके बिहारी महाराज के दरबार में दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म द वाइव्स की सफलता के लिए ठाकुरजी से आशीर्वाद मांगा। सुबह-सुबह वृंदावन पहुंचे मधुर भंडारकर ने परंपरागत विधि से ठाकुरजी की पूजा-अर्चना की। राजभोग सेवाधिकारी शैलेन्द्र गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्हें ठाकुरजी का प्रसादी पटुका भेंट किया। दर्शन के बाद मधुर ने कहा कि मैं हर साल वृंदावन आता हूँ, यह स्थान मेरी आत्मा को शांति देता है। ठाकुरजी की शरण में आकर हर बार मुझे नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। मधुर भंडारकर अब अपनी नई फिल्म ह्लद वाइव्सह्ल के साथ एक बार फिर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉलीवुड की चमक-दमक के पीछे छिपे ग्लैमर वर्ल्ड की सच्चाई को उजागर करेगी। निमार्ता प्रणव जैन के साथ यह उनका दूसरा प्रोजेक्ट है। ह्लद वाइव्सह्ल में मौनी रॉय, सोनाली कुलकर्णी, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभसचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आएंगे। इनमें से कई चेहरे पहले भी मधुर की फिल्मों में अपनी छाप छोड़ चुके हैं।

## नगर निगम के 100 बकायेदारों को कुर्की वारंट जारी

- गृहकर जमा नहीं किया, अवैध कब्जेजदारों को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया

**आगरा।** नगर निगम प्रशासन ने बड़े गृहकर बकायेदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। गृहकर जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों को खिलाफ कुर्की वारंट जारी करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिन संपत्ति स्वामियों या कारोबारियों ने डिमांड नोटिस मिलने के बावजूद 15 दिन के भीतर भुगतान नहीं किया है। अब उनके खिलाफ वसूली की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। हरिपर्वत जोन में अब तक लगभग सौ बकायेदारों को कुर्की वारंट जारी किए जा चुके हैं। कर अधीक्षक अक्षय कुमार ने बताया कि फिलहाल 50 हजार से अधिक के बकायेदारों को ही डिमांड नोटिस भेजे जा रहे हैं। नोटिस की अवधि पूरी होने पर कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद छोटे बकायेदारों से भी वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नगर निगम प्रशासन द्वारा वार्ड 48 स्थित गिहारा बस्ती सुंदर पाड़ा में सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन बस्ती का ही एक व्यक्ति सड़क निर्माण में अड़चन बनकर सामने आ गया है। संजय नाम का यह व्यक्ति खुद को भूमि का पट्टा धारक बताते हुए सड़क निर्माण कार्य रुकवाने की कोशिश कर रहा था। ठेकेदार ने इस मामले की सूचना नगर निगम प्रशासन को दी, जिस पर प्रवर्तन प्रभारी कर्नल राहुल गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर व्यक्ति से भूमि से संबंधित पट्टा या किसी प्रकार का स्वामित्व दस्तावेज नहीं मिला। इस पर प्रवर्तन टीम ने मौके पर ही उक्त व्यक्ति को तीन दिन के भीतर भूमि खाली करने की अंतिम चेतावनी दी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन अब शहर की सुंदरता को बट्टा लगाने वालों के खिलाफ पूरी सख्ती के मूड में है। सफाई व्यवस्था और प्रवर्तन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निगम प्रशासन ने उन अधिकारियों पर भी नजर टेढ़ी कर दी है जो अब तक कार्रवाई में सुस्ती दिखा रहे थे। यही वजह है कि प्रवर्तन कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले 5 एसएफआई (सैनिटरी फील्ड इंस्पेक्टर) से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया कि ऐसे अधिकारी जो दस माह में प्रवर्तन कार्रवाई के नाम पर तीस हजार रुपये से भी कम का जुर्माना वसूल पाए हैं, उनसे जवाब मांगा गया है। यह शहर की स्वच्छता के प्रति गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। बाल दिवस और मिशन शक्ति 5.0 के तहत नगर निगम प्रशासन द्वारा 13 नवंबर को बच्चों के लिए एक विशेष रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नगर निगम परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, वेस्ट टू वंडर व महिलाओं का स्वच्छता में योगदान विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगी। किसी भी स्कूल के विद्यार्थी निशुल्क पंजीकरण कर इसमें भाग ले सकते हैं।

## सनातन हिंदू एकता पदयात्रा आज करेगी मथुरा में प्रवेश

**मथुरा।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 13 नवंबर को जनपद में प्रवेश करेगी। कोटवन बॉर्डर पर यात्रा का पहला पड़ाव सेल्स टैक्स परिसर में खाली पड़ी भूमि पर होगा। जहां तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं। पदयात्रा का 13 नवंबर को जिस जगह दोपहर का पड़ाव होगा, वहां जमीन को समतल किया जा रहा है। कोटवन बॉर्डर पर यात्रा का पहला पड़ाव सेल्स टैक्स परिसर में खाली पड़ी भूमि पर होगा। जहां तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं। पदयात्रा का 13 नवंबर को जिस जगह दोपहर का पड़ाव होगा, वहां खुदाई करने वाली जेसीबी के जरिए जमीन को समतल किया जा रहा है। यात्रा को व्यवस्था देख रहे कोसीकलां प्रभारी अंकित मिश्रा एवं सहयोगी सभासद लवली वर्मा ने बताया कि कोटवन बॉर्डर पर सेल्स टैक्स परिसर और मंडी समिति परिसर में मजदूर जमीनी भट्टी तैयार कर रहे हैं। यहां 15-15 जमीनी भट्टी बनाई जा रही है। इसके अलावा 50 से ज्यादा गैस भट्टी का भी इंतजाम किया जा रहा है। जमीनी भट्टियों पर बड़ी-बड़ी कढ़ाई में दाल, सब्जी बनायी जाएंगी। पदयात्रा में चलने वाले यात्रियों के लिए 300 से ज्यादा हलवाई खाना तैयार करेंगे। तीन स्थानों पर भोजन बनेगा रोटियों की व्यवस्था गोरी गोपाल आश्रम द्वारा की जाएगी वहीं इतने ही लोग अन्य व्यवस्थाओं को देखेंगे। यात्रियों के लिए खाना 15 से ज्यादा जगह पर स्टॉल लगाकर दिया जाएगा। इस दौरान गंदगी न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा। पदयात्रियों के लिए खाना स्टील प्लेट में मिलेगा। डिस्पोजल का प्रयोग नहीं किया जायेगा। पदयात्रा में चलने वाले यात्रियों का उत्तर प्रदेश में रात का पहला पड़ाव मंडी समिति परिसर में रहेगा। मिश्रा ने बताया कि करीब 12 से 15 एकड़ में पड़ाव स्थल पर ही टेंट लगाए जाएगें, जहां यात्री रहेंगे। रात्रि विश्राम के दौरान महाराज जी भी वहीं विश्राम करेंगे। सभी व्यवस्था 12 नवंबर से पहले ही पूरी कर ली जाएंगी।

## छात्र-छात्राओं को स्वाभलंबी बनाने का कार्य कर रही सरकार

**मथुरा।** कोसीकलां नगर के हाइवे स्थित आईटीआई कालेज में उ.प्र. कौशल विकास मिषन के द्वारा केन्द्र का प्रदेश के केबिनेट मंत्री ने फीटा काटकर शुभारंभ किया। केन्द्र पर निशुल्क स्वरोजगार, प्रशिक्षण सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत, केन्द्र के द्वारा किया जाएगा। उक्त केन्द्र पर निशुल्क किबात व डैज्स तथा निशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। मुख्य अतिथि चै. लक्ष्मीनारायण ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कि इस योजना के तहत केन्द्र पर छात्र-छात्राओं को अपनी खुद के पैरों पर खडा होना व अपना व्यापार कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होनो कहा कि सरकार कितने बच्चों को रोजगार दे सकती है, यह सभी के लिए संभव नहीं है, इसलिए सरकार ने छात्र छात्राओं को स्वयं स्वाभलंभी बनाने का कार्य कर रही है, ताकि नौजवान अपने परिवार, क्षेत्र व प्रदेश तथा देश का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान मनोज फौजदार, रिंकी चैधरी, राजवीर सिंह वैनीवाल सहित दर्जनो लोग मौजूद थे।

## पत्नी को भरण-पोषण न देने पर पूर्व मंत्री गिरफ्तार, 40 हजार जमा करने पर रिहा

**आगरा।** मंगलवार को मंटोला पुलिस ने पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक चौधरी बशीर को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया। मामला उनकी पत्नी और दो नाबालिग पुत्रों के भरण-पोषण से संबंधित है। थाना ताजगंज क्षेत्र निवासी उनकी पत्नी ने 23 सितम्बर 2019 को पारिवारिक विवाद के बाद न्यायालय में भरण-पोषण का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं के साथ 10 और 9 वर्ष के दो पुत्रों के लिए भरण-पोषण की मांग की थी। न्यायालय ने 13 फरवरी 2023 को आदेश पारित करते हुए चौधरी बशीर को प्रत्येक को पांच-पांच हजार रुपये मासिक यानी कुल 15 हजार रुपये भरण-पोषण के रूप में अदा करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद पूर्व मंत्री द्वारा भुगतान न करने पर न्यायालय ने उनके विरुद्ध वारंट जारी किया था। पुलिस चौधरी को बशीर की गिरफ्तारी की कोशिशें करती रही, लेकिन वे पकड़ में नहीं आ रहे थे। बताया जाता है कि चौधरी बशीर के घर में मौजूद होने की सूचना मंगलवार को पुलिस मिली। इसके बाद मंटोला पुलिस ने उन्हें घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बशीर को सीधे कोर्ट ले गई। कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने बकाया राशि में से 40 हजार रुपये मौके पर जमा किए और शेष रकम अगली तिथि तक चुकाने का आश्वासन दिया। इसके बाद न्यायालय ने उन्हें रिहा कर दिया। रिहाई के बाद चौधरी बशीर पीछे के रास्ते से एक साथी की स्कूटी पर बैठकर मौके से निकल गए। पूर्व मंत्री चौधरी बशीर सपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं और मंटोला क्षेत्र के निवासी हैं। मामले को लेकर स्थानीय राजनीतिक गलियारों में दिनभर चर्चा बनी रही।

# बिना दर्द व डर के फिर से चलना हुआ मुमकिन

- रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट से नयी उम्मीद




**मथुरा।** भारत में घुटने का दर्द, खासकर ऑस्टियोआर्थराइटिस (ओए) के कारण, बहुत आम समस्या है। यह समस्या अधिकतर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में देखी जाती है, और महिलाओं में इसकी संभावना पुरुषों की तुलना में ज्यादा होती है। मोटापा, पारिवारिक इतिहास या पहले हुए जोड़ों की चोटें इस रोग के खतरे को और बढ़ा देती हैं। धीरे-धीरे बढ़ता दर्द, जकड़न और चलने-फिरने में दिक्कतें व्यक्ति की रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करती हैं और बुजुर्गों में यह विकलांगता का प्रमुख कारण बन जाती है। हालांकि इसका कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन समय पर पहचान और उचित उपचार से लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है। शुरूआती अवस्था में वजन नियंत्रित रखना, हल्की एक्सरसाइज करना, फिजियोथेरेपी, दर्द निवारक दवाएं और डॉक्टर की सलाह से एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं का सेवन काफी मददगार साबित होता है। लेकिन जब ये उपाय कारगर नहीं होते, तब नी रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है।

मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट्स एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग के ग्रुप चेयरमैन एवं चीफ सर्जन डॉ. एस.के.एस. मार्या ने बताया कि अक्सर लोग रोबोट शब्द सुनकर समझते हैं कि मशीन अपने आप सर्जरी करती है, जबकि हकीकत यह है कि सर्जन ही हर प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। रोबोट एक हाई-टेक असिस्टेंट की तरह काम करता है, जो सर्जरी को अत्यंत सटीकता और सुरक्षा के साथ पूरा करने में मदद करता है। इसे ऐसे समझें जैसे सर्जरी के लिए जीपीएस दिशा डॉक्टर तय करता है, पर रोबोट सटीक मार्ग दिखाता है। रोबोटिक-एसिस्टेड नी रिप्लेसमेंट तकनीक ने घुटने के ऑपरेशन को पूरी तरह बदल दिया है। पहले पारंपरिक सर्जरी में सर्जन हाथ से क्षतिग्रस्त हड्डी और कार्टिलेज हटाकर इम्प्लांट लगाते थे, जिसमें थोड़ी ह्यूमन एरर की संभावना रहती थी। लेकिन रोबोटिक तकनीक के साथ, सर्जन कंप्यूटर-गाइडेड सिस्टम से मिलीमीटर की सटीकता के साथ हड्डी काटते हैं और इम्प्लांट लगाते हैं, जिससे जोड़ अधिक नैचुरल और लंबे समय तक टिकाऊ बनता है।

नई तकनीक में सीटी स्कैन की आवश्यकता भी नहीं पड़ती, जिससे मरीज को रेडिएशन से राहत मिलती है। इसके अलावा, यह मिनिमली इनवेसिव सर्जरी होती है। यानी कम चीरा, कम खून बहना, कम दर्द, जल्दी रिकवरी और अस्पताल में कम दिन रुकना। डॉ. मार्या ने आगे बताया कि क्लिनिकल स्टडीज और डॉक्टरों के अनुभव बताते हैं कि इस तकनीक से इम्प्लांट की पोजिशनिंग अधिक सटीक होती है, जिससे घुटने की मूवमेंट प्राकृतिक महसूस होती है। आसपास के टिश्यू को कम नुकसान पहुंचता है, मरीज को जल्दी आराम मिलता है और इम्प्लांट ज्यादा समय तक टिकता है। यह जानना जरूरी है कि सर्जरी में हर निर्णय सर्जन का होता है, रोबोट केवल सहायता करता है।

संक्षेप

## टाटा मोटर्स ने कर्व का नया संस्करण पेश किया

मुंबई। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने आज अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स यूटिलिटी गाड़ी कर्व को नए और उन्नत फीचर्स के साथ लॉन्च किया है। कंपनी ने बेहतर इंजीनियरिंग तकनीक अपनाते हुए कर्व के पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक, सभी मॉडलों में केबिन की जगह बढ़ाई गई है। इससे यात्रियों को पहले से अधिक आराम, सुविधा और बेहतर ड्राइविंग अनुभव मिलेगा। नए संस्करण में कई खास सुविधाएँ जोड़ी गई हैं, जिनमें शामिल हैं, भारत की पहली आर-कम्फर्ट सीटें जो हवा का प्राकृतिक प्रवाह बनाए रखती हैं, रियर सीट के लिए सनशेड स्क्रीन, पीछे बैठने वालों के लिए कप होल्डर, सफेद कार्बन फाइबर जैसी डैशबोर्ड सजावट, और ललितपुर ग्रे रंग के शानदार कृत्रिम चमड़े (लेदरेट) की सीटें। इन सुविधाओं के साथ कर्व यात्रियों को अपने वर्ग में सबसे आरामदायक और प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है। यह नया संस्करण, अब कर्व के अकम्प्लिश्ड मॉडल में 14.55 लाख रुपये से उपलब्ध होगा, जबकि कर्व ईवी के अकम्प्लिश्ड और एमपावर्ड संस्करणों की शुरूआती कीमत 18.49 लाख रुपये रखी गई है। कर्व को दोनों प्रकार की तकनीक, इंजन और इलेक्ट्रिक, में पेश किया गया है।

## आईटेल होम टोटल होम सॉल्यूशंस अब एक ही स्थान पर उपलब्ध

नयी दिल्ली। आईटेल के व्यापक उत्पाद इकोसिस्टम को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराते हुए, उपभोक्ताओं के साथ ब्रांड के जुड़ाव को और सशक्त बनाएगा। टिकाऊ, भरोसेमंद और किफायती तकनीक प्रदान करने के लिए पहचाने जाने वाले आईटेल पर आज देशभर में 11 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं का भरोसा है, और ब्रांड के पास 1000+ सेवा केंद्रों का मजबूत नेटवर्क है। आईटेल अपने विजन, हर व्यक्ति के लिए तकनीक को सुलभ और आकांक्षापूर्ण बनाना, को आगे बढ़ाते हुए, आईटेल होम में स्मार्टफोन, फीचर फोन, स्मार्ट गैजेट्स, एक्सेसरीज, टेलीविजन, होम अप्लायंसेज और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की पूरी श्रृंखला एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है। यह स्टोर आसान पहुँच, सुविधाजनक खरीदारी अनुभव और उपयुक्त मूल्य के साथ छोटे और उभरते शहरों के आधुनिक उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। आईटेल के लिए तकनीक का अर्थ केवल उत्पाद नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सुविधा और खुशी लाना है। आईटेल होम के माध्यम से हम भारत के आकांक्षी उपभोक्ताओं के लिए एक ही स्थान पर सभी आवश्यक तकनीकी समाधान उपलब्ध करा रहे हैं।

## कैनन ने की नैक्स्ट-जनरेशन की इमेजफोर्स सीरीज पेश

नयी दिल्ली। कैनन इंडिया ने आज अपनी इमेजफोर्स सी5100 कलर सीरीज और 6100 मोनो सीरीज लॉन्च की। ये मल्टीफंक्शन डिवाईस आधुनिक वर्कप्लेस की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाईन की गई हैं। ये नैक्स्ट-जनरेशन की एमएफडी व्यवसायों को सुरक्षा, विश्वसनीयता, कनेक्टिविटी और सस्टेनेबिलिटी के साथ बेहतर क्षमताएं प्रदान करेंगी। इनमें इंटैलिजेंट ऑटोमेशन है, जो वर्कफ्लो को आसान बना देता है। महत्वपूर्ण डेटा की रक्षा आधुनिक सुरक्षा विशेषताएं करती हैं। इमेजफोर्स सीरीज में सी5100 कलर सीरीज और 6100 मोनो सीरीज आती है, जो शक्तिशाली और इन्ट्यूटिव अनुभव प्रदान करती है, ताकि व्यवसाय ज्यादा सुगमता से अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकें। भारत में ऑफिस ऑटोमेशन का क्षेत्र बदल रहा है।

## मायबिज बाय मेकमायट्रिप और स्विगी में साझेदारी

बंगलुरु। मेकमायट्रिप के एसएएएस-आधारित कॉरपोरेट बुकिंग प्लेटफॉर्म मायबिज और स्विगी ने आज एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य देश भर में लाखों कॉरपोरेट यात्रियों के लिए भोजन से जुड़े व्यय प्रबंधन को सरल और सुव्यवस्थित बनाना है। टेक-प्रथम दृष्टिकोण के साथ मायबिज भारत में कॉरपोरेट यात्रा के प्रमुख प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित है और 75,000$ कॉरपोरेट्स और एसएमई को सेवाएँ प्रदान करता है। मायबिज ने लगातार उन परिचालन चुनौतियों को हल करके उद्योग में अग्रणी भूमिका निभाई है जो कंपनियों के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं। इस साझेदारी के माध्यम से स्विगी के विस्तृत रेस्तरां नेटवर्क और डिलीवरी इंफ्रास्ट्रक्चर को मायबिज के कॉरपोरेट ट्रैवल इकोसिस्टम से जोड़कर हम व्यावसायिक यात्रा के दौरान भोजन व्यय प्रबंधन की जटिलताओं को सरल बना रहे हैं।

# सेंसेक्स में 595 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन बुधवार को जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 189 अंक की तेजी रही।

वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा को मजबूती मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.69 अंक चढ़कर 84,652.01 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक यानी 0.70 प्रतिशत चढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 239.6 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी ने लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के कारण 180 अंक बढ़कर 25,875 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक 140 अंक की मजबूत बढ़त के साथ खुला और पूरे दिन अपनी बढ़त बनाए रखी। इसके अलावा, एक्जिट पोल से यह संकेत मिला है कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सत्ता में वापसी करेगा, जिससे निवेशकों का उत्साह और बढ़ा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मास्युटिकल, इटर्नल, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। अमेरिकी सरकार के कई विभागों में कामकाज ठप होने के संभावित समाधान को लेकर उम्मीद बढ़ने और अमेरिकी श्रम बाजार में नरमी के संकेतों के बीच फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के साथ, नए जोखिम उठाने की क्षमता के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी आई। उभरते बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो वैश्विक धारणा में सुधार को दर्शाता है। बड़ी कंपनियों का बीएसई लार्जकैप में 0.63 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। वहीं मिडकैप में 0.44 प्रतिशत, जबकि स्मॉलकैप में 0.76 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता की संभावनाओं में सुधार को लेकर उम्मीद और प्रमुख कंपनियों की दूसरी तिमाही की उत्साहजनक नतीजों ने निवेशकों की धारणा को और मजबूत किया।

## सोना 2000 रुपये बढ़कर 127900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में 5540 रुपये की उछाल



नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 2,000 रुपये बढ़कर 127,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ यह जानकारी दी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 127300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जबकि सोमवार को इसका का भाव 125,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। पिछले दो सत्रों में सोने की कीमत में 3,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1300 रुपये बढ़कर 125900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट के बाद मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों के लगभग 4,100 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर स्थिर रहने के कारण सोने में एक और सत्र के लिए सकारात्मक कारोबार हुआ। अमेरिकी सरकार के शटडाउन के खत्म होने की संभावना की उम्मीदों से निवेशकों की कारोबारी धारणा को मजबूती मिल रही है, क्योंकि इससे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी हो सकेंगे, जो दिसंबर की बैठक में फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों के अनुमान के लिए अहम हैं। इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमत भी 5,540 रुपये बढ़कर 161,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को चांदी 1,55,760 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना 4,127.59 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा, जबकि हाजिर चांदी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 51.66 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## कारोबार सुगमता रैंकिंग ने की केरल के निवेशक-अनुकूल परिवेश की पुष्टि

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राष्ट्रीय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में राज्य की लगातार सफलता को गौरव का क्षण बताया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रभावी शासन एवं नवाचार पर आधारित विकास दृष्टिकोण को दिया।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार रात सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि यह उपलब्धि हमारी निरंतर प्रगति को दोहराती है जो राज्य में निवेश-अनुकूल माहौल तैयार करने की दिशा में हो रही है। यह गर्व का क्षण है क्योंकि केरल ने एक बार फिर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन किया है। राज्य को फिर से फास्ट मूवर श्रेणी में स्थान मिला है जो व्यापार सुधार कार्य योजना और अनुपालन बोझ में कमी के तहत हमारी सतत प्रगति को दर्शाता है। नयी दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से यह सम्मान प्राप्त करने के बाद राज्य के उद्योग मंत्री पी. राजीव ने कहा कि यह केरल के व्यापार क्षेत्र में सुधारों के सफल क्रियान्वयन की उल्लेखनीय प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि व्यापार सुधार कार्य योजना 2024 के तहत केरल फास्ट मूवर्स श्रेणी में शीर्ष पर रहा। पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश ने भी केरल के साथ फास्ट मूवर्स श्रेणी में जगह हासिल की जबकि तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र ने आकांक्षी श्रेणी की सूची में जगह बनाई।

# खुदरा मुद्रास्फीति घटकर कई साल के निचले स्तर 0.25 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर कई साल के निचले स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।



माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती और सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में यह गिरावट आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 1.44 प्रतिशत और अक्टूबर, 2024 में 6.21 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में खाद्य मुद्रास्फीति घटकर शून्य से नीचे 5.02 प्रतिशत पर आ गई। एनएसओ ने कहा कि अक्टूबर, 2025 के दौरान कुल मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से जीएसटी दर में कटौती, अनुकूल आधार प्रभाव एवं तेल व वसा, सब्जियों, फलों, अंडे, जूते, अनाज, परिवहन व संचार की महंगाई दर में नरमी के कारण हुई।

## महाराष्ट्र सरकार ने चीनी मिलों के लिए प्रोत्साहन योजना की घोषणा की

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को सहकारी और निजी चीनी मिलों के लिए एक प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। यह उन्हें वित्तीय क्षमता निर्माण में मदद करेगी और इन मिलों के बीच गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन को प्रोत्साहित करेगी। योजना का उद्देश्य गुणवत्ता के मोर्चे पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली इकाइयों को पुरस्कृत करना है। इसे अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष और सहकारी चीनी उद्योग के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू किया गया है।

एक सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य चीनी मिलों की गुणवत्ता में सुधार लाना, प्रतिस्पर्धी गुणवत्ता मानकों वाली मिलों की पहचान करके और उन्हें पुरस्कृत करके वित्तीय क्षमता का निर्माण करना है। इस योजना के तहत, चीनी मिलों का मूल्यांकन नौ प्रमुख मापदंडों के आधार पर प्रतिवर्ष किया जाएगा, जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार दिए जाएंगे। मूल्यांकन मानदंडों में - पिछले तीन वर्षों में किसानों को समय पर 100 प्रतिशत उचित और लाभकारी मूल्य भुगतान, मिल में अन्य विभागों का प्रदर्शन, उच्चतम चीनी रिकवरी दर, प्रति हेक्टेयर उत्पादन, कृत्रिम मेधा का उपयोग और अधिकतम क्षेत्र कवरेज, कम कार्बन उत्सर्जन और उच्च कार्बन क्रेडिट, सरकारी ऋणों का समय पर पुनर्भुगतान, लागत दक्षता, लेखा परीक्षा और समग्र परिचालन दक्षता, कर्मचारी संख्या सीमा और मजदूरी भुगतान शामिल हैं।

# भारत की जीडीपी 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

नयी दिल्ली। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसमें निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी।

वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के चालू वित्त वर्ष में पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति से 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वास्तविक जीडीपी, आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 28 नवंबर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी वृद्धि अनुमानों पर आधिकारिक आंकड़े जारी करेगा। रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहेगी। मांग पक्ष से निजी





खपत, उच्च तथा निम्न आय वाले परिवारों दोनों की स्थिर वास्तविक आय में बढ़ोतरी के कारण वृद्धि का एक प्रमुख चालक है। विनिर्माण क्षेत्र में अनुकूल आधार-आधारित माल निर्यात वृद्धि के साथ-साथ मजबूत सेवा क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के दौरान आपूर्ति पक्ष से जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा दिया। बयान के अनुसार, एजेंसी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में निजी खपत सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह सात प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित आयकर कटौती से भी उपभोग मांग को बल मिला। अगर माल एवं सेवा कर (जीएसई) की दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण खरीदारी के फैसले स्थगित नहीं किए गए होते तो निजी उपभोग और भी तेजी से बढ़ता। बयान के अनुसार, दूसरी तिमाही में निवेश की मांग सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ी है।

## रुपया 16 पैसे टूटकर 88.66 प्रति डॉलर पर

मुंबई। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई संभावनाओं और अमेरिका में लंबे समय से जारी शटडाउन के समाधान की उम्मीदों ने निचले स्तर पर घरेलू मुद्रा को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.61 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 88.56 प्रति डॉलर के उच्च और 88.66 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ। अंततः यह 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.50 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.58 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 595.19 अंक चढ़कर 84,466.51 अंक पर जबकि निफ्टी 180.85 अंक की बढ़त के साथ 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64.28 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 803 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## भारत ने चीन के रबर के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने एक घरेलू विनिर्माता की शिकायत के बाद मुख्य रूप से मोटर वाहन उद्योग में इस्तेमाल होने वाले चीनी रबर के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। आवेदक ने आरोप लगाया है कि हेलो आइसोब्यूटेन व आइसोप्रीन रबर की डंपिंग से घरेलू उद्योग प्रभावित हो रहा है। आवेदक रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स ने चीन से आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। घरेलू उद्योग द्वारा दायर विधिवत प्रमाणित आवेदन के आधार पर तथा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर जो संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद की डंपिंग, घरेलू उद्योग को क्षति तथा ऐसी डंपिंग एवं क्षति के बीच कारणात्मक संबंध को प्रमाणित करता है।

पेज एक का शेष

### घायलों से

घंटों बाद दिल्ली के लाल किला क्षेत्र के पास एक धीमी गति से चलती कार में उच्च तीव्रता वाला विस्फोट हुआ, जिसमें 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर लगभग 2,500 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर जब्त किया। पुलिस की प्राथमिकी में इस घटना को बम विस्फोट बताया गया है, जबकि फोरेंसिक विशेषज्ञ अब इस बात का विश्लेषण कर रहे हैं कि हाल में बरामद सामग्री लाल किले में हुए विस्फोट के रासायनिक संकेत से मेल खाती है या नहीं। फॉरेंसिक दल ने विस्फोट स्थल से लगभग 40 नमूने एकत्रित किए, जिनमें दो कारतूस, गोला-बारूद तथा दो अलग-अलग प्रकार के विस्फोटकों के नमूने शामिल हैं।

### भारतीय हॉकी

सुबोध खांडेकर, रजनीश मिश्र, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एमपी सिंह, जगवीर सिंह, राहुल सिंह, विवेक सिंह, ललित उपाध्याय, दानिश मुतजबा, राजकुमार पाल, प्रेम माया, रंजना श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, पुष्पा श्रीवास्तव, प्रीति दुबे जैसे हॉकी के खिलाड़ियों के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा वर्तमान में भी उत्तर प्रदेश के राजकुमार पाल, उत्तम सिंह, विष्णुकांत सिंह, मुमताज, साक्षी, ज्योति, पूर्णिमा महिला व पुरुष वर्ग की सीनियर-जूनियर भारतीय टीम में चयनित होकर प्रदेश और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं।

### दिल्ली विस्फोट

सरकार ने बुधवार को 25,060 रुपये के व्यय के साथ निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी दे दी। यह मिशन इस वित्त वर्ष से शुरू होगा और छह वित्त वर्ष के लिए होगा। इस मिशन को दो उप-योजनाओं, निर्यात प्रोत्साहन और निर्यात दिशा, के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह एक व्यापक मिशन है और यह पूरे निर्यात परिवेश को सहयोग प्रदान करेगा। कपड़ा, चमड़ा, इंजीनियरिंग, समुद्री और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस कदम से घरेलू निर्यातकों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क से उत्पन्न वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाया है।

### आरोपियों से जुड़ी

राजधानी के सभी पुलिस थानों, चौकियों और सीमा चौकियों पर अलर्ट जारी कर दिया था। यह अलर्ट तब जारी किया गया जब जांच में इस बात का पता चला कि विस्फोट में प्रयुक्त हुंदै आई20 से जुड़े अन्य संदिग्धों के पास एक अन्य लाल रंग की कार भी है। वाहन का पता लगाने के लिए दिल्ली पुलिस की कम से कम पांच टीम तैनात की गयी थीं, जबकि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस को भी कड़ी सतर्कता बरतने और तलाशी में सहायता करने के लिए सतर्क किया गया था। सूत्रों ने बताया कि लाल रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार डॉ. उमर उन नबी के नाम पर पंजीकृत है, जो विस्फोट से पहले कथित तौर पर हुंदै आई20 चला रहा था। कार का पंजीकरण विवरण सभी सीमावर्ती इकाइयों को भेज दिया गया था और तलाशी तेज करने के लिए यह जानकारी उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस के साथ भी साझा की गई थी। संदेह है कि उमर ने इस वाहन का इस्तेमाल टोही गतिविधियों के लिए किया था।

### विस्फोट के

अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से ए श्रेणी की मान्यता प्राप्त हुई। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए, यह पहले चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष 16.37 लाख रुपये और अंतिम वर्ष में नौ लाख रुपये लेता है। दो-बिस्तर वाले छात्रावास के कमरे के लिए यह 3,10,000 रुपये का वार्षिक शुल्क लेता है। अल फलाह स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर ने अपना पहला एमबीबीएस बैच 2019 में शुरू किया, जिस वर्ष इसे राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी मिली थी। हर साल एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए 200 सीटें और एमडी की 50 सीटें हैं। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए 888 सीटें हैं।

### आतंकवादी मॉड्यूल

हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर मारे गए कई छापों के बाद हिरासत में लिया गया। उसे गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। वह इस मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाने वाला नौवां व्यक्ति होगा। जम्मू कश्मीर पुलिस ने 10 नवंबर को हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ मिलकर प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अंसार गजवत-उल-हिंद के सफेदपोश आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अंतरराज्यीय स्तर पर छापेमारी की थी। यहां पुलिस का मानना है कि उन्होंने दोनों आतंकवादी समूहों के विनाशकारी मंसूबों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। अंसार गजवत-उल-हिंद भारत में आईएसआईएस की शाखा है। नई दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद में अल फलाह विश्वविद्यालय के शिक्षक गनई को जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाने के एक मामले में वांछित व्यक्ति घोषित किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। यहीं से जांच शुरू हुई और श्रीनगर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इससे अंतरराज्यीय आतंकवादी नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जांच एक ऐसे आतंकवादी तंत्र की ओर इशारा करती है जिसमें कट्टरपंथी पेशेवर और छात्र शामिल हैं जो पाकिस्तान और अन्य देशों से सक्रिय विदेशी आकाओं के संपर्क में हैं। ये पेशेवर, सामाजिक और धर्मार्थ कार्यों की आड़ में, कथित तौर पर कट्टरपंथ में शामिल करने के लिए लोगों की पहचान करने और बाद में आतंकवादी संगठनों में उनकी भर्ती करने के अलावा, धन जुटाने, रसद की व्यवस्था करने, हथियार और गोला-बारूद तथा आईईडी तैयार करने के लिए सामग्री खरीदने में शामिल थे।

### अब नाइट

144 घंटे प्रति तिमाही कर दिया गया है, जिसका भुगतान डबल वेज रेट पर होगा। यह आदेश 29 श्रेणियों के खतरनाक उद्योगों में भी लागू किया गया है, जिनमें महिलाओं को अब काम करने की अनुमति दी गई है। योगी सरकार का यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अपने करियर में स्वतंत्रता देने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस पहल से महिलाएं अब अपनी शर्तों पर करियर की नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकेंगी, और उन्हें हर कदम पर सुरक्षा और सम्मान की गारंटी मिलेगी।

### जम्मू-कश्मीर

ओजीडब्ल्यू का मतलब उन व्यक्तियों से है जो आतंकवादियों को साजो-सामान उपलब्ध कराते हैं एवं उन्हें गुप्त गतिविधियां चलाने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए, तथा कई जेईआई सदस्यों से पूछताछ की गई और आतंकवाद को सहायता देने वाले नेटवर्क का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में पुलिस ने एक बड़ा समन्वित अभियान चलाया और अन्य सुरक्षा बलों की सहायता से सोपोर, जांगीर और रफियाबाद क्षेत्रों में 30 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी करके पूरे जिले में आतंकवाद और अलगाववादी विरोधी कार्वाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान, प्रतिबंधित संगठन से जुड़े दस्तावेजों, डिजिटल गैजेट्स और मुद्रित सामग्री समेत बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और विस्तृत विश्लेषण के लिए जब्त कर ली गई।

### 150 लोगों का

संवाददाताओं को बताया कि श्रावस्ती जिले के हरदत्तनगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के भयापुरवा गांव में रविवार को लगभग 150 लोग एक सामूहिक धर्मांतरण कार्यक्रम में मौजूद थे। वहां पर लोगों को गहने, अनाज, खाने पीने की वस्तुएं, बीमारी से मुक्ति दिलाने के लिये इलाज और आर्थिक प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी की तो वहां इस क्रियाकलाप के पर्याप्त साक्ष्य मिले।

### उत्तराखण्ड : कैबिनेट

कराए जाएंगे। यह पहल राज्य के युवाओं के लिए करियर और आजीविका दोनों के नए द्वार खोलेगी। उपनल कर्मचारियों के वेतनमान और नियमितीकरण संबंधी विषयों पर निर्णय के लिए एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित की गई है, जो दो माह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मंत्रिमंडल ने राज्य सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों को अधिक राहत देने का निर्णय लिया है।

### एआई तकनीक

अत्याधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देगा। साथ ही, यह प्रदेश में चिकित्सा, कृषि और प्रबंधन जैसे विविध विषयों से भी जोड़कर एक भविष्य-उन्मुख कार्यबल तैयार करने का माध्यम बनेगा। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में भी एआई ने उपचार की दिशा ही बदल दी है। राज्य के प्रमुख अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से शल्य-चिकित्सा अब अधिक सटीक और सुरक्षित हो गई है। एआई-आधारित डायग्नोस्टिक उपकरणों से रोगों की प्रारंभिक पहचान संभव हो रही है, जिससे प्रदेश के शहरी व ग्रामीण अंचल में नागरिकों को समय पर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। महाकुंभ 2025 में प्रयागराज ने दुनिया के समक्ष एआई के वास्तविक अनुप्रयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

### गैर-आवासीय

है। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा नियमावली, 2024 के प्रावधानों में बदलाव किया है। अत्यधिक संवेदनशील हॉस्पिटल (इन्स्टीट्यूशनल ऑक्यूपेन्सी) एवं हाई हैजार्ड इण्डस्ट्रियल भवनों को छोड़कर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए शेष समस्त भवनों भवनों/ऑक्यूपेंसी के अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्रों की वैधता 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने का फैसला किया गया है। सरकार के इन सुधारों से निवेशकों, उद्यमियों एवं आम नागरिकों को काफी लाभ मिलेगा। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की नीति के तहत किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश में निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

## हापुड़ में विस्फोटक बरामद, तीन गिरफ्तार

हापुड़। जिले में दो अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को कथित तौर पर बिना अनुमति के 46 किलोग्राम हाइड्रोफ्लोरिक एसिड और 2.5 किलोग्राम विस्फोटक ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में विस्फोट की घटना के बाद कड़ी सुरक्षा जांच के बीच ये गिरफ्तारियां हुईं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस बरामदगी का दिल्ली विस्फोट मामले या फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल में विस्फोटकों की जब्ती से कोई संबंध है। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर के अनुसार, पुलिस ने मंगलवार देर शाम नियमित जांच के दौरान पिलखुवा क्षेत्र में हिनालापुर बंबा पुलिया के पास खड़े एक व्यक्ति को रोका। उस व्यक्ति की पहचान मुरादाबाद जिले के कांठ निवासी शोएब के रूप में हुई, जो एक बड़ी प्लास्टिक की कैन ले जा रहा था।

# महिलाओं ने निर्णायक मतदान किया : भाजपा



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में महिलाओं का भारी संख्या में मतदान करना एक ऐतिहासिक परिवर्तन है तथा दावा किया कि उन्होंने विकास और सुशासन के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में निर्णायक वोट दिया। भाजपा ने कहा, 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन के लिए सत्ता-समर्थक रुझान भारतीय लोकतंत्र में एक नया आयाम बन गया है, एक ऐसा चलन जो पहले कभी नहीं देखा गया।

निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में कुल 66.91 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 1951 में हुए पहले राज्य चुनावों के बाद से सबसे अधिक है। राज्य के इतिहास में इस बार सबसे ज्यादा महिला मतदाताओं ने मतदान किया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, छह नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 69.04 रहा, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 61.56 रहा। वहीं, मंगलवार को हुए दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में महिलाओं ने फिर से बड़ी संख्या में मतदान किया, जो 74.03 प्रतिशत रहा जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 64.1 रहा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि महिला मतदाताओं का अभूतपूर्व मतदान इस बात का संकेत है कि उन्होंने राजग के पक्ष में मतदान किया।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी में से एक को चुनने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में से एक को चुनने का भी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता से कहा, अगले 48 घंटे में नतीजे आ जाएंगे राजग की ओर सकारात्मक रुख है। बिहार में मतगणना 14 नवंबर को होनी है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने अनंतिम मतदाता आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए एक्स पर कहा, कुल पुरुष-महिला अनुपात में महिलाओं का प्रतिशत 71.6, जबकि पुरुषों का प्रतिशत 62.8 रहा। महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों के मतदान प्रतिशत से 7.48 प्रतिशत अधिक रहा। दूसरे चरण में, महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों के मतदान प्रतिशत से 9.93 प्रतिशत अधिक रहा। इसकी तुलना बिहार के पहले विधानसभा चुनाव (1952) से कीजिए, जब महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले छह प्रतिशत कम था। यह बदलाव ऐतिहासिक है।

## मतगणना से पहले नीतीश कुमार ने टेका दरगाह, मंदिर और गुरुद्वारे में मत्था

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को पटना में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन किए। उन्होंने दरगाह, मंदिर और गुरुद्वारे में मत्था टेका तथा राज्य में शांति एवं सद्भाव की कामना की। सुबह मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास से निकले और सबसे पहले पटना उच्च न्यायालय परिसर में स्थित मजार पर पहुंचे। वहां उन्होंने पारंपरिक तरीके से चादरपोशी की और राज्य में अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद वह पटना जंक्शन स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और प्रसाद चढ़ाया।

# जनजातीय समुदाय के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने की योजना पर काम जारी: गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि मंत्रालय आदिवासियों द्वारा विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने की योजना पर काम कर रहा है। गोयल ने आदिवासी व्यापार सम्मेलन में आदिवासी उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक योजना पर काम चल रहा है। चाहे ई-कॉमर्स के माध्यम से हो या अंतरराष्ट्रीय गोदाम बनाकर, ताकि आपके उत्पाद वहां प्रदर्शित हो सकें, आपके उत्पाद वहां उपलब्ध हो सकें और लोग आकर उन्हें खरीद सकें। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने जनजातीय मामलों के मंत्रालय के लिए धन आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

गोयल ने यह भी सुझाव दिया कि उद्यमी उन वस्तुओं की पहचान करें जिन्हें भौगोलिक संकेतक (जीआई) के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। भौगोलिक संकेतक के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं को 10 वर्षों के लिए कानूनी संरक्षण प्राप्त होता है। बुधवार को यशोभूमि में संपन्न हुए जनजातीय व्यापार सम्मेलन का उद्देश्य जनजातीय उद्यमिता को मजबूत करना और समावेशी वृद्धि को गति देना था। डीपीआईआईटी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन में जनजातीय क्षेत्रों में उद्यम-आधारित विकास को गति देने पर एक दिवसीय संवाद के लिए 250 से अधिक जनजातीय उद्यमियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में एमएसएमई, कौशल विकास एवं उद्यमिता, वस्त्र, कृषि और ग्रामीण विकास जैसे मंत्रालयों की सक्रिय भागीदारी रही। इस मौके पर जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि सरकार इन उद्यमियों के विकास के लिए काम करने को प्रतिबद्ध है।

## संक्षेप

### सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके सरगना समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीआरआई के एक अधिकारी के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि भारत में सोने की तस्करी करने और इसे ग्रे मार्केट (अवैध कारोबार से जुड़ा बाजार) में बेचने की एक सुनियोजित साजिश थी, जिसमें आयात नियमों का उल्लंघन किया गया और सरकारी राजस्व की चोरी की गई। तस्करों के पास से 15 करोड़ रुपये का सोना बरामद भी किया गया है। डीआरआई की मुंबई जोनल इकाई को मुंबई में सोने की तस्करी और इस धातु को पिघलाने वाले गिरोह के संचालन के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर, डीआरआई की टीमों ने सोमवार को शहर में चार स्थानों पर एक साथ तलाशी ली, जिसमें सोने को पिघलने वाली दो अवैध इकाइयों और दो अपंजीकृत दुकानों का पता चला। अधिकारी ने बताया कि उन्हें एक पूरी तरह सक्रिय इकाई मिली, जहां तस्करी किए गए सोने को पिघलाकर अन्य रूपों जैसे बार में परिवर्तित किया जा रहा था। सोना पिघलाने वाली इकाइयों से कुल 6.35 किलोग्राम सोना जब्त किया गया।

# भारत, बोत्सवाना ने चीता स्थानांतरण समझौते की घोषणा की



गबोरोन (बोत्सवाना)। भारत और बोत्सवाना ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की राजकीय यात्रा के दौरान अफ्रीकी राष्ट्र से आठ चीतों को स्थानांतरित करने की योजना की औपचारिक घोषणा की। मुर्मू ने बोत्सवाना के राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको और दुनिया के सबसे बड़े हीरा उत्पादक देशों में से एक के लोगों को इस सद्भावना के लिए धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया, हम उनकी (चीतों की) अच्छी देखभाल करेंगे।

बोको ने कहा कि उनका देश बृहस्पतिवार को प्रतीकात्मक रूप से चीतों को महामहिम (मुर्मू) को सौंपेगा। दोनों राष्ट्राध्यक्ष एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पकड़े गए आठ चीतों को मोकोलोडी प्राकृतिक अभयारण्य में एक पृथकवास परिसर में छोड़ा जाएगा, जो इन्हें प्रोजेक्ट चीता के भाग के रूप में और वन्यजीव संरक्षण के लिए एक पारस्परिक पहल के तहत बोत्सवाना द्वारा भारत को प्रतीकात्मक रूप से सौंपे जाने का साक्ष्य होगा। कालाहारी रेगिस्तान स्थित घांजी शहर से इन चीतों को गबोरोन से 10 किलोमीटर दक्षिण में स्थित प्राकृतिक अभयारण्य में लाया गया है। बोत्सवाना चारों तरफ से जमीन से घिरा राष्ट्र है, जिसका 70 प्रतिशत भूभाग कालाहारी रेगिस्तान के दायरे में आता है। मुर्मू ने कहा, मुझे यह जानकर विशेष खुशी हो रही है कि बोत्सवाना, भारत सरकार की एक अनूठी वन्यजीव संरक्षण पहल प्रोजेक्ट चीता के तहत भारत में चीतों को फिर से भेजने जा रहा है। उन्होंने यहां राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, मैं राष्ट्रपति और बोत्सवाना के लोगों की आभारी हूं कि वे अपने चीते भारत भेज रहे हैं। हम उनकी अच्छी देखभाल करेंगे। मुर्मू मंगलवार को तीन-दिवसीय राजकीय यात्रा पर बोत्सवाना पहुंचीं। दक्षिणी अफ्रीका स्थित इस देश की किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली यात्रा है। बोत्सवाना के राष्ट्रपति बोको ने कहा कि जैव विविधता सहयोग के एक भाग के रूप में, उपहारस्वरूप चीते सौंपने का कदम भारत में इनकी आबादी के पुनरुत्थान में सहायता करेगा। दोनों राष्ट्र प्रमुखों ने दोनों पक्षों के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद यह टिप्पणी की। सत्रह सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान के एक विशेष बाड़े में छोड़ा था, जो एक बड़ी जंगली मांसाहारी प्रजाति के विश्व के पहले अंतरमहाद्वीपीय स्थानांतरण को चिह्नित करता है। बाद में, भारत ने फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते और मंगाए थे।

# तेहरान में मोटरसाइकिल चलाती महिलाएं सामाजिक बदलाव का संकेत



तेहरान। जब मेरात बेहनाम ने पहली बार इतना साहस जुटाया कि वह अपनी पीली स्कूटर पर ईरान की राजधानी की जाम भरी सड़कों से होते हुए अपनी कॉफी शॉप तक जाए तो यातायात उनकी मुख्य चिंता नहीं थी।

उन्होंने खुद को लोगों की घूरती निगाहों और फिकरेबाज़ी के लिए पहले से ही तैयार कर लिया था। इससे भी ज्यादा परेशान करने वाली बात ये थी कि तेहरान में मोटरसाइकिल चलाने वाली महिला होने के कारण पुलिस द्वारा उन्हें रोका जा सकता था। ईरान में कट्टरपंथी और रूढ़िवादी मौलवी लंबे समय से महिलाओं के इस कदर घूमने के खिलाफ रहे हैं। लेकिन 38 वर्षीय बेहनाम ने घर से निकलने पर पाया कि उन्हें सड़क पर व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है - और यह ईरान में सामाजिक अपेक्षाओं के बारे में महिलाओं के व्यापक पुनर्विचार का हिस्सा है। जून में 12 दिनों के ईरान-इजराइल युद्ध के बाद ईरान द्वारा बुद्धिजीवियों पर की जा रही कार्वाई के तहत कट्टरपंथी राजनेता हिजाब या हेडस्कार्फ पर कानून लागू करने की मांग कर रहे हैं - लेकिन यह एक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। बेहनाम ने हाल ही में अपने कैफे तक पहुंचने के बाद एसोसिएटेड प्रेस को बताया, "यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी," मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं। शुरुआत में, मैं काफी तनाव में थी, लेकिन धीरे-धीरे लोगों के व्यवहार और उनकी प्रतिक्रियाओं ने मुझे बहुत प्रोत्साहित किया। बेहनाम ने कहा कि पहली बार, एक पुलिस अधिकारी ने - दरअसल, एक ट्रैफिक अधिकारी ने - मुझे प्रोत्साहित किया जिससे मैंने सुरक्षित महसूस किया।

# सीतारमण ने की द्विपक्षीय निवेश संधि पर चर्चा



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल फलीह से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय निवेश संधि के बारे में चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि पर चर्चा की और मजबूत दोतरफा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को खोलने और आपसी सहयोग को और गहरा करने के लिए बीआईटी को जल्द से जल्द पूरा करने की भी मांग की। भारत, सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि सऊदी अरब, भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब डॉलर का रहा, जिसमें भारतीय निर्यात 11.76 अरब डॉलर और आयात 30.12 अरब डॉलर का रहा। एमएसएमई क्षेत्र ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट-पूर्व सुझावों के तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष के संदर्भ में सरकार से समर्थन की मांग की। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान, सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) ने ऋण तक आसान पहुंच और उनके लिए निर्यात बाजार तलाशने में मदद की भी मांग की। बैठक का उद्देश्य एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए विचार और सुझाव प्राप्त करना था। इसमें लघु उद्योग भारती, चमड़ा निर्यात परिषद, तिरुपुर निर्यातक एवं निर्माता संघ, भारत एसएमई फोरम, अखिल भारतीय प्लास्टिक निर्माता संघ और महिला उद्यमी परिसंघ के प्रतिनिधि शामिल हुए। एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और कृषि के बाद दूसरे सबसे बड़ा रोजगाार देने वाला (नियोक्ता) क्षेत्र हैं। यह क्षेत्र, जो 12 करोड़ लोगों को रोजगार देता है, भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30 प्रतिशत, विनिर्माण उत्पादन में 45 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत का योगदान देता है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव और वित्त मंत्रालय तथा एमएसएमई मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। यह बजट पूर्व परामर्श की श्रृंखला का तीसरा सत्र है जो वित्त मंत्रालय बजट को अंतिम रूप देने से पहले प्रतिवर्ष आयोजित करता है। इस सप्ताह की शुरुआत में, वित्त मंत्री ने क्रमशः पहले और दूसरे दौर की चर्चाओं के तहत अर्थशास्त्रियों और कृषि क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जो लगातार अपना नौवां बजट पेश करेंगी।

## इंटरटेनमेंट...

### मंगलुरु में लॉन्च हुआ 'कोरगज्जा' का गाना




मुंबई। मंगलुरु में शनिवार को निर्देशक सुधीर अत्तावर की फिल्म कोरगज्जा का गाना लॉन्च किया गया। यह फिल्म श्रद्धा, न्याय और सत्य के प्रतीक कोरगज्जा पर आधारित अब तक की पहली फीचर फिल्म है। फिल्म में मुख्य भूमिका में कबीर बेदी नजर आएंगे, जिन्होंने उद्यावर प्रांत के राजा का किरदार निभाया है, जबकि मशहूर कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने फिल्म के एक गाने पर खुद डांस किया है।

इतना ही नहीं जाने-माने डांसर और एक्टर संदीप सोपारकर भी फिल्म में एक बिल्कुल अलग और प्रभावशाली भूमिका में नजर आएंगे। निर्देशक सुधीर अत्तावर ने कहा कि फिल्म को बनाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन टीम की मेहनत और विश्वास से यह संभव हो सका। कोरगज्जा केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि संस्कृति और आस्था को समर्पित प्रयास है। उन्होंने आगे बताया कि पिछले 10-15 सालों से कई प्रोड्यूसर और डायरेक्टर कोरगज्जा पर फिल्म बनाने का प्रयास कर रहे थे। शूटिंग भी शुरू हुई थी, लेकिन किसी कारणवश फिल्म कभी पूरी नहीं हो पाई। जब मैं भी यह फिल्म बनाने गया, तो लोगों ने कहा कि आप इसे नहीं बना सकते। इसको लेकर काफी विवाद भी हुआ था। यह फिल्म त्रिविक्रम सिनेमा और सक्सेस फिल्म्स के बैनर तले बनी है।

यह फिल्म छह भाषाओं - कन्नड़, मलयालम, हिंदी, तेलुगु, तमिल और तुलु में रिलीज होगी। इसका संगीत गोपी सुंदर ने दिया है और गीतों के बोल सुधीर अत्तावर लिखे हैं। संगीत जी म्यूजिक कंपनी द्वारा जारी किया गया। फिल्म में श्रेया घोषाल, सुनिधि चौहान, शंकर महादेवन, जावेद अली, शेरोन प्रभाकर और स्वरूप खान जैसे नामचीन गायकों ने अपनी आवाज दी है। कुल 31 गीत छह भाषाओं में रिकॉर्ड किए गए हैं, जो फिल्म को और भी भव्य बनाते हैं। फिल्म के निमार्ता और संपादक विद्याधर शेट्टी ने इस बड़े प्रोजेक्ट को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई। अलग-अलग भाषाओं और मुश्किल जगहों पर शूटिंग को सफल बनाने में उनका बड़ा योगदान रहा।

### शादी की भी एक्सपायरी डेट होनी चाहिए : काजोल



**मुंबई।** टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल के हालिया एपिसोड में विक्की कौशल और कृति सेनन गेस्ट के रूप में नजर आए। शो के दौरान एक दिलचस्प चर्चा हुई, जब काजोल ने कहा कि शादियों की भी एक एक्सपायरी डेट होनी चाहिए। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी जोड़ा कि इसके बाद रिन्यू करने का ऑप्शन भी होना चाहिए। दरअसल, एक सेगमेंट में ट्विंकल ने सवाल पूछा क्या शादी की कोई एक्सपायरी डेट और रिन्यूअल ऑप्शन होना चाहिए? इस पर कृति सेनन, विक्की कौशल और ट्विंकल खन्ना तीनों ने असहमति जताई और रेड जोन में खड़े हो गए, जबकि काजोल ने इस विचार का समर्थन करते हुए ग्रीन जोन की ओर कदम बढ़ाए। इस पर ट्विंकल ने मजाकिया अंदाज में कहा, नहीं, ये शादी है वॉशिंग मशीन नहीं। जवाब में काजोल ने कहा, मुझे तो बिल्कुल लगता है कि ऐसा होना चाहिए। कौन गारंटी दे सकता है कि आप सही व्यक्ति से, सही समय पर शादी करेंगे?

### एक्टर धर्मेंद्र अस्पताल से डिस्चार्ज



**मुंबई।** डिस्चार्ज होने के बाद धर्मेंद्र एम्बुलेंस से घर गए। पुलिस ने मीडिया की एंट्री रोकने के लिए उनके घर के पास की गली बंद कर दी है। एक्टर धर्मेंद्र को बुधवार सुबह मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। उनके परिवार ने फैसला किया है कि अब उनका इलाज घर पर ही किया जाएगा। यह जानकारी उनके डॉक्टर ने दी। मीडिया से बात करते हुए डॉ. प्रतीत समदानी ने बताया कि धर्मेंद्र पिछले कई हफ्तों से कभी अस्पताल में भर्ती हो रहे थे, तो कभी घर लौट रहे थे। उन्हें सुबह करीब 7:30 बजे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। डॉ. प्रतीत समदानी आंतरिक रोगों और गंभीर मरीजों की देखभाल (क्रिटिकल केयर) के विशेषज्ञ हैं। धर्मेंद्र जी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और अब वे घर पर आराम करेंगे।

> डॉक्टर बोले- परिवार घर पर इलाज चाहता है, सांस की दिक्कत के कारण 2 दिन पहले भर्ती हुए थे

### अरशद ने की आर्यन खान के निर्देशन की तारीफ



**मुंबई।** अरशद वारसी हाल ही में आर्यन खान की वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में नजर आए। इसमें उन्होंने गफूर का किरदार निभाया। एक इंटरव्यू में अरशद ने कहा कि इस भूमिका की सफलता का पूरा श्रेय आर्यन खान को जाता है। टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में अरशद ने कहा, आर्यन खान, जो इस सीरीज के निर्देशक हैं बहुत ही खास व्यक्ति हैं। वे उन निर्देशकों में से हैं जिनके दिमाग में हमेशा एक फिल्म चलती रहती है।

मैंने सीरीज में छोटा सा रोल इसलिए किया क्योंकि मुझे आर्यन और शाहरुख पसंद हैं, लेकिन इसका असर बहुत बड़ा हुआ। उनके साथ काम करते हुए मुझे यह एहसास हुआ कि आर्यन उन निर्देशकों में से हैं जिनकी बात सुनकर आप सच में उसका पालन करना चाहते हैं। अरशद वारसी ने आगे बताया कि उनके किरदार में जो कुछ भी देखा गया, वह सब आर्यन ने ही लिखा और कल्पना किया था। इस गाने और उनके किरदार गफूर की सफलता पूरी तरह आर्यन के कारण है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि आर्यन में निर्देशक बनने की सभी खूबियां हैं। बताते चलें कि सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड से आर्यन खान ने डायरेक्टोरियल डेब्यू किया है। सीरीज कई वजहों से विवादों रही। पहला विवाद रणबीर कपूर के बिना डिस्क्लेमर के ई-सिगरेट पीने पर हुआ है। और दूसरा विवाद समीर वानखेड़े की छवि बिगाड़े जाने के आरोपों से है।

> गफूर की सफलता का श्रेय आर्यन को जाता है, वह बहुत खास व्यक्ति हैं




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com